CMYK

तापमान
अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 11°C

सेंसेक्स 75,967.39
निफ्टी 22,945.30

सोना 88,120
चांदी 100,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 20 फरवरी 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 41 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com  माघ फाल्गुन पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2081  21 शाबान 1446 हिजरी  नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## सऊदी अरब में अमेरिका-रूस वार्ता बहुत अच्छी रही: ट्रम्प

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## गिल और तीक्षणा एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष पर

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### उत्तराखंड कैबिनेट की राज्य में भू-कानून संशोधन विधेयक को मंजूरी

# राज्य की संस्कृति और मूल स्वरूप की रक्षक प्रदेश सरकार: धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार की मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य में सशक्त भू-कानून संशोधन विधेयक को मंजूरी मिल गई है। इस भू-कानून संशोधन विधेयक को विधानसभा में चल रहे बजट सत्र में पेश किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में पहले से अस्तित्व में चल रहे भू-कानून में धामी कैबिनेट में कुछ संशोधन करके सख्त प्रावधान किए गए हैं। राज्य में देहरादून और विशेषतौर पर पर्वतीय इलाकों में कृषि भूमि की राज्य के बाहर के लोगों द्वारा खरीद-फरोख्त को देखते हुए एक सशक्त भू-कानून की मांग लगातार उठती रही है। पिछले दिनों भी इसको लेकर विभिन्न संगठनों द्वारा आवाज उठाई गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश की जनता की लंबे समय से उठ रही मांग और उनकी भावनाओं का पूरी तरह सम्मान करते हुए आज कैबिनेट ने सख्त भू-कानून को मंजूरी

-शेष पृष्ठ दो पर...



### उत्तराखंड में राजकीय सम्मान से होगी पूर्व विधायकों की अंत्येष्टि

**देहरादून।** सीएम धामी ने कहा कि समाज में काम करने वालों की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से हो, हमारा ये प्रयास होता है। सीएम ने सदन में घोषणा की कि जो भी पूर्व विधायक होंगे या समाज में उल्लेखनीय काम किया होगा, उनकी अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से की जाएगी। बुधवार को सदन में बसपा विधायक शहजाद की मांग पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन में घोषणा की कि अब पूर्व विधायकों सहित समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

### नए भू-कानून के प्रमुख प्रावधान!

1- पूर्व सरकार द्वारा 2018 में लागू किए गए प्रावधानों को नए कानून में किया गया समाप्त।

2- हरिद्वार व उधमसिंह नगर को छोड़कर राज्य के 11 अन्य जिलों में राज्य के बाहर के व्यक्ति कृषि बागवानी की भूमि नहीं खरीद पाएंगे।

3- पहाड़ी इलाकों में भूमि का सही उपयोग सुनिश्चित करने और अतिक्रमण रोकने के लिए चकबंदी और बंदोबस्ती की जाएगी।

4- जिलाधिकारी व्यक्तिगत रूप से भूमि खरीद की अनुमति नहीं दे पाएंगे।

5- जमीन खरीद के लिए पोर्टल बनाया जाएगा, ऑनलाइन पोर्टल से होगी भूमि खरीद की निगरानी।

6- बाहरी लोगों को जमीन खरीदने के लिए शपथ पत्र देना

-शेष पृष्ठ दो पर...

# सियासी स्वार्थ को सनातन व भारत को बदनाम न करे विपक्ष : योगी

**लखनऊ, वार्ता**



महाकुंभ को लेकर विपक्षी दलों पर मिथ्या प्रलाप का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपील की कि विपक्ष राजनीतिक स्वार्थ के लिए पुरातन सनातन संस्कृति और भारत को बदनाम न करे।

योगी ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि आप भारत को क्यों बदनाम कर रहे हैं। मुझे अफसोस है कि आप भाजपा से लड़ते-लड़ते भारत से लड़ने लगे। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के वक्तव्य 'हमारा देश कभी विकसित भारत नहीं बन सकता' को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए अखबार में छपी एक खबर दिखाई और बोले कि एक राजनीतिक दल अपने देश के प्रति इतनी दुर्भावना रखता है। अब तो लोग भी कहने लगे कि राहुल गांधी की उपस्थिति देश और अखिलेश यादव की उपस्थिति उत्तर प्रदेश में भाजपा के जीत की गारंटी है। यह गारंटी उपचुनाव ने दे दी है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। शालीनता व मर्यादा से अपनी बात रखिए, लेकिन जीवित लोगों को मृतक न बताइए।

## बालाघाट में पुलिस मुठभेड़, चार महिला नक्सली ढेर

**बालाघाट/भोपाल।** मध्य प्रदेश के नक्सली प्रभावित बालाघाट जिले के जंगल में बुधवार को पुलिस ने मुठभेड़ में चार महिला नक्सलियों को मार गिराया। घटनास्थल से काफी मात्रा में हथियार और अन्य सामग्री मिली है। राज्य के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने बताया कि छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा से लगे बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र के जंगली क्षेत्र में मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए कहा कि चार महिला नक्सली मारी गई हैं। जंगल क्षेत्र में बुधवार को दिन में काफी देर तक मुठभेड़ चली। चार महिला नक्सलियों के शव बुधवार को दोपहर तक पुलिस को मिल चुके हैं। इस बीच सीएम डा. मोहन यादव ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में गृह मंत्री अमित शाह ने वर्ष 2026 तक देश से नक्सलियों के सफाए का संकल्प लिया है और इसके अनुरूप मध्य प्रदेश में भी कार्रवाई चल रही है। आज के मुठभेड़ स्थल बालाघाट जिले के जंगल से हथियार भी मिले हैं।

## आपदा प्रभावित पांच राज्यों के लिए 1554 करोड़ मंजूर

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्च-स्तरीय समिति ने वर्ष 2024 के दौरान बाढ़, आकस्मिक बाढ़, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान से प्रभावित पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से 1554.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को बुधवार को मंजूरी दी। गृह मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र सरकार का यह कदम प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने वाले इन पांच राज्यों के लोगों की मदद करने के संकल्प को दर्शाता है। उच्च-स्तरीय समिति ने पांच राज्यों को 1554.99 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी है, जो वर्ष के लिए राज्य आपदा मोचन कोष में उपलब्ध प्रारंभिक शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन है। 1554.99 करोड़ रुपये की कुल राशि में से आंध्र प्रदेश के लिए 608.08 करोड़ रुपये, नागालैंड के लिए 170.99 करोड़ रुपये, ओडिशा के लिए 255.24 करोड़ रुपये, तेलंगाना के लिए 231.75 करोड़ रुपये और त्रिपुरा के लिए 288.93 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

## ज्ञानेश कुमार ने सीईसी का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** नवनियुक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डा. विवेक जोशी ने बुधवार को यहां अपना कार्यभार संभाल लिया। ज्ञानेश कुमार भारत के 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त हैं। उन्होंने राजीव कुमार का स्थान लिया है, जिनका कार्यकाल मंगलवार को सम्पन्न हुआ। ज्ञानेश कुमार का निर्वाचन आयोग के मुख्यालय पर निर्वाचन आयुक्त डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशी ने स्वागत किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नई जिम्मेदारी संभालने के बाद एक संक्षिप्त संदेश में नागरिकों विशेषकर युवा नागरिकों के लिए कहा कि उन्हें मतदान की जिम्मेदारी जरूर निभानी चाहिए।

# बड़े वकील के नाम पर सुनवाई स्थगित नहीं करेंगे: सुप्रीम कोर्ट

### शीर्ष अदालत ने अधिवक्ता को फटकार लगाते हुए दी नसीहत

**नई दिल्ली, वार्ता**



- शीर्ष अदालत ने एक व्यवसायिक विवाद के मामले में सुनवाई के दौरान की तल्ख टिप्पणी
- सीईसी और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई टली

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान वकील ने पीठ से सुनवाई स्थगित करने की मांग की, क्योंकि एक वरिष्ठ वकील सुनवाई में शामिल होने वाले थे। इस पर पीठ ने वकील को फटकार लगाई और सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि किसी बड़े वकील का नाम लेकर आप मामले की सुनवाई स्थगित करा लेंगे, तो आपका ये सोचना गलत है।

जस्टिस अभय एस. ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने एक व्यवसायिक विवाद के मामले में सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की। दरअसल सुनवाई के दौरान पेश हुए एक वकील ने कोर्ट से अपील की कि सुनवाई को चार हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया जाए, क्योंकि वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे इस मामले में आगे सुनवाई में शामिल होंगे। वकील ने बताया कि साल्वे अभी विदेश में हैं और जब वे वापस भारत लौटेंगे, तो सुनवाई में शामिल होंगे।

इस पर पीठ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि क्या आपको ऐसा लगता है कि हम मामले की सुनवाई इसलिए स्थगित कर देंगे, क्योंकि आपने एक वरिष्ठ वकील का नाम लिया है? वकीलों को ये आदत छोड़नी होगी। हम इस आधार पर सुनवाई स्थगित नहीं कर सकते। पीठ ने कहा कि हम इस सोच को खत्म करना चाहते हैं। हालांकि बाद में पीठ ने वकील की अपील को स्वीकार कर लिया और मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। हरीश साल्वे देश के जाने-माने वकील हैं और कई हाई प्रोफाइल मामलों से जुड़े रहे हैं।

इससे पहले जनवरी में भी अदालत ने एक वकील को फटकार लगाई थी, क्योंकि वकील अपनी कार से ही सुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए थे। अदालत ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए वकील को फटकारा था और अदालत की गरिमा बनाए रखने का निर्देश दिया था।

दूसरी ओर सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई स्थगित कर दी है, जिसमें चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया था।इससे पहले कोर्ट ने मंगलवार को कहा था कि वह मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्तियों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर 19 फरवरी को प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करेगा।

### श्रीशैलम मंदिर मामले में आंध्र प्रदेश सरकार के फैसले पर सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम मंदिर के बाहर गैर-हिंदुओं को दुकान खोलने व चलाने के आवेदन पर रोक के मामले पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। रोक लगाने के आंध्र प्रदेश सरकार के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने बाजार के नवीनीकरण और संचालन के लिए टेंडर करने की प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति को बहाल रखा। जस्टिस अभय एस. ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने श्रीशैलम मंदिर की दुकानों के मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि हमें इस बात की गारंटी चाहिए कि आप इस सरकारी आदेश पर कोई कार्रवाई नहीं करेंगे? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार का आदेश गैर-हिंदुओं को मंदिर के पास दुकानों के लिए आवेदन करने और किए गए आवेदनों पर विचार किए जाने से रोकता है। ऐसे में फिलहाल के लिए यह उचित होगा कि इस पर रोक लगाई जाए। सुनवाई के दौरान आंध्र प्रदेश सरकार के वकील ने कहा कि कोर्ट हमें अतिरिक्त हलफनामा दाखिल करने के लिए समय दें। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य को अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति देते हुए कहा। अब मुख्य मामले की सुनवाई की अगली तारीख पर ही इस अर्जी पर भी सुनवाई होगी।

# रेखा गुप्ता होंगी दिल्ली की सीएम

### रामलीला मैदान में आज सुबह 11 बजे होगा शपथ ग्रहण

**नई दिल्ली, वार्ता**



- भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक में विधायक दल की नेता का चुनाव किया गया

दिल्ली में मुख्यमंत्री के नाम को लेकर बना सस्पेंस खत्म हो गया है। रेखा गुप्ता को राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया है। रामलीला मैदान में (आज) गुरुवार 20 फरवरी को सुबह करीब 11.00 बजे दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण कार्यक्रम शुरू होगा।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना दोपहर 12.35 बजे नए मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल को शपथ दिलाएंगे। पहले यह कार्यक्रम शाम 4.30 बजे के लिए प्रस्तावित था। बुधवार शाम को दिल्ली में भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक हुई, जिसमें विधायक दल के नेता का चुनाव किया गया। इससे पहले बुधवार की दोपहर में भाजपा के संसदीय बोर्ड ने दिल्ली प्रदेश में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए। भाजपा ने रविशंकर प्रसाद, ओपी धनखड़ को पर्यवेक्षक बनाया था। इन्हीं की उपस्थित में शाम को भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा भाजपा- एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के रहने की भी उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। चूंकि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मौजूद रहेंगे, इसलिए उनकी सुरक्षा में एसपीजी का घेरा मौजूद रहेगा। शपथ ग्रहण समारोह में नेताओं के अलावा बॉलीवुड के कुछ लोगों के शामिल होने की उम्मीद है, इसके अलावा वहां पर साधु-संतों को भी न्योता दिया गया है।

### दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री होंगी रेखा गुप्ता, कोई उपमुख्यमंत्री नहीं चुना

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने रेखा गुप्ता को दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के रूप में बुधवार को चुन लिया। पार्टी ने दिल्ली में अभी कोई उपमुख्यमंत्री नहीं चुना है। दिल्ली विधानसभा चुनावों में दो तिहाई बहुमत से विजयी हुई भाजपा दिल्ली प्रदेश मुख्यालय में हुई नवनिर्वाचित विधायक दल की बैठक में केन्द्रीय पर्यवेक्षक रविशंकर प्रसाद, ओमप्रकाश धनखड़ एवं चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा की मौजूदगी में रेखा गुप्ता को नेता चुना गया। पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख ने बताया कि बैठक में प्रवेश वर्मा, विजयेन्द्र गुप्ता और सतीश उपाध्याय ने रेखा गुप्ता के नाम का प्रस्ताव किया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। बैठक में कोई भी उप मुख्यमंत्री के रूप में नहीं चुना गया। बाद में रेखा गुप्ता ने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व, विधायकों एवं दिल्ली की जनता के प्रति आभार प्रकट किया।

### पढ़ाई-लिखाई के दौर में ही राजनीति से जुड़ गई थी शालीमार बाग से विधायक रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** रेखा गुप्ता दिल्ली की शालीमार बाग विधानसभा सीट से विधायक हैं। वे मौजूदा समय में दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। 50 वर्षीय रेखा का जन्म हरियाणा के जींद जिले में स्थित नंदगढ़ गांव में 1974 में हुआ था। उनके पिता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में अधिकारी पद पर थे। 1976 में रेखा का परिवार दिल्ली में शिफ्ट हो गया था। तब उनकी उम्र महज दो साल थी। इसके बाद रेखा की प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक दिल्ली में हुई। रेखा गुप्ता बचपन में पढ़ाई-लिखाई के दौरान ही आरएसएस के स्टूडेंट विंग अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़ गई थीं। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान वह दौलत राम कालेज में सचिव का चुनाव जीतने में सफल रहीं। 1995-96 में उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ

- शेष पृष्ठ दो पर...

# यौन उत्पीड़न मामले में पूर्व अफसर की सजा बरकरार

**मुंबई, वार्ता**

- बॉम्बे हाईकोर्ट बोला- बच्ची बैड टच समझती थी, सैन्य अदालत ने सुनाई थी पांच साल की सजा

बॉम्बे हाईकोर्ट ने पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल की पांच साल की सजा को बरकरार रखा। कोर्ट के अनुसार पीड़ित को बैड टच की पूरी समझ थी। मामला 11 साल की बच्ची के यौन शोषण से जुड़ा है। इसमें सैन्य अदालत ने दोषी को 5 साल की सजा सुनाई थी।

एक रिपोर्ट के अनुसार घटना फरवरी 2020 में हुई थी। अफसर ने एक हवलदार और बच्चों को मिलने बुलाया था। हवलदार अपनी बेटी और बेटे के साथ अधिकारी से मिलने उनके कमरे में गए थे। जैसे ही बच्ची के पिता कमरे से बाहर गए, तो अफसर ने बदसलूकी की। इसके बाद बच्ची ने तुरंत अपने पिता को फोन करके घटना के बारे में बताया। बच्ची के बयान पर शिकायत दर्ज कराई गई। नाबालिग ने अपने पिता को अफसर की बदसलूकी के बारे में जानकारी दी। मार्च 2021 में सेना के जनरल कोर्ट मार्शल ने पूर्व अधिकारी को नाबालिग लड़की पर यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत दोषी ठहराया था। आर्म्ड फोर्सेस ट्रिब्यूनल में पांच साल के कारावास की सजा सुनाई गई थी। दोषी ने जनवरी 2024 में एफटी के फैसले को चुनौती देते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। पूर्व अधिकारी ने अपनी दलील में कहा कि मेरा कोई गलत इरादा नहीं था।

# मुडा मामले में सिद्धारमैया और उनकी पत्नी को क्लीन चिट

**बंगलूरू।** मुडा मामले में कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और उनकी पत्नी को क्लीन चिट मिल गई है।

लोकायुक्त पुलिस का कहना है कि सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले। कर्नाटक में मुडा जमीन आवंटन मामले में 25 सितम्बर को विशेष अदालत के आदेश के बाद 27 सितम्बर को लोकायुक्त पुलिस ने सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी पार्वती और पत्नी के भाई मल्लिकार्जुन स्वामी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। लोकायुक्त पुलिस ने कहा कि मुडा जमीन आवंटन मामले में सबूतों के अभाव में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनकी पत्नी पार्वती के खिलाफ आरोप साबित नहीं किए जा सके।

# भारत में मतदान के लिए 2.1 करोड़ डॉलर की फंडिंग रद्द

### ट्रम्प बोले- भारत एक समृद्ध देश है, इसे इस तरह की सहायता की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली, वार्ता**



- अमेरिकी एसईसी ने गौतम अडानी रिश्वत मामले में भारत से मांगा सहयोग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत को मतदान के लिए दी जाने वाली 2.1 करोड़ डॉलर की फंडिंग को रद्द करने का फैसला किया है।

ट्रम्प ने इस फंडिंग पर सवाल उठाते हुए कहा कि भारत एक समृद्ध देश है और इसे इस तरह की सहायता की आवश्यकता नहीं है। हम भारत को 2.1 करोड़ डॉलर क्यों दे रहे हैं। उनके पास पहले से ही बहुत पैसा है। वे व्यापार में दुनिया के सबसे ज्यादा कर लगाने वाले देशों में से एक हैं और हमें वहां व्यापार करने में मुश्किल होती है, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत अधिक हैं। मैं भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत सम्मान करता हूं, लेकिन मतदान के लिए इतनी बड़ी राशि क्यों देना। यह निर्णय ट्रम्प प्रशासन द्वारा स्थापित सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के हालिया फैसलों में से एक है, जिसने अपने बजट पुनर्गठन के तहत विदेशी सहायता में 72.3 करोड़ डॉलर की कटौती की घोषणा की है। अमेरिका ने भारत के अलावा बांग्लादेश में राजनीतिक स्थिरता के लिए 2.9 करोड़ डॉलर का अनुदान और नेपाल में राजकोषीय संघवाद और जैव विविधता संरक्षण के लिए 3.9 करोड़ डॉलर के अनुदान को भी रद्द कर दिया है। एलन मस्क के नेतृत्व वाले डीओजीई ने स्पष्ट किया कि इन सभी कटौतियों का उद्देश्य गैर-जरूरी खर्चों को कम करना और सरकारी बजट को अधिक कुशल बनाना है। दूसरी ओर अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने कथित प्रतिभूति धोखाधड़ी की जांच के सिलसिले में अडानी समूह के संस्थापक गौतम अडानी और उनके भतीजे के खिलाफ भारतीय अधिकारियों से सहयोग की मांग की है।

حج عمرہ و زیارات
IATA
बिस्मिल्लाह टूर एण्ड ट्रैवल्स (दधेड़ू वाले)
ISO
हज, उमराह, ज़ियारत
25 अप्रैल 2025 उमरा टूर
फुल रमजान उमरा पैकेज RS.1,20,000/-
मक्का होटल : 650 मीटर जोरत मानसिया और हुसैन मोव्वा सीमीलर
मदीना होटल: 800 मीटर पी०सी० अल मदीना और अल फिरदौस सीमीलर
डाइरेक्ट फ्लाइट RS. 75,000/- 20 दिन
होटल में रहना, खाना व ज़ियारत
मज़ीद जानकारी व बुकिंग के लिए राब्ता करें।
हाजी आलम - 9756508234
एयर टिकट, टूरिस्ट एण्ड बिजनेस वीज़ा के लिए सम्पर्क करें।
मुजफ्फरनगर ऑफिस: निकट सरवट गेट चौराहा, लताफत अली खान मार्किट, लड्डकी रोड, मुजफ्फरनगर 0131-2644200, 7017145399, 8534039577
दिल्ली ऑफिस: 1-एफ, बिल्डिंग सेकण्ड फ्लोर, भरत नगर, न्यू फ्रैण्ड्स कॉलोनी, नई दिल्ली-110025 011-41251668, 9821106157
E-mail:bismillah786@gmail.com
www.bismillahtourandtravel.com info@bismillahtourandtravels.com

# सऊदी अरब में अमेरिका व रूस की वार्ता अच्छी रही: ट्रम्प

वॉशिंगटन/न्यूयॉर्क, वार्ता

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि सऊदी अरब में अमेरिकी और रूसी प्रतिनिधिमंडलों के बीच बातचीत 'बहुत अच्छी' रही। श्री ट्रम्प ने संवाददाताओं से मंगलवार को कहा कि वे बहुत अच्छे थे। रूस कुछ करना चाहता है।

रूस 'जंगली बर्बरता' को रोकना चाहता है। श्री ट्रम्प ने युद्ध के मैदानों की तस्वीरों की तुलना गेटीसबर्ग की पुरानी तस्वीरों से की, जो अमेरिकी गृह युद्ध का अहम मोड़ बन गया था। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की संघीय कार्यबल के आकार को छोटा करने की योजना ने पिछले कुछ दिनों में हजारों सिविल सेवकों को झटका दिया है, लेकिन एक सदी में सबसे खराब सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट, कोरोनावायरस महामारी के

**■ युद्ध के मैदानों की तस्वीरों की तुलना गेटीसबर्ग की पुरानी तस्वीरों से की**

तुरंत बाद स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग में कटौती विशेष रूप से परेशान करने वाली है, मंगलवार को न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि विशेषज्ञों का कहना है कि बर्खास्तगी से देश में स्वास्थ्य कर्मियों की कमी का खतरा पैदा हो जाएगा। इस बर्खास्तगी के कारण रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, तथा विभाग द्वारा देखरेख की जाने वाली अन्य एजेंसियों के अगली पीढ़ी के नेताओं को भी बाहर कर दिया गया है। बर्खास्तगी ने स्वास्थ्य और जैव चिकित्सा विज्ञान में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले स्नातक छात्रों को परेशान कर दिया।

## बलूचिस्तान में सात यात्रियों की हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक बस में सवार कम से कम सात यात्रियों की हत्या कर दी है। अधिकारियों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की।

यह हमला मंगलवार का बरखान जिले में एक राजमार्ग पर मंगलवार देर रात हुआ जहां लगभग 11 हथियारबंद हमलावरों ने एक यात्री बस को रोका। जिले के पुलिस सूत्रों ने शिन्हुआ को यह जानकारी दी। यात्री प्रांतीय राजधानी क्वेटा से पूर्वी पंजाब प्रांत के फैसलाबाद जिले की यात्रा कर रहे थे। सूत्रों ने कहा कि बंदूकधारियों को अपने लक्ष्यों के बारे में विशेष जानकारी थी क्योंकि उन्होंने केवल इस विशेष वाहन को रोका और पीड़ितों को चुन-चुन कर मार डाला। सूत्रों ने कहा कि बरखान पंजाब और बलूचिस्तान के बीच एक सीमावर्ती जिला है जो दोनों प्रांतों के बीच यात्रियों के लिए एक प्रमुख पारगमन मार्ग है।

# भारत-मलेशिया रक्षा व समुद्री सुरक्षा क्षेत्र पर बढ़ाएंगे सहयोग

नई दिल्ली, वार्ता

**भारत** और मलेशिया ने रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा, बहुपक्षीय संपर्क और नये क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। मलेशिया-भारत रक्षा सहयोग समिति की 13वीं बैठक मंगलवार को कुआलालम्पुर में हुई।

बैठक की सह-अध्यक्षता रक्षा सचिव राज. श कुमार सिंह और मलेशिया के रक्षा मंत्रालय के महासचिव लोकमान हकीम बिन अली ने की। दोनों पक्षों ने हाल के वर्षों में दोनों सशस्त्र बलों के बीच नियमित संपर्क के साथ बढ़ते द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों को बढ़ाने के लिए प्रभावी और व्यावहारिक पहलों पर व्यापक चर्चा की। दोनों अध्यक्षों ने साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने के लिए कदमों की पहचान की। उन्होंने विशेष रूप से रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा और बहुपक्षीय संपर्क के क्षेत्र में मौजूदा सहयोग को प्रगाढ़ करने के तरीकों की पहचान की। वे गैर-पारंपरिक समुद्री सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए एक



**■ सहयोग समिति की 13वीं बैठक कुआलालम्पुर में हुई द्विपक्षीय सहयोग पर जताई खुशी**

संयुक्त फोकस समूह बनाने पर भी सहमत हुए। दोनों देशों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रक्षा स्तंभ के तहत नई पहलों को पूरी तरह से लागू करने की प्रतिब(ता की पुष्टि की। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मलेशियाई समकक्ष दातो सेरी अनवर इब्राहिम की पिछले वर्ष हुई बैठक में बनी सहमति के अनुरूप होगा। भारत और मलेशिया ने रणनीतिक मामलों के कार्य समूह की स्थापना पर अंतिम रूप से संदर्भ की शर्तों का भी आदान-प्रदान किया। यह मंच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं को आगे बढ़ाने के लिए मिडकॉम और दो उप-समितियों के बीच एक परामर्श तंत्र के रूप में कार्य करेगा। दोनों पक्षों ने मिडकॉम के परिणामस्वरूप सुखोई-30 फोरम की स्थापना पर अंतिम रूप से शर्तों का भी आदान-प्रदान किया। यह फोरम लड़ाकू विमान के रखरखाव में विशेषज्ञता और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान में दोनों वायु सेनाओं के बीच घनिष्ठ सहयोग को सक्षम करेगा। रक्षा सचिव ने मलेशियाई कंपनियों और सशस्त्र बलों के साथ उनकी क्षमता वृद्धि और आधुनिकीकरण में सहयोग करने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने मलेशिया को आसियान और आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस की अध्यक्षता संभालने पर बधाई दी और इस वर्ष एडीएमएम प्लस और आसियान रक्षा वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक के आयोजन के लिए मलेशिया के रक्षा मंत्रालय को शुभकामनाएं दीं।

### रक्षा सचिव ने मलेशिया के प्रयासों के लिए भारत के समर्थन को दोहराया

रक्षा सचिव ने मजबूत, एकीकृत और समृद्ध आसियान को बढ़ावा देने में आसियान अध्यक्ष के रूप में मलेशिया के प्रयासों के लिए भारत के समर्थन को दोहराया, जो हिन्द प्रशांत क्षेत्र की उभरती गतिशीलता को आकार देने में केंद्रीय भूमिका निभाता है। भारत मलेशिया को हिन्द प्रशांत में एक महत्वपूर्ण भागीदार मानता है क्योंकि मलेशिया तीन प्रमुख विदेश नीति विजन यानी एक्ट ईस्ट पॉलिसी, सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास), और हिन्द प्रशांत महासागर पहल के केन्द्र में है।

## संक्षिप्त समाचार

### सनातन का अपमान करना विपक्ष का स्वभाव: शिवराज

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सनातन का अपमान करना विपक्ष का स्वभाव बन गया है। श्री चौहान ने बुधवार को यहां कहा कि सनातन पर अंगुली उठाना, लोगों की आस्था और भावनाओं पर इस तरह चोट करना अपराध है। श्री चौहान ने तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कुंभ को लेकर दिए विवादित बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति हज़ारों सालों से गंगा की धारा की तरह प्रवाहित होती रही है।

### महाकुंभ स्नान करने आई युवती का बाथरूम में मिला शव

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के झूंसी क्षेत्र में महाकुंभ में स्नान करने आई युवती का बाथरूम में शव मिलने से हड़ंकप मंच गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मंगलवार की रात दिल्ली निवासी एक युवक और युवती ने अपने को पति-पत्नी बताकर बता कर झूंसी क्षेत्र थाना के आजादनगर इलाके में रात बिताने के लिए एक कमरा किराए पर लिया था। उस मकान में और भी किराएदार थे और बाथरूम कॉमन है। बुधवार सुबह अन्य किराएदार बाथरूम में गए तो वहां शव देख कर चीख पड़े। युवती के साथ आया युवक रात को ही मौका देखकर फरार हो गया था। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि मकान मालिक वहां नहीं रहता है। सामने जनरल स्टोर वाला मकान की देखभाल करता है।

### नकवी की पत्नी सीमा ने किया संगम स्नान

**महाकुंभनगर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मुखतार अब्बास नकवी की पत्नी सीमा नकवी अपने परिवार के साथ बुधवार को महाकुंभ पहुंचीं और संगम में आस्था की डुबकी लगाने के बाद पूजा अर्चना की। सीमा नकवी ने महाकुंभ को भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह आयोजन अध्यात्म और श्रद्धा का भव्य संगम है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महाकुंभ के आयोजन के लिए की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा की।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने पार्टी पदाधिकारियों को दी नसीहत

# जिसकी जितनी जिम्मेदारी, उतनी जवाबदेही

नई दिल्ली, वार्ता

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कहा कि पार्टी की विचारधारा को समर्पित लोगों को आगे बढ़ने का काम करके जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष करना है ताकि अगले पांच वर्ष में कांग्रेस देश की जनता की पहली पसंद बन सके।

श्री खड़गे ने पार्टी महासचिवों और प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए बुधवार को यहां कहा कि पार्टी की विचारधारा को समर्पित ऐसे लोगों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए जो विपरीत माहौल में भी चट्टान की तरह पार्टी के साथ खड़े हैं। सबसे जरूरी बात जिम्मेदारी की है और इसमें यह स्पष्ट करना जरूरी है कि सभी प्रभारी अपने प्रभार वाले राज्यों के संगठन और वहां होने वाले चुनाव तथा उसके परिणामों के लिए जिम्मेदारी होंगे। उन्होंने कहा कि हमारा 'संविधान बचाओ अभियान' चल रहा है। जय बापू, जय भीम, जय संविधान कार्यक्रम बेलगांव में हमने तय किया था। ये अगले एक वर्ष तक चलेगा। इसके तहत पदयात्रा, संवाद, कॉर्नर मीटिंग जैसी गतिविधियां चला



**■ पार्टी प्रभारियों व महासचितों की बैठक में बोले-जनता के मुद्दे उठाकर पांच साल में बनना है लोगों की पहली पसंद**

कर कार्यक्रम आयोजित हों लेकिन ऐसे हर कार्यक्रमका लक्ष्य होना चाहिए संगठन का सशक्तिकरण। श्री खड़गे ने मतदाता सूचियों में गड़बड़ी का जिक्र करते हुए फिर कहा कि हमारे सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। इन दिनों चुनाव में वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का काम बड़े पैमाने पर हो रहा है। इसके बारे में लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी सवाल उठाया। आप सभी को महसूस होगा कि आज कल हमारे समर्थकों के नाम मतदाता सूची से काट दिए जाते हैं। या नाम हटाकर बगल के बूथ से जोड़ दिया जाता है। भाजपा की तरफ़ से नए नाम चुनाव के ठीक पहले जोड़े जाते हैं। इस धांधली को हर हाल में रोकना होगा। उच्चतम न्यायालय के आदेश से मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति वाली समिति से मुख्य न्यायाधीश को भी जोड़ा गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने उन्हें भी बाहर कर दिया। सरकार को देश के मुख्य न्यायाधीश की निष्पक्षता पर भी भरोसा नहीं है। आज इस मामले की सुनवाई होने वाली थी लेकिन सरकार ने पहले ही नये मुख्य चुनाव आयुक्त की घोषणा कर दी। राहुल जी ने कहा भी था कि ऐसे चयन समिति का क्या फायदा, जहां विपक्ष के नेता का इस्तेमाल आप सिर्फ़ प्रमाण पत्र के लिए कर रहे हैं। अमेरिका में भारतीय नागरिकों के साथ किए गए वार्ताओं पर उन्होंने कहा,ह प्रधानमंत्री की यात्रा के बावजूद अमेरिका पहले की ही तरह भारतीय नागरिकों को हथकड़ी लगा कर वापस भेजा जा रहा है। शाकाहारी यात्रियों को नॉन वेज खाना दिया गया। हमारी सरकार इस अपमान का ठीक तरीके से विरोध जताने में भी विफल रही। अमेरिका ने हम पर उलटा टैरिफ लगा दिया पर प्रधानमंत्री ने इसका विरोध तक नहीं किया। वे हम पर जबरदस्ती घाटे का सौदा थोप रहे हैं, जिसे हमारी सरकार चुपचाप मान ले रही है। ये साफ़-साफ़ हिंदुस्तान और हिंदुस्तान के लोगों का अपमान है। उन्होंने कहा कि आज महंगाई और बेरोज़गारी स्थायी मसला बना हुआ है। अगले पांच साल हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम जनता के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष और जन आंदोलन करके मुख्य विपक्ष की भूमिका में उभरने का प्रयास करें। इससे ही हम लोगों की पहली पसंद बनेंगे।

## नए सिरे से होगा आप का पुनर्गठन

**पार्टी की कार्यकारिणी बैठक के बाद बोले गोपाल राय**

**नई दिल्ली।** आप कार्यकारिणी का नए सिरे से पुनर्गठन किया जाएगा। आम आदमी पार्टी मुख्यालय में कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में तय हुआ कि संगठन के पुनर्गठन से पहले सभी 70 विधानसभाओं के पदाधिकारी अगले दस दिनों में चुनाव में अपनी भूमिका पर रिपोर्ट पेश करेंगे। गोपाल राय ने इस दौरान नए सीएम के चयन प्रक्रिया पर भी सवाल उठाया। बुधवार को अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हुई कार्यकारिणी की बैठक में दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों के पर्यवेक्षक, अध्यक्ष और संगठन मंत्री शामिल हुए। इस दौरान सभी ने अपनी-अपनी विधानसभाओं की मौखिक रिपोर्ट सामने रखी। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने बताया कि बैठक में तय हुआ कि संगठन के पुनर्गठन से पहले सभी पदाधिकारी अगले दस दिनों में चुनाव में अपनी भूमिका पर रिपोर्ट पेश करेंगे। गोपाल राय ने पत्रकारों से बताया कि आज सभी 70 विधानसभाओं के पदाधिकारियों के साथ बैठक की है। संगठन के पुनर्गठन से पहले सभी पदाधिकारी से उनकी चुनाव में निभाई गई भूमिका की रिपोर्ट अगले दस दिनों में प्रदेश कार्यालय में सौंपने को कहा गया है।

# यूपी के प्राथमिक स्कूलों में लटके हैं ताले: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता

**यूपी** के सीएम योगी आदित्यनाथ के बच्चों को मौलवी बनाने की कोशिश करने का आरोप वाले बयान के जवाब में बुधवार को अखिलेश यादव ने सीएम पर तंज कसा है और उर्दू के शेर पढ़कर वाहवाही लूटने का आरोप लगाया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि कल कर रहे थे जो खिलाफत आगे बढ़कर, आज वाह-वाही लूट रहे। मंगलवार को योगी आदित्यनाथ ने भोजपुरी और अवधी भाषाओं का विरोध करने के लिए समाजवादी पार्टी पर हमला किया था और पार्टी पर बच्चों को मौलवी बनाने की को. शिश करने का आरोप लगाया था।

अखिलेश यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में प्राथमिक विद्यालय बंद हैं। देश में सबसे ज्यादा बंद पड़े प्राथमिक विद्यालय अगर कहीं हैं, तो वो उत्तर प्रदेश में हैं। राज्य की प्रगति और शिक्षा को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह से लापरवाह रही है। सपा प्रमुख ने कहा कि इस बारे में सरकार को विचार करना चाहिए कि 11 लाख प्राथमिक विद्यालय, जिनमें ताले लगे हैं, उनमें से अधिकतर उत्तर प्रदेश में हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत स्पष्ट है



**■ राज्य की प्रगति और शिक्षा को ले कर योगी सरकार लापरवाह**

कि सीएम का भाषा या प्रगति से कोई लेना-देना नहीं है। अगर आप रिकॉर्ड देखें, तो 11 लाख प्राथमिक विद्यालय बंद हो चुके हैं। कितने इंटरमीडिएट स्कूल खोले गए हैं? चाहे वह पॉलिटेक्निक हो, आईटीआई हो या इंजीनियरिंग सरकार इनमें से कितने का ध्यान रख रही है? वहीं सपा नेता माता प्रसाद पांडे ने सीएम पर जानबूझकर इसे हिंदू-मुस्लिम का विषय बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उर्दू भी एक भाषा है। विस में उठाया गया मामला एक अलग परिप्रेक्ष्य में था, लेकिन सीएम योगी आदित्यनाथ ने हिंदू-मुस्लिम के अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए उर्दू की बात की।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली से फिर फिसला शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता

**विश्व** बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर टीसीएस, इंफोसिस, भारती एयरटेल, मारुति और अडानी पोर्ट्स समेत 17 दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिर गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 28.21 अंक उतरकर 75,939.18 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 12. 40 अंक फिसलकर 22,932.90 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त लिवाली हुई, जिससे बाजार की गिरावट नियंत्रित रही। इस दौरान मिडकैप 1.30 प्रतिशत उछलकर 40,376.68 अंक और स्मॉलकैप 2.41 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,455.83 अंक पर पहुंच



गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4074 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2810 में लिवाली जबकि 1147 में बिकवाली हुई वहीं 117 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 25 कंपनियां लाल जबकि अन्य 25 हरे निशान पर रहीं। बीएसई के चार समूहों में गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 180 अंक की गिरावट लेकर 75,787.27 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 75,581.38 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 76,338.58 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 75,967.39 अंक की तुलना में 0.04 प्रतिशत टूटकर 75,939.18 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी भी 98 अंक टूटकर 22,847.25 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,814.85 अंक के निचले जबकि 23,049.95 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,945.30 अंक की तुलना में 0.05 प्रतिशत उतरकर 22,932.90 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में टीसीएस 2.28, इंफोसिस 2.20, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.98, सन फार्मा 1.38, भारती एयरटेल 1.35, पावरग्रिड 1.35, एचसीएल टेक 1. 03, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.02, टेक महिंद्रा 1.01, बजाज फिनसर्व 0.99, नेस्ले इंडिया 0.94, मारुति 0.86, बजाज फाइनेंस 0.51, अल्ट्रासिम्को 0.38, टाइटन 0.35, अडानी पोर्ट्स 0.28 और टाटा मोटर्स 0.11 प्रतिशत शामिल रही।

## ट्रम्प का कर फरमान जीएसटी को भी चुनौती: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नई कर नीति को संप्रभुता के लिए खतनाक बताते हुए कहा है कि यह जीएसटी के लिए भी चुनौती बन गया है इसलिए सरकार को जल्द इससे निपटने के उपाय करने चाहिए। पार्टी ने कहा कि श्री ट्रम्प की पारस्परिक शुल्क लगाने की बात बहुत चिंता. जनक है और उनका यह फरमान जीएसटी की अवधारणा को भी चुनौती देने के साथ ही यह हमारी राष्ट्रीय संप्रभुता पर भी सवाल उठाता है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस लंबे समय से जीएसटी 2-0 की मांग कर रही है, जो जीएसटी को वास्तव में एक अच्छा और सरल टैक्स बनाएगा, जैसा कि इसे मूल रूप से बनाया गया था। कांग्रेस ने न्यूनतम दरों और व्यापक रूप से संशोधित अनुपालन नियमों की मांग की है।

# खाद्य तेलों में टिकाव, चीनी हुई मंहगी

नई दिल्ली, वार्ता

**विदेशी** बाजारों में उबाल आने के बावजूद स्थानीय पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के भाव स्थिर रहे जबकि दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं चीनी महंगी हो गई।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 175 रिंगिट उबलकर 4869 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.77 सेंट की तेजी के साथ 48.07 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चीनी



20 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में मिश्रित रुझान रहा। चना 100 रुपये और दाल चना 100 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई जबकि अरहर दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9300-9300, उड़द दाल 8900-9000, अरहर दाल 7750-7850 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल : 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**राज्य की संस्कृति...**

दे दी है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह ऐतिहासिक कदम राज्य के संसाधनों, सांस्क्रतिक धरोहर और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा, साथ ही प्रदेश की मूल पहचान को बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनता के हितों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और हम कभी भी उनके विश्वास को टूटने नहीं देंगे। इस निर्णय से यह स्पष्ट हो जाता है कि हम अपने राज्य और संस्कृति की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। निश्चित तौर पर यह कानून प्रदेश के मूल स्वरूप को बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगा।

**नए भू-कानून के...**

अनिवार्य, जिससे फर्जीवाड़ा-अनियमितताओं को रोका जा सके।

7- जिलाधिकारियों को राजस्व परिषद और शासन को नियमित रूप से भूमि खरीद से जुड़ी रिपोर्ट सौंपनी होगी।

8- नगर निकाय सीमा के अंतर्गत आने वाली भूमि का उपयोग केवल निर्धारित भू-उपयोग के अनुसार ही किया जा सकेगा।

9- यदि किसी व्यक्ति ने नियमों के खिलाफ जमीन का उपयोग किया, तो वह जमीन सरकार में निहित हो जाएगी।

**पढ़ाई-लिखाई के...**

का चुनाव लड़ा और अध्यक्ष बनीं। रेखा ने इसके बाद एलएलबी तक की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई पूरी करने के बाद रेखा गुप्ता 2003-04 में भाजपा युवा मोर्चा की दिल्ली इकाई से जुड़ीं और यहां सचिव पद पर रहीं। इसके बाद 2004 से 2006 तक उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव के तौर पर जिम्मेदारी निभाई। रेखा गुप्ता को 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव में शालीमार बाग सीट से चुनाव में उतारा गया। जहां 2015 में उन्हें आम आदमी पार्टी की वंदना कुमारी ने करीब 11 हजार वोटों से हराया, तो वहीं 2020 में उनकी हार का अंतर 3400 वोट के करीब था। हालांकि 2025 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने वंदना कुमारी को बड़े अंतर से हरा दिया।

# संगम के पानी पर केंद्र-यूपी में टकराव

## पानी में प्रदूषण पर केंद्र से अलग राज्य की रिपोर्ट

**लखनऊ।** सीपीसीबी ने अपनी एक रिपोर्ट के जरिए एनजीटी को बताया कि महाकुंभ के दौरान कई स्थानों पर अपशिष्ट जल का स्तर नहाने के लिए शुरुआती जल गुणवत्ता के अनुरूप नहीं है। अपशिष्ट जल संदूषण के सूचक फेकल कोलीफॉर्म की स्वीकार्य सीमा 2,500 यूनिट प्रति 100 एमएल है।एनजीटी अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव, न्यायिक सदस्य जस्टिस सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल की बेंच प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों में अपशिष्ट जल के बहाव को रोकने के मुद्दे पर सुनवाई कर रही थी। महाकुंभ के पानी को लेकर केंद्रीय और यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट एक-दूसरे से विपरीत आई है। मामले पर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) में बुधवार को सुनवाई शुरू हुई, जिसमें यूपीपीसीबी ने सीपीसीबी रिपोर्ट का विश्लेषण करने के लिए समय मांगा है। एनजीटी में सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की रिपोर्ट पर अध्ययन के लिए अधिक समय की मांग की है। यूपी सरकार ने एनजीटी को बताया कि वो सीपीसीबी की रिपोर्ट की जांच करेगी। मामले पर अब अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी। इससे पहले केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने अपनी रिपोर्ट में दावा करते हुए था कि नदियों का पानी नहाने योग्य नहीं है। हालांकि यूपीपीसीबी ने पलटवार करते हुए कहा कि दोनों नदियों (गंगा और यमुना) का जल प्रदूषण नियंत्रण मानकों के मुताबिक है। एनजीटी ने यूपीपीसीबी को केंद्रीय बोर्ड की रिपोर्ट पर गौर कर नई रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

यूपीपीसीबी ने सीपीसीबी की रिपोर्ट के उलट अपनी रिपोर्ट में कहा कि संगम का पानी नहाने के लिए पूरी तरह उपयुक्त है। नालों के माध्यम से कोई भी प्रदूषित सीवेज सीधे गंगा नदी या यमुना नदी में नहीं छोड़ा जा रहा है। यूपीपीसीबी ने कहा कि गंगा और यमुना नदी पर 6 प्वाइंटस पर नदी के पानी नहाने के लिए उपयुक्त है, जबकि शास्त्री ब्रिज के पास बायो केमिकल ऑक्सीजन डिमांड और फिकल कालीफॉर्म के आंकड़ों में मामूली वृद्धि हुई है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैण्डअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# शादी समारोह में गए युवक की हत्या से फैली सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** गांव के ही एक युवक ने घर से बुलाकर एक युवक की हत्या कर दी। घटना को लेकर परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया। सीओ ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और बुढ़ाना कोतवाल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहडब्बर में बुढाना पुलिस को आज बुधवार की अल सुबह शमशान घाट के पास एक युवक का रक्तरंजित शव पडा होने की सूचना मिली तो पुलिस में हडकंप मच गया था। तब सूचना मिलते ही बुढाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह, बुढाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र और एसएसआई ललित कुमार शर्मा दल बल को साथ मौके पर पहुंच गये। उधर



मृतक का फाइल फोटो।

घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए थे। इस संबंध में बुढ़ाना पुलिस ने बताया कि शमशान घाट में मिला शव गांव शाहडब्बर के अमित का है। गर्दन पर वार करके अमित वाल्मिकी की हत्या की गई है। पंचनामा भरने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता बिरम ने बुढाना कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उनके परिवार में लडकी की शादी का समारोह है। बीती मंगलवार को देर रात के समय परिवार के लोग शादी के समारोह में शामिल थे।

आरोप है कि रात के करीब दो बजे परिवार का ही छविंद्र उर्फ मच्छर वाल्मिकी उसके बेटे अमित को घर से बुलाकर ले गया। घर से करीब 200 मीटर की दूरी पर शमशान घाट के पास उसके बेटे की हत्या कर दी गई। मृतक के पिता ने छविंद्र उर्फ मच्छर व एक अज्ञात के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने बताया कि मृतक अमित के पिता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। घटना से परिवार शोक में डूबा है।

# बाइक सवार सेना के जवान की मौत

■ **अपनी शादी के कार्ड बांट कर घर लौट रहा था जवान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** सशस्त्र सुरक्षा बल के जवान प्रशांत पाल की भोकरहेडी बरला मार्ग पर ट्रक की टक्कर लगने से मौके पर ही मौत हो गई। प्रशांत अपनी शादी के कार्ड बांटकर बाइक द्वारा वापिस घर लौट रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया तथा ट्रक को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। जवान की मौत से परिवार में मातम छा गया है व कस्बे में शोक की लहर दौड गई है।

थाना भोपा क्षेत्र के कस्बा भोकरहेडी के मौहल्ला कुआंपट्टी



मृतक का फाइल फोटो।

निवासी सतपाल का 28 वर्षीय पुत्र प्रशांत पाल 2021 में सशस्त्र सुरक्षा बल में सैनिक के रूप में भर्ती हुआ था। वर्तमान में प्रशांत की तैनाती लखीमपुर जनपद के पलिया में थी। आगामी 25 फरवरी को प्रशांत की बारात सरधना में जानी थी। पिछले कई दिनों से प्रशांत अपनी शादी के कार्ड बांटने में व्यस्त था। बुधवार की दोपहर प्रशांत शादी के कार्ड बांटकर बसेडा की ओर से वापस घर आ रहा था। जैसे ही वह भोकरहेडी बसेडा मार्ग पर स्थित विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल के सामने पहुंचा तभी भोकरहेडी की ओर से आ रहे ट्रक ने उसे चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश रोरिया, उप निरीक्षक शैलेन्द्र, देवपाल सिंह ने घटना की जानकारी की तथा पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया।

पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। प्रशांत की मौत से दादा मामचंद, पिता सतपाल, माता रोशनी, बडी बहन निकुंज, छोटा भाई विशांत का रो रोकर बुरा हाल है। दर्दनाक घटना से कस्बे में शोक की लहर दौड गई है। बुधवार की शाम जवान प्रशांत के शव का शुक्रताल स्थित शमशान घाट पर नम आंखो से अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### शादी की खुशियां हुई मातम में तब्दील

प्रशांत गत 14 फरवरी को अपनी शादी को लेकर छुट्टी आया हुआ था तथा अपनी शादी के कार्ड रिश्तेदारी व दोस्तों में बांट रहा था। आगामी 25 फरवरी को प्रशांत की बारात जनपद मेरठ के सरधना में जानी थी।

शादी को लेकर घर में खुशियों का माहौल था। 24 फरवरी को मंढा व सगाई की रस्म होनी थी।

## जीएसटी अधिकारी से मिले व्यापारी, छापों की आड़ में उत्पीड़न का आरोप

**मुजफ्फरनगर।** जीएसटी छापों की आड़ में व्यापारियों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार के बैनर पर व्यापारियों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने जीएसटी विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर से मुलाकात कर अपना पक्ष रखा। बुधवार को ज्वाइंट कमिश्नर सिद्धेश दीक्षित से मिले व्यापारियों ने कहा कि जीएसटी चोरी के मामले में हलकी फुलकी कागजी कमी मिलने र चोरी का नाम न दिया जाए। उन्होने कहा कि इससे व्यापारियों की बदनामी हो रही है। इस पर रोक लगाइ जाए। इस दौरानन अशोक कंसल, अजय सिंघल, श्याम सिंह सैनी, प्रवीण खेडा, सुलखान सिंह, पंकज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# समस्याओं का समाधान नहीं होने पर किसान नाराज



## किसान दिवस में उठा आवारा पशु, बिजली पानी का मुद्दा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** समाधान दिवस में किसानों ने आवारा पशु, बिजली की जर्जर लाइन, विद्युत परिवर्तक और राजवाहों में पानी कम आने की शिकायतों के साथ ही पूर्व में उठाये गये मामलों में कार्यवाही नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की।

बुधवार को जिला पंचायत के सभागार में आयोजित किसान दिवस में बिजली, सिंचाई, प्रदूषण, डोलबंदी सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा करते हुए किसान प्रतिनिधियों ने पूर्व में की गई शिकायतों का निस्तारण न होने पर भी नाराजगी जताई। किसानों ने कहा कि खतौली व रतनपुरी क्षेत्र में रात्रि के समय जंगल की बिजली बंद कर दी जाती है, जिस कारण से बिजली के तार, स्टार्ट और मोटर आदि चोरी हो रहे हैं। जड़ौदा के गांव में एक फैक्ट्री के द्वारा गांव के पानी को प्रदूषित किया जा रहा है। जिस कारण गांव के लोगों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हो रही है। किसानों ने कहा कि किसान दिवस में शिकायत दर्ज करने के बाद भी उनका कोई समाधान समय से नहीं हो पा रहा है। इस मामले में किसानों ने कड़ी नाराजगी दर्ज कराई है। किसान दिवस में एसपी यातायात अतुल कुमार दूबे, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, उप कृषि निदेशक संतोष कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया, भूमि संरक्षण अधिकारी राहुल कुमार, भाकियू टिकैत के जिला अध्यक्ष नवीन राठी, संजीव कुमार, रविंद्र कुमार, मोहन, राजपाल, सोमपाल, रामकुमार, राजकुमार, राज सिंह, राजू, सोमपाल सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# फार्म पर जा रहे किसान पर कार सवारों ने की फायरिंग, घायल

■ **घटना को अंजाम देकर भाग रहे बदमाशों की कार खाई में पलटी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** अपने घर से चाचा के फार्म जा रहे किसान पर कार सवार बदमाशों ने फायर झोंक दिया जिसमें किसान बाल बाल मच गया। घटना को अंजाम देकर भाग रहे बदमाशों की कार खाई में पलट गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुँची रतनपुरी पुलिस ने जंगल मे कॉम्बिग और ड्रोन की मदद से बदमाशों की तलाश की लेकिन बदमाशों का सुराग नही लग पाया। वही दिन दहाड़े किसान पर फायर झोंकने की घटना से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। मामूली रूप से घायल हुय किसान को उपचार के लिए पुलिस ने खतौली सीएचसी पर भर्ती कराया।

रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव सठेड़ी गांव के ग्रामीणों में दिन दहाड़े उस समय दहशत फैल गई जब कार सवार बदमाशों ने गांव के ही किसान को बीच रास्ते मे रोक कर उस पर फायर झोंक दिया जिसमें किसान बाल बाल बच गया। बता दे कि सठेड़ी निवासी किसान प्रवीण पुत्र पदम सिंह अपने घर से बुधवार को अपने फार्म पर जा रहा था, जैसे ही वह सड़क पर बैंक के समीप पहुँचा तो तभी उसके पीछे से आई एक शिफ्ट कार संख्या यूपी 14 ई 7316 में से उतरे बदमाशों ने उसे रोक कर उसकी कनपटी पर तमंचा सटा कर फायर झोंक दिया तभी किसान ने झुक कर अपनी जान बचाई। घटना को अंजाम देने के बाद कार सवार बदमाश कार को तेजी से भगाते हुय मौके से फरार हो गए, जहां भागते समय बदमाशों की कार अनियंत्रित होकर गांव के समीप तालाब के सामने खाई में जा पलटी। दिन दहाड़े गोली चलने की घटना से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने बदमाशों का पीछा कर पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन खाई में पलटी कार से निकल कर सभी बदमाश जंगल के रास्ते फरार हो गए। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुँची रतनपुरी पुलिस ने घायल किसान से घटना के बारे में पुछताछ करने के बाद उसे उपचार के लिए खतौली सीएचसी पर भर्ती कराया। वही पुलिस की दूसरी टीम ने जंगल मे कॉम्बिग और ड्रोन की मदद से बदमाशों की तलाश की लेकिन घँटों की मशक्कत के बाद भी बदमाशों का सुराग नही लग पाया। वही घटना के बाद एसपी देहात आदित्य बंसल और बुढाना सीओ गजेंद्र सिंह ने भी घटना स्थल की गहनता से जांच पड़ताल की। घटना की जांच पड़ताल में मामला पुरानी रंजिश बताया जा रहा है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में सनसनी फैल गई थी। वही पुलिस ने बदमाशों की क्षतिग्रस्त कार को बुलडोजर की मदद से खाई से निकाल कर कब्जे में लिया।

### पुलिस ने कार से तीन मोबाइल, एक आईडी की बरामद

किसान पर फायर झोंक कर भाग रहे कार सवारों की कार खाई में पलटने के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने बदमाशों की क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर उसकी जांच पड़ताल की जहाँ पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार के अंदर से हमलावर बदमाशों के तीन मोबाइल और एक आईडी बरामद की है। जिनकी मदद से पुलिस बदमाशों की तलाश में दबिश दे रही है। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि फरार बदमाश बुढाना तहसील क्षेत्र के बड़ोदा गांव के बताए जा रहे है।

### जमीनी विवाद को लेकर किसान पर हुआ जानलेवा हमला

पुलिस जांच पड़ताल में पता चला है कि हमलावर बदमाशों और पीड़ित किसान के बीच जमीन को लेकर कोई विवाद चल रहा है जिसको लेकर उक्त बदमाशों ने किसान पर तमंचे से फायर कर उसपर जानलेवा हमला किया है। वही पीड़ित घायल किसान का कहना है कि उसका किसी से की विवाद और रंजिश नही है। कार सवार बदमाशों ने रोक कर तमंचा सटाकर फायर किया जहां जैसे ही मुझे पकड़ने का आभास हुआ तो मै नीचे की ओर झुक गया जिसके बाद गोली मेरे कान को छूती हुई निकल गई और मेरी जान बची।

## दानपात्र चोरी करने वाला बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** पुरकाजी पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किए गए चोरी के आरोपियों को जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पुरकाजी स्थित मस्जिद से दानपात्र की चोरी हुई थी और छपार क्षेत्र के ढ़ाबे पर भी चोरी की घटना घटित थी। जिसका मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। पुलिस ने जहांगीरपुर रोड आम के बाग में दान पात्र को तोडकर चोरी के पैसों का बंटवारा कर रहे बदमाशों के बीच मुठभेड हो गई जिसमें अब्दुल रहमान पुत्र यूसुफ घायल हुआ और उसके साथ कलीम व अब्दुल वाहब निवासीगण सहारनपुर गागजहेडी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

# कॉम्पेक्टर से सामान चोरी है मैडम ये चल नहीं सकता

## यह बताने पर उद्घाटन करने पहुंची चेयरपर्सन ने जताई नाराजगी, मौके पर ठेकेदार को तलब कर लगाई फटकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कॉम्पेक्टर का उदघाटन करने पहुंची चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को जब यह बताया गया कि कंपैक्टर का कीमती सामान चोरी हो गया इसलिए यह चल नहीं सकता तो चेयरपर्सन भडक उठी। दरअसल गांधी कालौनी सहित तीन-चार कालोनियों को भोपा रोड और पचेंडा रोड से जोड़ने वाली लिंक रोड का निर्माण पूर्ण हो चुका है, लेकिन इसके बाद भी यहां बनाये गये कूड़ा डलावघर में लगे तीनों पोर्टेबल कॉम्पेक्टर शुरू नहीं हो पाये हैं। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप इस कॉम्पेक्टर का उद्घाटन करने पहुंची तो पता चला कि कॉम्पेक्टर से कीमती सामान चोरी हो चुका है, जिस कारण वो चल नहीं सकते। इसको लेकर ठेकेदार के प्रति नाराजगी जताई गई तो पालिका प्रशासन ने ठेकेदार को एक साल में भी कॉम्पेक्टर शुरू नहीं कराने को लेकर नोटिस जारी कर दिया है।

गांधी कालोनी लिंक रोड पर खुले में सड़क पर ही कूड़ा डाला जाता था, जिससे दुर्गन्ध और गन्दगी की सडांध के कारण आसपास निवास करने वाले लोग काफी परेशान रहते थे। लोगों की समस्या का निस्तारण करने के लिए चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के निर्देश पर वहां कवर्ड कूड़ा डलावघर बनवाकर तीन पोर्टेबल कॉम्पेक्टर लगवाये गये। करीब एक साल पहले पालिका ने इसका टैण्डर निकाला था और अन्वी कन्स्ट्रक्शन को यह टैण्डर मिला था।

ठेकेदार फर्म ने तीनों कॉम्पेक्टर वहां पर आपूर्ति करते हुए लगवा दिये थे, शर्त के अनुसार इनको चलाने के लिए विद्युत कनेक्शन पालिका को कराकर देना था। पालिका ने पिछले दिनों विद्युत कनेक्शन भी करा दिया था, लेकिन इसी बीच यहां पर नाला और सीसी सड़क निर्माण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया। इसको लेकर ठेकेदार अभिषेक कुमार ने कॉम्पेक्टर चालू नहीं होने की विवशता जताई थी। अब सड़क भी पूर्ण होकर जनता को समर्पित कर दी गई, लेकिन कॉम्पेक्टर चालू नहीं हुए। पिछले दिनों चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने सभासदों और पालिका अफसरों के साथ लिंक रोड का निरीक्षण किया था। इस दौरान उनको कॉम्पेक्टर का उद्घाटन कर इस कूड़ा घर को भी शुरू कराया जाना था।

ठेकेदार को बुलाया गया तो कॉम्पेक्टर चालू ही नहीं हो पाये। ठेकेदार ने बताया कि कॉम्पेक्टर से विद्युत मोटर, पम्प, पाइप, विद्युत केबिल और अन्य कीमती सामान चोरी हो गया है, इस कारण यह नहीं चल पायेंगे। इसको लेकर चेयरपर्सन ने मौके पर ठेकेदार को फटकार लगाते हुए नाराजगी जताई और नगर स्वास्थ्य अधिकारी को कार्यवाही के लिए कहा था। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार ने बताया कि अन्वी कन्स्ट्रक्शन को तीन पोर्टेबल कॉम्पेक्टर का ठेका मिला था, ठेकेदार अभिषेक ने कॉम्पेक्टर की आपूर्ति करते हुए कार्य स्थल पर उनको लगवा दिया है, शर्त के अनुसार ठेकेदार ही कॉम्पेक्टर को चलवाते हुए उनका प्रदर्शन कराने के बाद पालिका को हैंडओवर करेगा, लेकिन हर बार ठेकेदार द्वारा आनाकानी की जाती रही है। अब जबकि उनका उद्घाटन किया जाना था तो ठेकेदार ने बताया कि मोटर आदि सामान चोरी हो गया है। इसके लिए ठेकेदार को एफआईआर कराने के साथ ही कॉम्पेक्टर नहीं चलवाने के लिए नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा गया है।

चेयरपर्सन ने कूड़ा डलाव घर में जाल लगवाकर भविष्य में चोरी की संभावना को क्षीण करने के लिए भी निर्देशित किया है।

# नई किराया नियमावली पर किरायेदार व व्यापारी एकमत नहीं

■ **समिति की बैठक में नए प्रस्ताव को नकारा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पालिका की संपत्तियों में अवैध किरायेदारों का विनियमितीकरण करने के लिए नामांतरण शुल्क के साथ किराये में 01 सितम्बर 1977 को जारी शासनादेश को आधार बनाते हुए 50 प्रतिशत की वृद्धि करने का प्रस्ताव किया गया है। इसके बाद आपत्ति मांगी गई। आपत्तियों का निस्तारण करने के लिए चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने समिति का गठन किया गया, जिसमें सभासद राजीव शर्मा, देवेश कौशिक और बबीता वर्मा के साथ ही कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव को शामिल किया गया है।

बुधवार को समिति ने आपत्तियों पर सुनवाई की। इसमें किरायेदार व्यापारी पालिका के किराया बढ़ोतरी के प्रस्ताव और दूसरे नियमों को लेकर एकमत नजर नहीं आये। 50 फीसदी किराया वृद्धि का खुला विरोध करने के साथ ही व्यापारियों ने यह भी साफ कर दिया कि वो 1977 के शासनादेश या 2014 के पारित प्रस्ताव के आधार पर किराया वृद्धि को स्वीकार नहीं करेंगे। व्यापारी किरायेदार जयकुमार ने सुनवाई के दौरान कहा कि वो 1974 से पालिका के दुकान आवंटी के रूप में किरायेदार हैं, वो 1977 से किराया निर्धारण नहीं करायेंगे। उन्होंने सुझाव दिया कि किराया तय करने का आधार वर्तमान को माना जाना चाहिए। इसके साथ ही कई बिन्दुओं पर भी व्यापारियों ने अपनी बात रखी और पालिका की नई नियमावली का मुखर विरोध किया।

कर निर्धारण अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि व्यापारियों की आपत्तियों पर उनसे तथ्यात्मक मत प्राप्त किया गया, आपत्तियों के समर्थन में उनसे लिखित साक्ष्य या शासनादेश आदि मांगे गये, जो वो प्रस्तुत नहीं कर पाये। सुनवाई के लिए 20 फरवरी का भी दिन तय है, समिति इसके लिए सभागार में उपलब्ध रहेगी। हालांकि व्यापारियों के आग्रह पर आज ही सुनवाई का कार्य पूर्ण किया गया है। इसके बाद 24 फरवरी को समिति की बैठक में आपत्तियों और सुझावों पर चर्चा करते हुए अपनी रिपोर्ट तैयार की जायेगी, जिसे चेयरपर्सन को सौंपा जायेगा। इसके बाद यह रिपोर्ट अनुमोदन के लिए बोर्ड बैठक में प्रस्तुत की जायेगी। सदन की सहमति बनने के लिए इसको स्वीकृति के लिए शासन में भेजा जायेगा। वहां से अनुमति प्राप्त होने पर इसे लागू करने के लिए गजट प्रकाशन कराया जायेगा। समिति की सुनवाई के दौरान प्रवीण जैन चीनू, संजय नारंग, वीरेन्द्र अरोरा, जसप्रीत सिंह, जय कुमार, किरण पाल, भानु प्रताप अरोरा, दीपक कुमार, शिशुकांत गर्ग, विजय तनेजा समेत व्यापारी मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: बरामद दुल्हन को कोर्ट में ले जाती पुलिस।

# नकल विहीन परीक्षा को पांच जोन में बांटे गए 72 केन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** यूपी बोर्ड परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू हो रही है। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर केंद्र व्यवस्थापकों की जिम्मेदारी बुधवार से अधिक बढ़ गई।

डीआइओएस की निगरानी में जीआइसी से सभी 72 परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न-पत्र पहुंचाए गए। प्रश्न-पत्रों को लेकर जीआईसी और केंद्रों पर पुलिस सुरक्षा बढ़ाई गई। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रयागराज की बोर्ड परीक्षाएं जनपद में 72 परीक्षा केंद्रों पर होगी। 24 फरवरी से शुरू हो रही परीक्षा 12 मार्च तक रहेगी। इस बीच जनपद स्तरीय अधिकारियों से लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारी 24 घंटे अलर्ट रहेगी। नकल विहीन परीक्षा कराने से लेकर परीक्षा केंद्रों पर निगरानी के लिए सभी 72 परीक्षा केंद्रों को पांच जोन में बांटा गया है, जिसमें पांच जोनल मजिस्ट्रेट, सभी केंद्र पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 16 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 72 केंद्र व्यवस्थापक और 72 की अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक बनाए गए हैं। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 57721 परीक्षार्थियों के लिए उत्तर पुस्तिकाएं पहले ही केंद्रों पर पहुंचाई गई। इसके बाद बुधवार को सभी केंद्रों पर सभी विषय के प्रश्न-पत्र भी जीआईसी से भेजे गए।

डीआईओएस राजेश श्रीवास ने बताया कि प्रश्न-पत्रों को कडी सुरक्षा में बंद लिफाफों में केंद्रों पर भिजवाया गया है। प्रश्न-पत्रों को केंद्रों पर बने स्ट्रांग रूम में रखवाया गया, जिसकी निगरानी कंट्रोल से भी बढ़ गई है। वहीं केंद्र व्यवस्थापकों की भी जिम्मेदारी बढाई गई है।

# जिन्दा निकली दुल्हन, सहेली संग बरामद

## लड़की के पिता की तहरीर पर दुल्हन की सहेली के खिलाफ मुकदमा दर्ज

■ **कोर्ट की कार्यवाही के बाद लड़की को ताऊ के सुपुर्द किया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** फेरो से पहले अटैक पड़ने से दुल्हन की मौत होने की चर्चाओं के बाद हरकत में आई नई मंडी पुलिस ने दुल्हन को जिन्दा खोज निकाला है। ब्यूटी पार्लर में दुल्हन बनने गई लड़की अपनी ही सहेली मित्र के साथ कार में बैठकर चली गई थी। पुलिस ने बरामदगी के बाद लड़की के कोर्ट में बयान कराए। इससे पहले लड़की के पिता की तहरीर पर दुल्हन की सहेली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया और बाद में दुल्हन को उसके ताऊ व परिवार के अन्य लोगों के सुपुर्द कर दिया गया। बता दे कि मंगलवार की दोपहर नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के भोपा रोड स्थित नाथ फार्म में शादी के बंधन में बंधने आई डॉक्टर दुल्हन की उस समय मौत की खबर फैल गई थी जब वह ब्यूटी पार्लर में तैयार होने गई थी। कुछ घंटो बाद इसकी खबर पुलिस को दी गई तो पुलिस ने मामले की पूरी तरह छानबीन की। लड़की के परिजनों ने पुलिस को भी उसके मौत की जानकारी दी थी, लेकिन जब पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने की बात की तो परिजन इधर-उधर की बात करने में लगे हुए थे। पुलिस का कहना है कि लडकी के पिता झांसी में आश्रम चलाते है और वह अपनी बेटी डॉक्टर संगीता शर्मा उर्फ सुषमा की शादी यहां करने के लिए आए थे। आश्रम में ही डॉक्टर सुषमा की मुलाकात सीमा से हुई थी और छानबीन व ब्यूटी पार्लर के आस-पास लगे कैमरों की सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद यह सामने आ रहा है कि दुल्हन अपनी सहेली के साथ जाती दिखाई पड़ रही है। पुलिस ने दुल्हन को उसमी मित्र के पास से बरामद किया उधर लड़की के पिता आचार्य योगार्षि अविनाश पुत्र सदगुरू श्री विजय निवासी महाप्रभु रामलाल सिद्धयोग पीठ लहर गिर सिपरो बाजार झांसी ने अपनी पुत्री डॉक्टर संगीता शर्मा उर्फ सुषमा को बहला फुसलाकर ब्रेजागाडी मे ले जाने का मुकदमा उसकी सहेली सीमा शुक्ला उर्फ सानू पुत्री रामस्वरूप निवासी झांसी के खिलाफ धारा 87 बीएनएस के तहत दर्ज कराया। दुल्हन की बरामदगी के बाद पुलिस ने अपनी लिखापढ़ी को आगे बढ़ाते हुए बरामद हुई लड़की को कोर्ट में पेश कराकर 164 के बयान कराए। इसके बाद लडकी की सहमति पर उसको ताऊ व परिवार के अन्य लोगों के सुपुर्द कर दिया गया।

# पानीपत खटीमा मार्ग पर जाम में फंसे स्कूली वाहन व एम्बुलेंस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** आगामी महाशिवरात्रि पर्व के चलते बिजनौर प्रशासन ने मीरापुर की ओर से आने वाले भारी वाहनों के बिजनौर में प्रवेश पर रोक लगा दी है। जिसके चलते मंगलवार की देर रात से मीरापुर में मोंटी तिराहे पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा बिजनौर की ओर जाने वाले भारी वाहनों को रोक दिया गया।

इसके चलते मीरापुर में दिल्ली-पौडी व पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर बुधवार की सुबह चार बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक बडा जाम लग गया। जाम में कई स्कूली वाहन व एम्बुलेंस भी फंस गई। आगामी 26 फरवरी को होने । वाली महाशिवरात्रि के चलते बिजनौर जनपद में शिवभक्तों का आवागमन शुरू होने के कारण बिजनौर प्रशासन द्वारा मीरापुर की ओर से आने वाले भारी वाहनों पर अभी से रोक लगा दी है। इसके चलते बुधवार की सुबह तक यहां वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सुबह चार बजे से लेकर दोपहर तक मीरापुर में दिल्ली-पौडी व पानीपत-खटीना राजमार्ग पूरी तरह जाम लग गया। दिन निकलते ही कई किलोमीटर लंबी बाहनों की कतारें लग गई।

कई स्कूली वाहनं व एम्बुलेंस भी जाम में फंस गई। स्कूल जाने वाले बच्चों को अपने वाहनों, से उतरकर काफी दूर पैदल चलकर स्कूल जाना पडा। लोग अपने वाहनों में कई घंटे तक से फंसे रहे। जिससे वाहन चाल. कों एवं अन्य लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति रोष फैल गया। दोपहर में करीब 12 बजे पुलिस ने वाहनों को बिजनौर की ओर जाने दिया. तब जाकर जाम खुला और लोगों ने राहत की सांस ली।



# आज लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान दिया जाना बहुत जरूरी : महमूद मदनी

**चरथावल।** ग्राम नंगला राई स्थित लड़कियों की शिक्षण संस्था जामिया आयशा सिद्दीकी लिलबनात में खत्म ए बुखारी शरीफ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे जमीयत उलेमा ए हिन्द के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना सय्यद महमूद असअद मदनी ने कहा कि आज के दौर में लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान देना बहुत जरूरी है।अगर लड़की पढ़ेगी तो इसका पूरे परिवार को फायदा होगा।इस अवसर पर पैतालीस छात्राओं के आलिमा बनने के साथ साथ हाई स्कूल की शिक्षा प्राप्त करने बनने पर उन्हें प्रमाण पत्र,ट्राफी व किताबें देकर सम्मानित किया गया।इससे पूर्व जमीयत उलेमा ए हिन्द के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी का हजारों लोगों ने पुष्प वर्षा कर आगमन पर स्वागत किया।

चरथावल ब्लाक के गांव नंगला राई के जामिया अल हिदाया जामिया नगर में जामिया आयशा सिद्दीका लिलबनात का खत्म ए बुखारी शरीफ व प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता जमीयत उलमा ए हिन्द के प्रदेश उपाध्यक्ष हाफ़िज़ मुहम्मद फ़ुरक़ान असअदी ने की।इस अवसर पर मैनेजर मौलाना अहसान कासमी ने मदरसे की तालीमी रिपोर्ट पेश की।कार्यक्रम में मुख्य अथिति जमीयत उलेमा ए हिन्द के राष्ट्रीय अध्यक्ष हजरत मौलाना सय्यद महमूद असअद मदनी ने कहा कि समाज में जो बुराइयां और खुराफात फेल रही हैं उनको तालीम से ही दूर किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के लिये अगर आधी रोटी खाकर भी गुज़ारा करना पड़े तो उसके लिये तैयार रहना होगा,ये बच्चे क़ोम और देश का




भविष्य समाज है।इस अवसर पर 45 छात्राओं के आलिमा बनने के साथ हाई स्कूल करने पर उन्हें प्रमाण पत्र,ट्राफी व किताबें देकर सम्मानित किया गया।इससे पूर्व जमीयत उलेमा ए हिन्द के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी का हजारों लोगों ने पुष्प वर्षा कर आगमन पर स्वागत किया।इस मौके पर मौलाना अहसान मोहसिन,जामिया अल हिदाया के मैनेजर मूसा कासमी,शायर कारी अहसान मोहसिन आदि मौजूद रहे। प्रोग्राम का संचालन मौलाना सुहैल रहीमी , मौलाना अहसान क़ासमी , मौलाना मूसा क़ासमी ने संयुक्त रूप से किया।

# महरायपुर में प्रधानी के चुनाव को लेकर भारी मतदान

शाह टाइम्स संवाददाता

**छपार।** गांव महरायपुर में महिला प्रधान की मृत्यु के बाद उपचुनाव में मतदान हो रहा है। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था व शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुलिस बल लगाया है। शाम पांच बजे तक 71: मतदान हुआ।

उक्त गांव में लगभग ढाई माह पूर्व महिला ग्राम प्रधान केलाव.ती की मृत्यु हो गई थी ओर प्रधान पद रिक्त हो गया था उसके लिए बुधवार को उपचुनाव के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय में बूथ बनाए गये है ओर ब्लाक पुरकाजी के कर्मचारियों को लगाया गया है। सुबह 11 बजे तक 962 मतों में 200 मत ही डाले गये। दोपहर एक बजे तक 454 मत डाले। मतदान बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। शाम बजे मतदान 665 मत पर समाप्त हो गया। तीनों प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटी में बंद हो गया। मत की मतगणना 21 फरवरी को ब्लाक पुरकाजी में होगी। चुनाव शांतिपूर्ण तरीके पूर्ण हो गया।

# मधुमक्खियां के हमले में बाइक सवार घायल

**भोपा।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलड़ा निवासी मोनिस अली बुधवार को बाईक द्वारा गांव बसेड़ा मे किसी कार्य से जा रहा था जैसे ही वह गंग नहर पटरी मार्ग से गुज़र रहा था।की अचानक गुस्साई मधु मक्खियों ने उसपर हमला बोल दिया। जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। शोर सुनकर खेतो मे कार्य कर रहे व्यक्तियों ने स्वयं को मधु मक्खियों से बचाकर घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया । प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मधुमक्खियां के छत्ते को तोड़कर शहद को निकाला गया था। सुबह के समय जैसे ही धूप निकलनी शुरू हुई तो मधुमक्खियां ने रोद्र रूप धारण कर लिया और राहगीरों पर हमला शुरू कर दिया।

# धरी रह गई हठधर्मिता, कस्बे में हुई बेहतरीन सफाई

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत में थोड़े से सफाई कर्मचारियों की हठधर्मिता धरी की धरी रह गई और नगर की जनता के हितैषी और अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित कर्मचारियों ने एक बड़े अभियान की तरह कस्बे में सफाई की। ऐसे में नगर पंचायत चेयरपर्सन उमा त्यागी की भी कस्बे के लोग खूब प्रशंसा कर रहे हैं। दरअसल मुजफ्फरनगर जिले की सभी नगर निकायों में पिछले कुछ दिनों से सफाई कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल चल रही थी। प्रशासन स्तर पर विगत सोमवार की देर शाम को वार्ता सफल रही और तय हुआ कि सफाई कर्मचारी मंगलवार से काम पर लौटेंगे लेकिन बुढ़ाना नगर पंचायत में कुछ लोग राजनीति से बाज नहीं आ रहे थे और राजनीति के चक्कर में कस्बे के लोगों को हलकान करने की पूरी कोशिश भी कर रहे थे। मकसद साफ था कि चेयरपर्सन के प्रति गलत तस्वीर पेश करना लेकिन ये जनता और सब जानती है और साथ ही सफाई कर्मचारी भी अपने कर्तव्य और दायित्वों के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं। कुछ राजनीति करने वालों को छोड़कर और पर्दे के पीछे चाल चलने वालों को छोड़कर। कुछ राजनीति करने वाले हड़ताल जारी रखने की बात करने लगे लेकिन अपने कर्तव्य और दायित्वों के प्रति पूरी तरह समर्पित कर्मचारियों ने हड़ताल जारी रखने की बात कहने वालों का साफ तौर पर विरोध कर दिया और ज्यादातर कर्मचारी सफाई कार्य के लिये निकल गए। राजनीति करने वाले हड़ताल हड़ताल करते रहे लेकिन जब कस्बे के लोगों ने सफाई कर्मचारी काम पर देखे तो सभी ने एक स्वर में कहा कि अच्छे कर्मचारी एक अच्छे नागरिक होने का दायित्व निभा रहे हैं और ये तस्वीर नगर पंचायत चेयरपर्सन के बेहतर व्यवहार बेहतर रणनीति से ही मुमकिन है और साथ ही कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर राजनीति करने वाले लोगों को भी ये बड़ा सबक भी है।

चेयरपर्सन उमा त्यागी ने कहा कि कस्बे की सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के प्रयास लगातार जारी हैं। कुल मिलाकर अब हड़ताल खत्म हो गयी है और राजनिति करने वाले कुछ कर्मचारियों के मुंह भी लटक गये हैं। जिनध सफाई कर्मचारियों ने आज कस्बे की पूर्ण रुप से सफाई की उसके लिए नागरिकों ने उनका धन्यवाद किया है।



# उकावली में 50 लोगों ने किया रक्तदान

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव उकावली में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र परिसर पर आज बुधवार के दिन सर्वोदय जन कल्याण समिति शामली के तत्वाधान में एक रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन गांव उकावली के प्रधान विकास त्यागी ने अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया गया।

कैंप में आए सैंकड़ों लोगों में से कुल 50 ग्रामीणों ने ही अपनी स्वेच्छा से रक्तदान किया और गिफ्ट के रूप में शुगर नापने की मशीन, हेलमेट, कार्ड और फूटी प्राप्त की। शामली जनपद से आई टीम में शामिल पैथोलोजिस्ट अमरजीत प्रजापति ने बताया कि रक्तदान करने से किसी भी बीमार व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान करने से दिल के दौरे और स्ट्रोक का खतरा भी कम होता है। रक्तदान से रक्त प्रवाह बेहतर होता है। रक्तदान से धमनियों की रुकावटें कम होती हैं। रक्तदान से आयरन का स्तर संतुलित रहता है। रक्तदान से कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है। रक्तदान से वज़न घटाने में मदद मिलती है। रक्तदान से त्वचा संबंधी बीमारियों में भी फ़ायदा होता है। रक्तदान से खून की कई जांचें नि:शुल्क हो जाती हैं और रक्तदान से इमोशनल हेल्थ में भी सुधार होता है। यहां शामली टीम मे मानव मलिक, तुषार कुमार, सोनू कुमार और खलील अहमद रहे। ब्लड देने में सहयोग करने वालों में मुख्य रूप से गांव उकावली के सदानंद त्यागी, राजपाल त्यागी, विनय त्यागी, विकास त्यागी, नवीन त्यागी, सचिन त्यागी, पंकज त्यागी, निर्दोष, योगेंद्र और बालिस्टर त्यागी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## सरेआम युवक को पीटने वाले पुलिस के शिकंजे में

**बुढ़ाना।** एक युवक को चोर बताकर उसकी पिटाई करने वाले दोनों युवकों को बुढ़ाना पुलिस ने 24 घंटे से पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। बीते दिनों बुढाना कोतवाली क्षेत्र के बड़ौत रोड पर स्थित शराब के ठेके के पास दो युवकों ने एक युवक को चोर बताते हुए उसके साथ मारपीट की थी। इस दौरान काफी भीड़ जमा हो गयी थी लेकिन भीड़ में शामिल किसी व्यक्ति ने भी दोनों युवकों के चंगुल से उक्त युवक को नहीं छुड़ाया था। तब किसी ने इस घटना का वीडियो बना लिया था और वायरल कर दिया था। वीडियो के वायरल होते ही मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आ गया था। पुलिस ने युवक के साथ मारपीट करने वाले दोनों आरोपियों की तलाश शुरु कर दी थी। बुढ़ाना पुलिस के होनहार आरक्षी गजेंद्र कुमार, हरीश पाल और विजय कुमार की मेहनत रंग लाई और उन्होंने दोनों युवकों को चिंि. हत कर पकड़कर आज जेल भेज दिया। बताया जाता है कि भीड़ में दादा. गिरी दिखाकर युवक की सरेआम लात मुक्कों से पिटाई करने वाले दोनों युवकों को पुलिस ने अपना मेहमान बताते हुए दोनों की खूब खातिरदारी की। अब शायद ये दोनों भविष्य में किसी को भी पीटने की हिम्मत नहीं करेंगे। दोनों आरोपी पुलिस के आगे हाथ जोड़ते नजर आए और बोले सर माफ कर दो। आगे से कोई भी इस तरह की ग़लती नही होगी।

# सुभाष चौहान को भेंट की पुस्तक फूलों का गुलदस्ता

**मुजफ्फरनगर।** लेखक/समाजसेवी के द्वारा सुभाष चौहान को एक बेहतरीन व्यक्तित्व के स्वामी की संध्या से नवाज़ा।मुज़फ्फरनगर में अपनी अलग और विशिष्ट पहचान रखने वाले सुभाष चौहान को लेखक नादिर राणा द्वारा अपनी लिखित पुस्तक फूलों का गुलदस्ता भेंट की।

इस शिष्टाचार मुलाक़ात में नामित सदस्य स्वास्थ्य विभाग और वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष चौहान से वार्तालाप में बहुत से मुद्दों पर चर्चा हुई, चौहान एक संघर्षशील और निर्भीक इंसान हैं तथा सभी के सुखदुख में भागीदार रहते हैं, सभी धर्म वर्ग के लोगों का आदर सम्मान करते हैं, यही कारण है कि अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करते आ रहे हैं और सभी के लिए सदैव उपलब्ध रहते हैं, उनहोंने लेखक नादिर राणा की पुस्तक की सराहना की और सामाजिक ताने बाने को जोड़ने का प्रयास बताया तो वहीं लेखक नादिर राणा ने भी उनका धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए सुभाष चौहान को एक बेहतरीन व्यक्तित्व के स्वामी की संघिया से नवाजा, इस अवसर पर विविध विचार समाचार पत्र के संपादक मुहम्मद सुहेल भी मौजूद रहे जो निष्पक्ष भाव के साथ अपने मिशन में निरंतर लगे हुए हैं।



## युवा एकता समिति ने लगाया ब्लड डोनेशन कैंप

**बुढ़ाना।** तहसील क्षेत्र के गांव कसेरवा में युवा एकता समिति द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। जिसमें गांव के 30 लोगों ने रक्तदान किया। दुर्गा ब्लड बैंक मुजफ्फरनगर से आई टीम ने ब्लड का कलेक्शन किया। ब्लड डोनेशन कैंप के आयोजनकर्ता गांव कसेरवा के शोबान बालियान रहे। इस ब्लड कैंप का उद्घाटन मुख्य अतिथि बुढाना कस्बे के कांधला रोड पर स्थित अशोक नर्सिंग होम के आनर डॉक्टर अशोक कुमार और डॉक्टर मुहित खान ने संयुक्त रूप से अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया। इस अवसर पर डाक्टर अशोक कुमार ने बताया कि रक्तदान को महादान भी कहा जाता है। दुर्घटना या सर्जरी जैसे स्थिति में व्यक्ति की जान बचाने के लिए ब्लड की जरूरत पड़ती है। ऐसे में लोगों को ब्लड डोनेट करने के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल वर्ल्ड ब्लड डोनेट डे मनाया जाता है

# रालोद नेताओं ने पूर्व प्रधान मंत्री की प्रतिमा के अनावरण की रणनीति बनाई

**बुढ़ाना।** भारत रत्न से सुसज्जित और देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पिछले 20 वर्षो से भी अधिक समय से पन्नी में लिपटी हुई अपने ही अनावरण का इंतजार कर रही थी। अब खबर यह है कि बुढाना ब्लाक क्षेत्र के गांव परासौली नहर के पास गायत्री वाटिका में लिपटी प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम आगामी 08 मार्च को आयोजित किया जाएगा।

इस अनावरण कार्यक्रम की सफलता को लेकर रालोद नेताओं ने आज बुधवार के दिन बुढाना कस्बे के लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन परिसर में एक मिटिंग का आयोजन किया। जिसमें नेता विधानमंडल दल और बुढाना विधानसभा क्षेत्र के रालोद विधायक राजपाल सिंह बालियान की मौजूदगी में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम की सफलता के लिए रणनीति बनाई गई। इस मौके पर विधायक राजपाल सिंह बालियान ने मीटिंग में बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा का अनावरण 08 मार्च को होगा। इस मीटिंग में सभी वक्ताओं ने 8 मार्च को अनावरण के मौके पर अघधिक से अघधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। बुढ़ाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने भी अनावरण पर हजारों समर्थकों के साथ आने की बात कही। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री योगराज घसिंह, धर्मवीर बालियान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तरसपाल मलिक, प्रभात तोमर, रालोद जिला अध्यक्ष संदीप मलिक, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद मलिक, मुक.ेश मलिक, थाम सिंह, सुरेंद्र सहरावत, अंकित बालियान, अकरम कुरैशी, युवा रालोद जिला अध्यक्ष गज्जू पठान और बालकिशोर त्यागी आदि रालोद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## ठा. रामनाथ सिंह बने बैंक अध्यक्ष से प्रदेश उपाध्यक्ष



**लखनऊ/मुजफ्फरनगर।**मुज़फ्फरनगर व शामली के जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष ठाकुर रामनाथ को जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष संघ उत्तर प्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया वही प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह एवं प्रदेश महासचिव जे के सक्सेना लखनऊ बैंक मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह से मुलाकात की।

# द स्काईलैंड स्कूल में खेल उत्सव का समापन

**शाहपुर।** कस्बे की प्रमुख अग्रणी शिक्षण संस्था द स्काईलैंड स्कूल में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता 19 फरवरी को संपन्न हुई। जिसमें सभी 6 हाउस के एथलीट्स ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। और पूरे जोश व उत्साह के साथ अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन सभी खेलों में प्रदर्शित किया। दो दिवसीय खेलों में यमुना हाउस ने 9 गोल्ड मेडल जीतकर सबसे अधिक अंक प्राप्त किया और चौंपियन हाउस रहा। कृष्ण हाउस वह गंगा हाउस ने सभी खेलों में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आयुष बालियान को पूर्ण प्रतियोगिता का बेस्ट एथलीट चयनित किया गया। रस्सा खींच प्रतियोगिता में लड़कियों में कावेरी हाउस एवम लड़को में कृष्ण हाउस विजयी रहे। आयुष बालियान ने लड़को की छ्द्दद्द एवम ङ्कद्दद्द मीटर की रेस जीती। इस दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता को पूर्ण करने में विद्यालय के सभी अध्यापकों का पूर्ण सहयोग रहा। विद्यालय प्रबंधक राहुल गोयल व मनोज गोयल ने सभी एथलीट्स को शुभकामनाएं दी और सुनहरे भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल, शाह टाइम्स के पत्रकार भाग्य शर्मा, युवा समाजसेवी विनय गोयल, पत्रकार पीयूष शर्मा, एके स्टूडियो के स्वामी अंकित सैनी, वर्षित मित्तल, नलिन गोयल, प्रांजुल गोयल आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## बलात्कार का मुकदमा दर्ज

**छपार।** चार दिन पूर्व एक युवती के दूसरे समुदाय के युवक ने जबरन बलात्कार किया उसकी वीडियो वायरल हुई। जिसपर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर उसका डाक्टरी परीक्षण कराया है पीड़िता के भाई का आरोप है कि धमकाया व डराया जा रहा है। 15 फरवरी को क्षेत्र के गांव की युवती के साथ दूसरे समुदाय के युवक ने जबरन बलात्कार किया। पीड़िता ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी जिसपर वे थाने पहुंचे ओर आरोपी के विरुद्ध थाने रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मंगलवार को थाने बुलाकर उसको डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया। उसके भाई ने पुलिस को बताया कि उनपर फैसले का दबाव बनाया जा रहा है ओर डराया धमकाया जा रहा है।

# गन्ना मूल्य न बढ़ने से किसानों में भारी रोष, चारों ओर आक्रोश

**चरथावल।** प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष भी गन्ना मूल्य न बढ़ने से किसानो सहित क्षेत्रवासियो मे भारी रोष हे और गन्ना मूल्य मे बढ़ोतरी न करके सरकार का किसान विरोधी चेहरा जनता के सामने आ गया हे और इस सरकार का किसान हितो से दूर दूर तक का भी वास्ता नही हे और यह सरकार पूरी तरह से किसान विरोधी हे गन्ना मूल्य मे बढ़ोतरी न करने के सवाल पर ज़ब चरथावल विधायक पंकज मलिक से जानकारी चाहिए तो कहा की यह सरकार पूरी तरह किसान विरोधी हे और सरकार को किसानो से कोई लेना देना नही हे धर्म के नाम पर वोट लेने वाली इस सरकार को जनता अबके चुनाव मे उखाड़ फेकेगी और किसानो के हितो से इस सरकार को कोई सरोकार नही हे स वही किसान नेता काला प्रधान चौकड़ा ने कहा की सरकार ने गन्ना मूल्य न बढ़ाकर किसानो के साथ बड़ा बिवास घात किया हे और किसानो को कर्ज के बोझ तले यह सरकार डालना चाहती हे किसानो मे भारी आक्रोश हे चेयरमेन पद के





प्रत्याशी रहे डाक्टर सदाकत ने कहा की बसपा सरकार मे गन्ने मूल्य मे रिकार्ड बढ़ोतरी की गयी थी यह



सरकार पूरी तरह से किसान विरोधी हे किसान खून के आंसू रोने पर मजबूर हो चला हे खेती घाटे का सौदा हो चली हे स वही नगर पंचायत के वरिष्ठ सभासद और प्रमुख समाजस.ेवी गुलफाम काला मेंबर ने कहा की महगाई के इस दौर मे गन्ने के मूल्य मे बढ़ोतरी करनी चाहिए थी किसान पहले से ही कर्ज के बोझ तले दबा हुआ हे किसानो की सरकार को कोई परवाह नही हे प्रदेश की जनता को किसान विरोधी सरकार को बदलने के बारे मे सोचना चाहिए और किसानो की हालत पर इस सरकार को जरा भी दया नही आप रही हे



किसानो की हालत दिनोदिन खराब होती जा रही हे किसान संगठनों के साथ किसान को मजबूती से जुड़ना चाहिए राकेश टिकेत किसानो की आवाज को मजबूती के साथ उठाते हे सभी किसानो को राकेश टिकेत के हाथ मजबूत करने चाहिए जिससे किसानो को मजबूती मिला सके और किसानो का शोषण बंद हो सके गन्ना मूल्य न बढ़ने से अधिकतर किसानो ने आक्रोश जताया और पुरजोर मांग की सरकार को इस फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए और किसानो के बारे मे गहनता से विचार करना चाहिए।

**सूचना**

मेरी लड़की इरम जिसकी मैने चार साल पहले अनस निवासी इंचौली मेरठ के साथ शादी कर दी थी। इरम मेरे कहने में नहीं है तथा अपनी ससुराल वालों के नाजायज असर में है। इसलिए मैं व मेरे परिवार इरम से अपने संबंध विच्छेद करता है। आज के बाद मेरा या मेरे परिवार का इरम से कोई वास्ता मतलब नहीं रहेगा। तथा मेरी चल-अचल सम्पत्ति में इरम का कोई हक व अधिकार नहीं होगा। अपने द्वारा किए गए किसी भी कार्य या लेनदेन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी।

**चांद मिया पुत्री मंजूर खान**
**निवासी- मकान नम्बर 70, जसवंतपुरी, मुजफ्फरनगर**

# क्रांति सेना ने मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर में आज 19 फरवरी छत्रपति शिवाजी जयंती के अवसर पर पश्चिम उत्तर प्रदेश में विभिन्न जगहों पर उत्सव बनाया गया वहीं मुजफ्फरनगर में प्रकाश मार्केट स्थित पश्चिम उत्तर प्रदेश शिवसेना कार्यालय पर छत्रपति शिवाजी जयंती में कार्यकर्ताओं ने धूमधाम के साथ बनाई गई, जयंती के अवसर पर पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने कहा कि अपनी आने वाली पीढ़ी की सुरक्षा के लिए वर्तमान समय में हिंदुओं को सुव्यवस्थित संगठित होने की आवश्यकता है, क्रांति सेना के राष्ट्रीय महासचिव संजीव शंकर महाराज हिंदू वर्तमान में भी दयनीय स्थिति में है धर्म के आधार पर देश का बंटवारा हुआ और सांप्रदायिकता फैलाने का आरोप हिंदुओं पर लगता है, हिंदू की भविष्य में क्या स्थिति हो सकती है यह बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति से देखा जा सकता है, मंडल अध्यक्ष शरद कपूर ने कहा कि वर्तमान समय में हिंदुओं की कम होती जनसंख्या हिंदुओं के लिए खतरा है, लोकतंत्र में शस्त्रों से युद्ध शायद ना हो लेकिन शासन वोट से जीता जा सकता है फिर जिसका शासन होगा उसी का राज होगा, इस अवसर पर शिवसेना जिला अध्यक्ष आनंद प्रकाश गोयल, महिला मोर्चे से पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अलका शर्मा, जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी संस्कृति प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने भी अपनी वजह से विचार प्रकट किए।जयंती में मुख्य



रूप से संजीव वर्मा, गौरव गर्ग, राज.ेंद्र वर्मा ,राजन वर्मा, नरेंद्र ठाकुर, आदित्य कश्यप,ललित रुहेला, उज्ज्वल पंडित, राजेंद्र तायल, बादल ठाकुर, मंगतराम अमित मित्तल,बबलू ठाकुर विपुल गुप्ता, आशीष मिश्रा, शैलेंद्र विश्वकर्मा हम कुमार कश्यप, राकेश धीमान, पूनम चौहान अंजू त्यागी मिथिलेश गिरी सविता गौतम अनोखी दुबे रेखा त्यागी मोनिका शिवानी अनुष्का कविता आरती राजेश मीनू वही महिला मोर्चा में सुमन विश्वकर्मा व सहारनपुर से आशु क्लियर ने क्रांति सेना महिला मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की।

# एमडीएस विद्या मन्दिर में विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** मिल मन्सूरपुर स्थित एमडीएस विद्या मन्दिर इण्टर कॉलिज में आशीर्वाद समारोह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबन्धक सन्दीप कुमार एवं प्रधानाचार्य अनिल कुमार द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके उपरान्त अनिल शास्त्री के सानिध्य में यज्ञ किया गया।

इस अवसर पर कक्षा 11 के छात्र- छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर एवं उपहार भेंटकर कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं की खेल प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। इस अवसर पर शोभित यूनिवर्सिटी मेरठ से पधारे डा0 अजय वर्मा, पंकज शर्मा एवं महिमा शर्मा ने भी बच्चों को मार्गदर्शन कर उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्रबन्धक सन्दीप कुमार ने छात्र- छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जहाँ शिक्षक राष्ट्र का निर्माता होता है, वहीं छात्र भी राष्ट्र की अनमोल सम्पत्ति होते हैं।

छात्र और शिक्षक के बिना विद्यालय की कल्पना भी नहीं की जा सकती। जहाँ एक ओर एक अच्छे शिक्षक के अच्छा बनने में एक अच्छे विद्यार्थी का महत्वपूर्ण योगदान होता है, वहीं एक अच्छे विद्यार्थी के जीवन निर्माण के लिए भी एक अच्छे शिक्षक की महती आवश्यकता होती है। उन्होंने छात्र- छात्राओं को जीवन में आदर्श मूल्यों का परिपालन करते हुए जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा सभी को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने छात्र- छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परीक्षा विद्यार्थी कार्यकाल की रूटीन प्रक्रिया है। इसके लिए अतिरिक्त तनाव न लें। सफलता के लिए ऊर्जावान बने रहना है। विद्यार्थी अपना आत्मबिश्वास बनाए रखें। विद्यार्थियों के सभी विषय के कोर्स की खूब तैयारी है। परीक्षा 24 फरवरी से शुरू हैं। इससे पहले विषय की बची समस्याओं को शिक्षकों से दूर कर लें। मौसम बदल रहा है। परीक्षा में खाने-पीने व स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पूरे आत्मबिश्वास से परीक्षा दे। सफलता निश्चित है। भविष्य में अच्छे इंसान बनें।समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, गीत आदि प्रस्तुत किए। कक्षा 12 के सभी विद्यार्थियों डाक्युमेंट फाइल,सर्टिफिकेट एवं पेन भेंट किए गए। कहा गया कि पेन से जीवन की निजी सफलता समेत राष्ट्र प्रगति की गाथा लिखते रहे। कार्यक्रम का संच.ालन कक्षा 11 की पलक राठी, आरजू राठी एवं अंकिता बत्रा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ममता मलिक, रेनू चौधरी सहित सभी अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं का विशेष योगदान रहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# लाखों के विद्युत तार चोरी कर फरार हुए चोर

## कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रतनपुरी के जंगलों में चोरों के आतंक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। विगत रात्रि अज्ञात चोरों ने किसानों के खेतों में लगे विधुत पोल से लाखों रुपए के विद्युत तारों को काट कर चोरी कर फरार हो गए। इस घटना से किसानों में दहशत बनी हुई है।

वही किसान नेताओं ने भी चोरी की घटना के बाद रतनपुरी पुलिस के प्रति भारी आक्रोश व्यक्त करते हुय चोरी की घटना का खुलासा करने की मांग की है। रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव रायपुर नंगली के जंगलों में गांव में बिजली और खेतों की सिंचाई आपूर्ति के लिए विधुत लाइन के पोल लग। विगत रात्रि अज्ञात चोरों ने चलती विधुत लाइन के लगभग 600 मीटर विधुत तार काट कर चोरी कर फरार हो गए। इस विधुत लाइन से सेकड़ों किसानों की टड्वेल भी जुड़ी हुई है। तारो की चोरी होने से चार किसानों की टड्वेल बंद हो गई है जिससे किसानों को सिंचाई करने के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

तार चोरी की इस घटना के बाद किसानों और किसान नेताओं में आक्रोश बना हुआ है। भाकियू किसान नेता सचिन चौधरी का कहना है की पूर्व में भी किसानों की दर्जनों टड्वेलो में चोरी हो चुकी है। रतनपुरी पुलिस आज तक इन चोरों को गिरफ्तार करने में नाकाम साबित हुई है। बुधवार को किसान नेता सचिन ने

मुजफ्फरनगर जिला पंचायत सभागार में आयोजित किसान दिवस में अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुय कहा कि जल्द ही किसानों की टड्बवेलों पर तार नही लगाये गए और चोरों के खिलाफ कार्रवाई नही की गई तो रायपुर नंगली के किसान आंदोलन करेंगे।

# पीएम श्री विद्यालय भोकरहेडी में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**मोरना।** कस्बा भोकरहेडी स्थित पीएम श्री विद्यालय नं0 5 का वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह धूमधाम से मनाया गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सुन्दर प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि बीएसए संदीप कुमार व नगर चेयरमैन सरला देवी ने खेल प्रतियोगिताओं के मेधावी छात्र छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि बीएसए संदीप कुमार व नगर चेयरमैन सरला देवी ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया गया। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 2022 में पीएम श्री योजना का शुभारम्भ किया गया था।

सरकार द्वारा 14500 स्कूलों को योजना के तहत इन स्कूलों को मॉडर्न तकनीक के तहत बनाया जाएगा, जिससे सरकारी स्कूल के छात्र आधुनिक शिक्षा हासिल कर सकेंगे। इसमें भौतिक बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा। क्लास रूम को बेहतर तरीके से बनाया जाएगा तथा लैबोरेट्री की व्यवस्था की जाएगी। नगर चेयरमैन सरला देवी ने कहा कि कस्बे में शिक्षा के विकास को लेकर प्रयासरत हैं। स्कूल कॉलेज में शिक्षा के वातावरण को बेहतर बनाने के लिए हरसम्भव प्रयास किया जाएगा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में जानकी, खुशी ने सरस्वती वंदना, प्रीति ने स्वागत गान, काजल, साक्षी, संध्या, गरिमा, उर्वशी, लविशा, दिव्यांशी ने माणी सी उम्र, गंगा, प्रिया ने आदि योग नृत्य, सनाया ने शाम हो गयी मां, गंगा ने जिस देश में गंगा रहता है गानों पर सुन्दर प्रस्तुति दी। वहीं 50 मीटर बालिका दौड प्रतियोगिता में प्रीति प्रथम, ज्योति द्वितीय, बालक वर्ग में आर्यन प्रथम, मयंक द्वितीय, 100 मीटर बालक वर्ग में देव प्रथम, अरूण द्वितीय, गोला फेंक में अमन प्रथम व देव द्वितीय स्थान पर रहे। विजेता छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथियों द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बीआरसी



महमूदुल हसन, एआरपी सुरेश कुमार, प्रधानाध्यापिका आभा शर्मा, सहायक अध्यापिका लविशा रानी, प्रवेश देवी, रेणू धीमान, दीपक कुमार, सचिन कुमार वामन, वार्ड सभासद मुस्तकीम, मौ. इरफान, मशरूफ राव, हरपाल, अजय कुमार, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय विकास मंच के अध्यक्ष ने घटना पर जताया रोष

- राजबीर टीटू के विरोध जताने पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बुधवार को सठेड़ी गांव में कार सवार बदमाशों द्वारा किसान प्रवीण पर फायर झोंक कर किए गए जानलेवा हमले में खतौली के क्षेत्र विकास मंच पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस घटना पर रोष व्यक्त करते हुए रतनपुरी थाने पर पहुंच पुलिस से हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। वही नेताजी की मांग पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक अज्ञात हमलावर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

बुधवार को रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव सठेड़ी निवासी प्रवीण पर दिनदहाड़े कर सवार बदमाशों द्वारा गोली चलाकर किए गए जानलेवा हमले की घटना के बाद जहां ग्रामीणों में दहशत का माहौल है



वही इस घटना की सूचना के बाद खतौली के क्षेत्रीय विकास मंच पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजबीर सिंह टीटू ने भी घटना पर रोष व्यक्त किया और गांव में पहुँच पीड़ित किसान प्रवीण कुमार और उसके परिवार से मिलकर घटना की जानकारी करने के बाद दर्जनों लोगों मनोज चौहान, लाटूर सिंह, तुषार चौधरी, सोनू, रोहतास, पवन कुमार, गोपी, राकेश, विनोद आदि के साथ रतनपुरी थाने पर पहुँचे जहां उन्होंने पुलिस के सामने ही दिन दहाड़े किसान पर हुए जानलेवा हमले की घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुय सभी हमलावर कार सवारों की जल्द गिरफ्तारी करने की मांग की। वही पीड़ित किसान प्रवीण ने घटना की तहरीर रतनपुरी पुलिस को दे दी थी।

राजबीर सिंह ने पुलिस कार्रवाई पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुय कहा कि घटना को 6 घन्टे का समय हो गया है लेकिन अभी तक पुलिस किसान के हमलावरों का सुराग नही लगा पाई है। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस चाहती तो घटना के कुछ ही घन्टे बाद हमलावर बदमाशों को पकड़ सकती थी। लेकिन हैरत की बात तो यह है कि जब पुलिस ने किसान के हमलावर बदमाशों की कार से उनके मोबाइल और आधारकार्ड बरामद कर लिए थे तो फिर पुलिस अभी तक इन बदमाशों को क्यो नही पकड़ पाई ?, ये पुलिस की बड़ी लापरवाही है इसका जवाब रतनपुरी पुलिस देना होगा। पुलिस की ढीली कार्रवाई के चलते किसान के हमलावर पुलिस की आँखों मे धूल फांक कर फरार हो गए। उनका कहना था कि आये दिन किसानों पर हो रहे जानलेवा हमले से शासन प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल या निशान खड़े हो रहे हैं। वही राजबीर सिंह की मांग पर रतनपुरी पुलिस ने तत्काल प्रभाव से हमलावर एक अज्ञात बदमाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जिसे पकड़ने के लिए पुलिस जंगह जंगह दबिश दे रही है।

# ग्राम भैंसी में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र भैंसी में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ष्हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता ,बाल विकास परियोजना अधिकारी राहुल गुप्ता तथा खंड शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल द्वारा सरस्वती माता के आगे दीप प्रज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता तथा नायब तहसीलदार राजीव त्यागी तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी राहुल गुप्ता का स्वागत खण्ड शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया।

कार्यक्रम का संचालन सोविंदर कुमार मुजाहिदपुर ने किया। कार्यक्रम में सभी स्कूलों से अध्यापक तथा सभी गांव से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में भैंसी बड़सू , अंतवाड़ा आदि के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल गुप्ता ने बताया कि आंगनवाड़ी योजना के अंतर्गत बाल वाटिका में गांव के 3 से 6 वर्ष तक के बच्चे पढ़ाये जाते हैं बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा देने तथा उन्हें आगे की शिक्षा के लिए तैयार करने के लिए समन्वय बनाने के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में परिषदीय विद्यालयों के कक्षा 1तथा 2 के निपुण छात्र देव. राज, कार्तिक,पलक, आदित्य, भरत, सिमरन, यशस्वी, देवांश, सावन आदि तथा बाल वाटिका के बच्चों को खण्ड शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल द्वारा मेडल तथा स्टेशनरी आदि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नोडल संकुल शिक्षक कुलदीप जैन, ए आर पी पूनम रानी,कपिल पंवार, शैलेंद्र कुमार, अमीर आजम,अजय गुप्ता,निकिता, शिवकुमार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में मीनाक्षी,रितु, धर्मेन्द्र, अनिल,सोनू, प्रिया, ममता, मनोज, मनीषा आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आगामी बैठकों के लिए बनाई रणनीति

**बुढ़ाना।** आजाद समाज पार्टी मुजफ्फरनगर के जिला प्रभारी विकास अंबेडकर एडवोकेट, बुढाना विधानसभा अध्यक्ष दीपक कश्यप और भीम आर्मी मुजफ्फरनगर के जिला संगठन मंत्री नसीम अंसारी ने संयुक्त रूप से एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि आजाद समाज पार्टी के आगामी 23 फरवरी को बुढाना क्षेत्र में दो प्रोग्राम होंगे। जो सदस्यता अभियान के तौर पर किए जाएंगे। उसमें मंडल प्रभारी और दोनों जिला अध्यक्ष भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के सदस्यता अभियान को गति देने के लिए आ रहे हैं। पहला प्रोग्राम बुढ़ाना विधानसभा के गांव मंदवाड़ा में 1 बजे नफीस पुंडीर एडवोकेट के यहां और दूसरा प्रोग्राम शाम 5 बजे गुलरेज राणा एडवोकेट के यहां गांव जोला में होगा। इसीलिए सभी भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से गुजारिश की जाती है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर प्रोग्राम की शोभा बढ़ाएं।

### चांदबीर फौजी ने दिया भाकियू से इस्तीफा

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन को आज उस समय बडा झटका लगा जब जिले के एक मजबूत किसान नेता ने संगठन से त्यागपत्र दे दिया। त्यागपत्र में संगठन से विचार न मिलने को वजह बताया गया है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक मंसूरपुर क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी भारतीय किसान यूनियन के पूर्व प्रदेश सचिव चाँदबीर सिंह फ़ौजी ने आज अपने पद से त्यागपत्र दें दिया है। त्यागपत्र में कहा गया है कि भारतीय किसान यूनियन का गठन देश के महान किसान नेता स्व: चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत ने देश के किसानों की लड़ाई लड़ने के लिए किया था हमेशा अराजनैतिक रहने का संकल्प लिया था।

### युवती को बहलाकर ले जाने वाला गिरफ्तार

चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम दधेडू बस स्टैंड के पास से पुलिस ने युवती को बहला फुसलाकर भगा लेकर जाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया।दरअसल चरथावल थाना प्रभारी आईपीएस राजेश धनावत के नेतृत्व में उप निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार ने हेड कांस्टेबल सुशील कुमार,अजय कुमार के साथ मिलकर युवती को बहला फुसला कर भाग कर ले जाने वाले एक आरोपी परवेज पुत्र अल्ताफ निवासी लद्धावाला मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया गया है। जिसे पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर दधेडू बस अढे से गिरफ्तार किया गया है जिसे पुलिस के द्वारा जेल भेज दिया गया।

### शिवसेना ने किया शिवाजी महाराज को नमन

**मुजफ्फनगर।** सनातन हिंदू साम्राज्य के संस्थापक मा. शिवाजी महाराज जी की 395 वी जयंती शिवसेना कार्यालय पर शिवाजी महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर व शिवाजी महाराज के प्रिये शस्त्र तलवार का पूजन कर मनाई गई' शिवसेना नेताओं ने शिवाजी महाराज जी के पद चिन्हो पर चलने का आ]वान करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज गोरिल्ला युद्ध के जनक माने जाते हैं उन्होंने क्रूर औरंगजेब के खिलाफ गोरिल्ला युद्ध लडा और मुगलों की सेना को परास्त किया मगर आज का सनातनी हिंदू ना आमने सामने की लड़ाई लड़ पा रहा है और ना ही गोरिल्ला युद्ध क्योंकि आज का हिंदू सिर्फ खाने कमाने के चक्कर में सिमट कर रह गया है जबकि आने वाला भविष्य हमारी आने वाली पीढियां के लिए पतन का कारण बनेगा हमें खाने कमाने के साथ-साथ अपने परिवार एवं अपनी मातृभूमि की सुरक्षा हेतु योजनाएं बनानी होगी तब ही हम विधर्मियों से लड़ पाएंगे/ इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित रहे प्रदेश महासचिव डॉक्टर योगेंद्र शर्मा मंडल अध्यक्ष लोकेश सैनी मंडल महासचिव राजेश कश्यप मंडल उपाध्यक्ष संजय गोयल, गौतम कुमार हिंदू क्रांति सेना जिला अध्यक्ष हरेंद्र शर्मा शिवसेना जिला महासचिव चेतन देव आर्य नगर अध्यक्ष आशीष शर्मा जिला उपाध्यक्ष सनी वर्मा गोपी वर्मा नगर महासचिव डॉक्टर सचिन कुमार संजय कुमार आकाश उपाध्याय अभिषेक उपाध्याय मोनू खटीक भारत खोखर सूरज शेटी विशाल सिंघल दीपक वर्मा राजकुमार सैनी मुकेश कश्यप आदि मौजूद रहे।

# एसडी फार्मेसी में अक्टोपिक प्रेगनेंसी, टैरेटोजैनेसिटी पर अतिथि व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भोपा रोड स्थित एस0डी0 कॉलेज ऑफ फार्मेसी एण्ड वोकेशनल स्टडीज में आज दिनांक 19.02.2025 को एक दिवसीय एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डिपार्टमेंट ऑफ फार्मास्यिुटिकल टैक्नोलॉजी, मेरठ इन्सीटयूट ऑफ टैक्नोलॉजी, मेरठ डॉ0 विपिन कुमार गर्ग ने 'अक्टोपिक प्रेगनेंसी, टैरेटोजैनेसिटी' नामक शीर्षक पर अपने व्याख्यान दिये।

डॉ0 विपिन कुमार गर्ग ने बताया कि अक्टोपिक प्रेगनेंसी को अस्थानिक गर्भावस्था भी कहा जाता है, यह तब होती है जब निषेचित अंडा गर्भाशय के बाहर, आमतौर पर फैलोपियन टड्बू में प्रत्यारोपित होता है। यह स्थिति गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकती है और इसमें तत्काल चिकित्सा की आवश्यकता होती है। इस व्याख्यान में बताया गया कि एक्टोपिक प्रेगनेंसी के मुख्य प्रकार टड्बल, नॉन-टड्बल और हेटरोटोपिक होते हैं। इस उपलक्ष्य में कॉलेज निदेशक डा0 अरविन्द कुमार ने डा0 विपिन कुमार गर्ग का स्वागत करते हुए बताया कि एक्टोपिक प्रेगनेंसी के कारणों में पिछली टड्बल सर्जरी, श्रोणि सूजन की बीमारी, धूम्रपान और उन्नत मातृ आयु शामिल हैं। इसके लक्षणों में पेट में दर्द, असामान्य रक्तस्राव और चक्कर आना शामिल हैं। उपचार के विकल्पों में दवा के माध्यम से उपचार, जैसे मिथोट्रेक्सेट का उपयोग, और सर्जिकल हस्तक्षेप, जैसे लैप्रोस्कोपिक सर्जरी, शामिल हैं। इस व्याख्यान का उद्देश्य लोगों को एक्टोपिक प्रेगनेंसी के बारे में जागरूक करना और समय पर उपचार के महत्व को समझाना था।

इस कार्यक्रम में संस्थान के सभी पदाधिकारीगण एवं स्टॉफ, डा0 वैशाली, डा0 भुवनेन्द्र सिंह, डॉ निशा सिंह, डा0 पोपिन कुमार, डॉ मंयक चितरांश, मीनू देवी, रितू कौशिक, रवि कुमार, आसिफ खान, दीपिका, संजीव रतन तिवारी, अनुराग कुमार, कुलदीप सैनी, मौ0 सलमान, मौ0 जूबैर, नसीम अहमद, मुबास्सिर, अंशु पंवार, निदा बेबी, सुबोध कुमार, विनय कुमार, सना जैदी, सोनू कुमार, राहुल कुमार, अक्षय वर्मा, एलिश, अमन, स्मृति माथूर, आस्था, उत्सव गर्ग आदि उपस्थित रहे।



# दबंग भू-माफिया कविन्दर बने एसडीएम सरधना....

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** दरअसल यह मामला बड़ा ही दिलचस्प है। जिसमें यूपी के जिला मेरठ की तहसील सरधना का एसडीएम बनकर एक दबंग भू-माफिया ने गरीब लुहारों की भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर लुहारों को जमीन खाली करने का तुगलकी फरमान सुना डाला। आज सैंकड़ों गरीब लुहार सरधना तहसील आए। इनमे बुढाना कस्बे और क्षेत्र के लुहार समाज के भी लोग सहयोग के रुप में मौजूद रहे।

इन लुहारों का नेतृत्व संजय भगत लुहार ने किया। मौके पर आई सरधना एसडीएम को बताया कि वे ग्राम पौहल्ली जिला मेरठ के हैं। 24 वर्ष पूर्व यूपी के तत्कालीन सीएम राजनाथ सिंह की घोषणा द्वारा उन गरीब को भूमि आवंटित हुयी थी। उस समय के डीएम,



एसडीएम, विधायक, पूर्व प्रधान की मौजूदगी में 50 50 वर्ग मीटर भूमि खसरा संख्या 1704 में से पटटे आवंटित किये गये थे। जिस पर इन्दिरा आवास योजना के तहत मकान और शौचालय बनाकर दिये गये थे। कुछ लोग वहां स्थायी रूप से रह रहे हैं। कुछ लोग गांव गांव घूमकर घरेलू सामान बेचते हैं। उद्र भूमि से सम्बन्धित 142 परिवारों के सब दस्तावेज तहसील सरधना में जमा हैं और सब पटेदार हैं। कुछ गरीब लुहार आर्थिक कमजोरी की वजह से पटा संख्या 113 से 142 तक अपने आवासीय मकान नही बना सके जिसके सम्बन्ध में पूर्व में सरधना पटवारी एवं दबंग भूमाफिया कविन्द्र का ड्राईवर आया और कुछ दस्तावेजो पर हमारे अगूंठे लेकर गये और उसके बाद बीते 14 फरवरी को तहसील सरधना से कुछ कर्मचारी सरकारी गाडी से आये तथा उनके साथ वाले लोगो ने उनका परिचय एसडीएम सरधना बताकर दिया। बाद में जानकारी हुई कि गाडी मे बैठे जिस व्यक्ति को एसडीएम सरधना बताया गया वह व्यद्रि मेरठ जिले का भू माफिया कविंदर है। जिसका मूल कार्य धोखाधडी से कूटरचित कागज तैयार कर सरकारी व गैर सरकारी सम्पत्ति पर कब्जा करने के बाद बैंचना है। सबने एसडीएम से कविंदर के विरुद्ध कार्यवाही की मांग कर हंगामा किया और कहा कि अगर उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई तो वे तहसील में तंबू गाड़ देंगे। इस बारे में एसडीएम सरधना ने तहसीलदार को मामले की जांच सौंपी है।

# जिसने मांग उठाई उसी रालोद नेत्री को किया दरकिनार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आज बुधवार के दिन बुढाना के डाक बंगले पर हुई महत्त्वपूर्ण मीटिंग में रालोद महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती अनुपमा चौधरी को बुलावा नहीं दिया गया। जिसको लेकर रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी बहुत ही खफा नजर आई और कहा कि कुछ नेता इस अनावरण कार्यक्रम को लेकर रालोद नेताओं में दो फाड़ करना चाह रहे हैं। हमारे ग्रुप की सैंकड़ों महिलाएं रात दिन रालोद को मजबूत करने में मेरे साथ लगी हुई हैं।

अन्य दलों की महिलाओं को भी रालोद में शामिल करवाने में किसी भी तरह की कौर कसर नहीं छोड़ रही लेकिन फिर भी उनको रालोद की



किसी भी मीटिंग में महिला शक्ति को न्यौता नहीं दिया जाता। लगता है अब मुज़फ्फरनगर के स्वयम्भू पार्टी नेता नही चाहते कि कोई महिला रालोद पार्टी में रहे या पार्टी के लिए काम करे।

अगर ये ही बात है तो साफ साफ विज्ञापन निकलवा दो की मुज़फ्फरनगर जनपद में पार्टी को महिला कार्यकत्रियों की आवश्यकता नही हैं। कुछ पार्टी नेता पार्टी का सत्यानाश करके ही दम लेंगे। रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी ने बताया कि उन्होंने मंत्री अनिल कुमार से पहले भी परासौली के पास स्थित गायत्री वाटिका में स्थापित चौधरी चरण सिंह की मूर्ति के अनावरण का मुद्दा उठाया था लेकिन आज उनको ही अनावरण रणनीति की बैठक में दरकिनार कर दिया गया।

जो कि गलत है। उन्होंने आज की बैठक का बुलावा ना दिए जाने पर कुछ रालोद नेताओं को आड़े हाथों लिया और कहा कि कुछ लोग कल सपा के झंडे उठाए फिर रहे थे और आज वे रालोद में हम जैसी मेहनती महिलाओं को पूछ तक नहीं रहे।

# सेंट जेवियर्स में विधिक सेवा जागरूकता को लेकर सेमिनार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक सेवा जागरूकता शिविर के तहत एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला न्यायाधीश रितेश सचदेवा ने साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम विषय पर छात्र छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपना ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने, हमेशा सुरक्षित वेबसाइटों का उपयोग करने और किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करने की महत्वपूर्ण सलाह दी। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के सोच-समझकर उपयोग करने, सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने तथा केवल सकारात्मक और ज्ञानवर्धक उद्देश्यों के लिए ही इस्तेमाल करने की सलाह दी।गौरव कुमार ने विद्यार्थियों से चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, महिला हेल्पलाइन नंबर और साइबर क्राइम संबंधी शिकायतों के लिए आवश्यक हेल्पलाइन नंबर साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को इन हेल्पलाइन सेवाओं के महत्व और उनके सही उपयोग के बारे में जानकारी दी, जिससे वे किसी भी आपातस्थिति में तुरंत मदद प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के दौरान मोक्षी, मानसी, ब्रेवजोत, प्रीत सहित कई विद्यार्थियों ने अपने-अपने प्रश्न पूछे, जिनका जिला न्यायाधीश रितेश सचदेवा ने बेहद प्रभावी तरीके से उत्तर दिया। उनकी विस्तृत और सहज व्याख्या से विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद मिली। कार्यक्रम के समापन पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 पाठडोतर गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



# बुढ़ाना से महाकुंभ के लिए रवाना हुए श्रद्धालु

**बुढाना।** कस्बे से महाकुम्भ में प्रयागराज जाने के लिए एक बस में बैठकर दर्जनों श्रदालु बीते दिन रवाना हुए। इस दौरान अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिसटर्ड बुढाना ईकाई के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने हरी झंडी दिखाई और खुद भी श्रदालुओ के साथ प्रयागराज के लिए रवाना हुए। सभी श्रदालु प्रयागराज पहुंचकर महाकुम्भ प्रयागराज में स्नान करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कस्बे के मोहल्ला पारसी बस अढे से 54 धर्म प्रेमी भक्त एक बस के द्वारा प्रयागराज महाकुम्भ अमृत स्थान के लिए बुढाना से रवाना हुए। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने दूरभाष पर बतलाया कि सभी भक्तों ने महाकुम्भ में स्नान किया और पूजा अर्चना की तिलक लगाया और सूर्य भगवान को जल चढाया। गंगा घाट पर बैठकर परिवार की सुख शान्ति की भगवान से प्रार्थना की ताकि माँ गंगा मै "या की कृप्या सभी भक्तों पर बनी रहे और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आए। सभी ने माँ सरस्वती, माँ यमुना और माँ गंगा का आशीर्वाद भी लिया। कुम्भ प्रयाग राज जाने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार संगल, सदीप बंसल, अजय शर्मा, लाला बबलेश, बिजेन्द वर्मा, अशोक सैनी, लाला शिव राज, प्रदीप शर्मा, सोनू बडकता, जग्गेवरी बडकता, सुभाष प्रजापति विनोद और अरुण शर्मा आदि प्रयागराज महाकुम्भ में अमृत स्नान के लिए भी गये।



# डीएवी कॉलेज में लगाई चित्र प्रदर्शनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आज डी ए वी डिग्री कॉलेज मुजफ्फरनगर के प्रांगण में भारत के सुप्रसिद्ध मूर्तिकार पद्म विभूषण से सम्मानित राम वी सुतार जी के सौवे जन्मदिन के अवसर पर एक भव्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शहर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर एमके बंसल के द्वारा यज्ञ करके संपन्न हुआ। उद्घाटन के दौरान उनके जन्मदिवस के उपलक्ष में सो दिए जलाकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया।

प्रदर्शनी में मेरठ बिजनौर शामली सहारनपुर आदि जिलों के प्रसिद्ध कलाकारों के चित्र प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी में सभी चित्रकारों की सुंदर-सुंदर कलाकृतियां प्रदर्शित की गई। जिनमे हिमांशु पाल,आदित्य सैनी, सुनील सैनी, अनमोल सोनी सीमा त्यागी, आरती, मीनाक्षी, तान्या अभिषेक, आकाश, आयुषी, जयकुमार यादव, चंचल, वर्षा, प्राची



एवम् मानसी आदि कलाकारों की कलाकृति की भूरी भूरी प्रशंसा की गई। इस अवसर पर मेरठ कॉलेज से पधारे प्रसिद्ध कला मर्मज्ञ डॉक्टर राम अवतार अग्रवाल, मां शाकंभरी बिश्वविद्यालय सहारनपुर से पधारे रजिस्ट्रार वी के मौर्य ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन करके चित्रों को सराहा।

डी ए वी कॉलेज के भूतपूर्व प्रोफेसर आर एम तिवारी, डॉ मृदुला मित्तल, एसडी डिग्री कॉलेज प्रोफेसर डा बसंत जी, जैन पीजी कॉलेज की डॉ वंदना वर्मा, डी ए वी डिग्री कॉलेज की प्राचार्य डॉ गरिमा जैन एवं कॉलेज के विभाग अध्यक्ष डॉ वेदपाल सिंह कनीज हुसैन अंजूम इदरीसी, फरहीन, डॉ अनिल सैनी उपस्थित रहे तथा डॉ रजनीश गौतम मंच संचालन किया।

# भोपा अस्पताल में महिलाओं के ऑपरेशन आरम्भ

**भोपा।** क्षेत्र की ग्रामीण महिलाओ को सस्ता व सुलभ इलाज प्रदान कराने व क्षेत्र मे ही गर्भवती महिलाओ के ऑपरेशन द्वारा प्रसव कराने की मांग ग्रामीणों द्वारा की गयी थी।बिजनौर सांसद चंदन चौहान ने मीरांपुर विधायक रहते भोपा अस्पताल मे एफ आर यू यूनिट सुविधा की मांग लखनऊ विधानसभा मे उठाई थी जिसपर सरकार द्वारा संज्ञान लेकर यह प्रस्ताव पारित हो गया था।बुधवार को पहली बार सीएचसी भोपा में ऑपरेशन प्रसव से चार महिलाओ ने बच्चों को जन्म दिया। जच्चा बच्चा दोनों ही स्वस्थ है। लगभग दो वर्ष पूर्व सीएचसी को एफआरयू का दर्जा मिला था। कई बार ग्रामीणों ने अधिकारियों से स्टाफ बढाए जाने की मांग भी की थी।

चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉ. सत्येंद्र कुमार ने बताया कि हाल ही में अधिकारियों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती के साथ ही चिकित्सा से जुड़ी आवश्यक सामग्री,उपकरण उपलब्ध कराये थे।पहली बार सीएचसी पर ऑपरेशन प्रसव से चार बच्चो का जन्म हुआ। अब क्षेत्र की महिलाओं को इस सुविधा का लाभ मिल सकेगा। सीकरी की आकांक्षा,मजलिसपुर तौफीर की काजल ने बेटी को जन्म दिया। इसी के साथ जौली की सोज़ी व बेहड़ा सादात की शाहिन ने बेटे को जन्म दिया हैं। आज सीएचसी में ऑपरेशन प्रसव से जन्में बच्चों की किलकारी गूंजी। मिष्ठान आदि का वितरण भी किया गया।सांसद चंदन चौहान ने समस्त स्टाफ व महिलाओं को सफल ऑपरेशन सुविधा की बधाई देते हुए कहा की वह क्षेत्र के विकास तथा क्षेत्रवासियों को प्रत्येक सुविधाओं को दिलाने का प्रयास जारी रखेगे

इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.सत्येंद्र कुमार,डॉ.शिखा,डॉ.यशस्वी जैन,रामअवतार सिंह,जय सत्य सैनी, प्रवीण वैलिन,ग्लोरियस रूपस , सुप्रिया, दीपा, रवि नायक, मनोज कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# किसान दिवस में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

## कलक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में शुगर मिल शामली से निकली छाई व पॉलीथीन पर कार्रवाई की बात उठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों ने विद्युत विभाग, जल निगम, गन्ना भुगतान, निराश्रित पशु, शहर में नाले की सफाई, भूमि, रास्ते संबंधी, शुगर मिल शामली से छाई निकले, पॉलिथीन पर कार्रवाई की मांग उठाई।

किसान दिवस में जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि यदि किसी विभाग द्वारा शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरती जाती है तो उसके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आयोजित किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने पूर्व किसान दिवस में प्राप्त समस्या निस्तारण की समीक्षा की और शिकायतों में निस्तारण नहीं हुआ उनमें निस्तारण के निर्देश दिए। किसान दिवस में किसानों द्वारा मुख्य रूप से विद्युत विभाग, जल निगम, गन्ना भुगतान, निराश्रित पशु,शहर में नाले की सफाई, भूमिध्रास्ते संबंधी, शुगर मिल शामली से छाई निकले, पॉलिथीन पर कार्रवाई, बधेव ओर गौहरनी जंक्शन पर सुरक्षा व्यवस्था, आदि शिकायतें बताई गई। जिसका निस्तारण हेतु सभी संबंधित को निर्देशित किया गया।

किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा जल निगम के द्वारा जहां भी कार्य किया गया है वहां पर किसानों के अनुसार 5 गांव की जांच हेतु जिला कृषि अधिकारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग, डीपीआरओ को निर्देशित किया गया। पॉलिथीन कार्रवाई के संबंध में सीओ शामली, ईओ शामली को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा किसान राजन जावला द्वारा डागरौड माईनर में पानी न आने की समस्या को बताया। संजीव कुमार ने गोहरपुर लिंक मार्ग पर ओवरलोड डम्फर चलने की वजह से टूट रही सडकों को बताया।

हरीश चौधरी ने ग्राम भैसवाल के पशु चिकित्सालय में डाक्टर की नियुक्ति की मांग की। गुड्डू बनत ने शामली से भैसवाल मार्ग के बाईपास पर फ्लाई ओवर बनवाने की मांग की।इस अवसर पर सीडीओ विनय कुमार तिवारी, डीईओ प्रदीप कुमार, डा। एसपी सिंह, जिला गन्ना अधिक. ारी आरएस कुशवाह मौजूद रहे।



शामली। बैठक में निर्देश देते डीएम। छाया शाह टाइम्स



शामली। अपनी मांग रखते भाकियू कार्यकर्ता।

# युवक की मौत के मामले में ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के भारसी मोड़ के निकट एक सप्ताह पूर्व अज्ञात ट्रैक्टर की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था। पुलिस ने मृतक युवक के चाचा की की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ी करमू निवासी 25 वर्षीय विशाल पुत्र राकेश गत मंगलवार 11 फरवरी की शाम को अपनी बाइक पर सवार होकर दिल्ली जा रहा था। जैसे ही युवक क्षेत्र के गांव भारसी मोड पर पहुंचा तो बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी।वाहन चालक अपने वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। लगभग एक सप्ताह बाद मृतक युवक के चाचा मुकेश ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसके भतीजे विशाल को स्वराज ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से चला कर तेज गति से टक्कर मार कर मौत के घाट उतार दिया। और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी थी। पीड़ित ने आरोपी स्वराज ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने अज्ञात स्वराज ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि मृतक युवक के चाचा की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। शीघ्र ही चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# युवकों ने फायरिंग कर फैलाई दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** देर शाम कस्बे के मोहल्ला माजरा में दो युवकों ने हवाई फायर कर सनसनी फैला दी। फायर करने के बाद हथियार लहराते हुए युवक फरार हो गए। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस युवकों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

बुधवार की देर शाम कस्बे के मोहल्ला माजरा में दो युवकों ने तमंचे से हवाई फायर कर दहशत फैला दी युवक फायर कर तमंचे, पिस्टल हवा में लहराते हुए कार में बैठकर ऊन रोड ओर भाग निकले फायर की आवाज सुन जब मोहल्ले वाले युवकों के पीछे भागे तो ऊन रोड पर स्थित बालियान नर्सिंग होम के सामने भी युवकों ने हवा में फायर कर सनसनी फैला दी व कार से फरार हो गए । घटना की जानक. ारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों द्वारा बताए गए बदमाशों के हुलिया के तहत छानबीन में लग गई है तथा कस्बे में लगे कई जगह सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिली है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# युवक का चालान

**झिंझाना।** स्थानीय पुलिस ने सट्टे की खाई वाडी करते ऊन रोड काशीराम कॉलोनी के सामने से एक युवक को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से सट्टे में लगवाए गए रूपए व सट्टा पर्ची सहित अन्य सामान बरामद कर पुलिस पकड़े गए युवक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर रही है। ऊन रोड काशीराम कॉलोनी के सामने खाईवाडी करते एक युवक इमरान पुत्र अयूब निवासी मेमरान कस्बा झिंझाने को स पड़कर उसके कब्जे से 5170 रूपए नगद सट्टा पर्ची बरामद की है आरोपी पहले भी विद्युत अधिनियम व एनडीपीएस में जेल जा चुका हैएस आई राघवेंद्र सिंह ने बताया कि कस्बे में सट्टा होने की सूचनाओं मिल रही थी आरोपी पुलिस की पकड़ में नहीं आ रहा था आज सट्टे की खाईवाडी करते हुए पुलिस ने आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा है।

# कुरआन को मजबूती से पकड़ना ईमान की निशानी: मौलाना मदनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के जामिया अरबिया कासिम उलूम और जामिया आयशा लिलबनात में वार्षिक जलसा का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक और शैक्षणिक आयोजन में उलमा-ए-किराम, धार्मिक विद्वान, शिक्षक और छात्र शामिल हुए। जलसे की शुरुआत सैयद साद हाशमी की तिलावत-ए-कुरान से हुई, जिसकी प्रभावशाली तिलावत ने महफिल को रौशन कर दिया। इसके बाद कारी मोहम्मद नईम ने नअतीया कलाम पेश किया, जिसने श्रोताओं के दिलों में रसूल की मोहब्बत को और गहरा कर दिया। संचालन निपुणता के साथ मौलाना सुहैल अख्तर कासमी ने किया, जिन्होंने सभी वक्ताओं को खूबसूरत अंदाज में संबोधित किया और श्रोताओं का ध्यान आकर्षित किया।

जलसें में बयान करते हुए मौलाना सैयद हसन मदनी ने कहा कि कुरान को मजबूती से पकड़ना हमारे ईमान की सबसे बड़ी निशानी है। इस्लाम की हिफाजत और तरक्की में मदरसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और इनकी सुरक्षा पूरी उम्मत-ए-मुस्लिम की पहली जिम्मेदारी है।

उन्होंने इस्लामी शिक्षा के महत्व और इसके प्रचार-प्रसार में मदरसों की सेवाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला और मुसलमानों को धर्म से जुड़े रहने की नसीहत दी। जलसे में 20 तलबाओ की दस्तारबंदी हुई, जिन्हें पगड़ी पहनकर कुराने हाफिज की उपाधि प्रदान की गई। मौलाना सैयद हसन मदनी के द्वारा देश में अमन चौन की दुआ कराई गई। इस दौरान जलसे में सैयद मजहरुल हुदा कासमी, कारी उम्मीदुर्रहमान, कारी मोहम्मद मनव्वर, मौलाना आबिद, मौलाना औरंगजेब, कारी शुएब, कारी राशिद, सैयद मुआज हाशमी, मास्टर रिजवान, सैयद साद हाशमी, तूबा फलक हाशमी, सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### घर से बुलाकर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी एक व्यक्ति ने कई लोगों पर घर से बुलाकर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है पीड़ित ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी नसीम ने बताया कि पीड़ित मजदूरी पर पेड़ कटाई करने का कार्य करता है। आरोप है कि गांव के एक व्यक्ति ने उसे फोन कर कस्बे में अपनी दुकान पर पेड़ काटने के बहाने बुलाया और उसे कोल्ड ड्रिंक पिलाकर उसके साथ जमकर अपने कई लोगों के साथ मिलकर मारपीट कर दी। शौर शराबा होने पर मौके पर आस-,पड़ोस के दुकानदार भी मौके पर आ गए पीड़ित ने भाग कर अपनी जान बचाई। पीड़ित व्यक्ति ने घायल अवस्था में थाने पहुंचकर आरा. पी व उसके कई लोगों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने घायल व्यक्ति का डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### महाविद्यालय की छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस की शुरुआत प्रार्थना, लक्ष्यगीत एवं शिविर स्थल की साफ-सफाई से हुई। शि. विर के प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं ने मतदाता जागरूकता, सड़क सुरक्षा,स्वच्छता, पर्यावरण व जल संरक्षण, एवं वृद्धों का सम्मान जन जागरूकता रैली निकाली। रैली का नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ श्याम बाबू एवं डॉ अंकिता त्यागी द्वारा किया गया। रैली शिविर स्थल से निकलकर रायजादगान मोहल्ले से निकलते हुए सूरज कुंड मंदिर तक गई फिर वहां से शिविर स्थल पर आकर समाप्त हुई। स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न नारों जैसे- आपका भविष्य आपके हाथ हेलमेट रखें हमेशा साथ, चुनाव नहीं मतदान करें नए भारत का निर्माण करें, स्वच्छता ही सेवा है गंदगी जानलेवा है, प्रदूषण मिटाओ पर्यावरण बचाओ, बापू ने दिया था संदेश स्वच्छ रखो भारत देश, वृद्धों का सम्मान हमारी संस्कृति की पहचान एवं जल संरक्षण जीवन रक्षा की कुंजी है के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस दौरान महाविद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

### बीएसएल लैब 2 का सीएचसी परिसर में आरंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में हेपेटाइटिस-सी वायरल लोड की जांच का कार्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में स्थित बी.एस.एल. लैब 2 पर आरम्भ किया गया, जिसके अन्तर्गत जिला संयुक्त चिकित्सालय पर आने वाले मरीजो का हेपेटाइटिस-सी. वायरल लोड सैम्पल लेने के उपरान्त जसाला बी.एस.एल. लैब 2 में जांच हेतु उपलब्ध कराया जाएगा। बी.एस.एल. लैब-2 जसाला का उद्घाटन डा. अनिल कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीएमएस डा. किशोर आहुजा, डा. कृष्ण गोपाल, नोडल एन.वी.एच.सी.पी. , डा. करन चौधरी पब्लिक हेल्थ स्पेसलिस्ट के द्वारा फीता काट कर किया गया। उद्घघाटन के समय अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा. जाहिद अली त्यागी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा. रामबीर सिहं, चिकित्सा अधीक्षक, डा. अनुपम सैक्सेना, पैथोलॉजिस्ट एवं आशुतोष वास्तव, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, डा. विष्णु अग्रवाल उपस्थित थे।

### एसपी ने ली चौकी प्रभारियों की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार में समस्त थानों के चौकी प्रभारियों की मीटिंग आयोजित की गई। जिसमे अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था, साइबर अपराध की रोकथाम, आगामी त्यौहार सकुशल सम्पन्न कराए जाने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण व संदिग्ध वाहन, व्यक्ति की चौकिंग व सभी थानों की पिकेट डड्यूटी व गस्त में बढोत्तरी की जाए। उन्होने आगामी त्यौहारों को लेकर भी संबंधित थानाध्यक्षों से जानकारी हासिल की। इस के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शामली संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अमरदीप मौर्य, क्षेत्राधिकारी थानाभवन श्रेष्ठा ठाकुर, प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह चौहान मौजूद रहे।

### प्रबंधक समिति के चुनाव कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** कन्या गुरूकुल शिक्षण संस्थान भैंसवाल के पूर्व प्रबंधक व सदस्यों ने डीएम से पत्र देकर प्रबंधक समिति के चुनाव कराए जाने की मांग की है। बुधवार को डीएम अरविन्द कुमार चौहान को दिए पत्र में उन्होने कहा कि कन्या कल्याण गुरूकुल शिक्षण संस्थान इंटर कालेज की प्रबंधक समिति के अंतिम चुनाव 21 जनवरी 1992 में हुए थे। 21 जनवरी 1998 में अंतिम चुनाव हुए थे। अंतिम चुनाव की मतदाता सूची में कितने आजीवन सदस्यों की थी उसकी जांच होनी चाहिए। जांच के बाद संस्थान के प्रबंधक समिति के चुनाव कराए जाए। जिससे कालेज का विकास हो सके। इस अवसर पर पूर्व प्रबंधक यशपाल सिंह, सुमित, अशोक कुमार, ब्रजपाल सिंह, चरतपाल सिंह, रामबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत

## गांव तीतरवाड़ा में हुआ दर्दनाक हादसा, पुलिस ने मृतक के शव को पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा, हादसे से मृतक ग्रामीण के परिजनों में मचा को. हराम, दुर्घटना में घायल हुए छात्र की हालत भी नाजुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** बाइक पर सवार होकर शादी समारोह में जा रहे ग्रामीण की पिकअप की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में बाइक पर लिप्ट लेकर प्रैक्टिकल देने जा रहा एमए कक्षा का छात्र भी गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक ग्रामीण के शव को पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे से मृतक ग्रामीण के परि. जनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं, दुर्घटना में घायल छात्र की हालत भी काफी नाजुक बताई जा रही है।

बुधवार प्रात: क्षेत्र के गांव तीतरवाड़ा निवासी राजबीरद्ध50ऋ शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से सहारनपुर क्षेत्र में जा रहा था। गांव का ही पारिक पुत्र ओमपाल भी लिप्ट लेकर उसके पीछे बाइक पर बैठ गया। जैसे ही वह कैराना मार्ग पर गांव के बाहर स्थित मदरसे के निकट पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। पिअकप की टक्कर से बाइक चला रहे राजबीर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा पारिक गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी चालक पिकअप गाड़ी को छोड़कर मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सहायता से दोनों को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने राजबीर को मृत घोषित कर दिया। जबकि गम्भीर रूप से घायल छात्र को मेरठ के लिए रेफर कर दिया। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत का कहना है कि गांव तीतरवाड़ा में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर प्राप्त होते ही मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।



मृतक राजबीर का फाइल फोटो।

### थ्री-व्हीलर में टक्कर मारने के बाद पलट गई पिकअप

गांव तीतरवाड़ा में बुधवार सुबह हुए सड़क हादसे का कारण तेज रफ्तार व लापरवाही बताया जा रहा है। बताया गया है कि बाइक चला रहे राजबीर ने कैराना की ओर जा रहे यात्री थ्री-व्हीलर को ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर मारने के बाद पिअकप गाड़ी ने थ्री-व्हीलर को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद पिअकप सड़क पर ही पलट गई। हादसे में पिअकप चालक भी बाल-बाल बच गया। पिअकप की टक्कर से थ्री-व्हीलर में बैठी तीन सवारियों को भी काफी चोट आई है, जिनमें से दो गांव इस्सोपुर टील व एक तीतरवाड़ा का बताया गया है।

### प्रैक्टिकल देने के लिए घर से निकला था छात्र पारिक

हादसे में गम्भीर रूप से घायल हुआ 24 वर्षीय युवक पारिक एमए का छात्र बताया गया है, जिसका बुधवार को वीवी डिग्री कॉलेज शामली में भूगोल विषय का प्रैक्टिकल था। उसने कैराना तक पहुं. चने के लिए गांव के ही राजबीर की बाइक पर लिप्ट ली थी। हादसे में घायल छात्र को मेरठ के भाग्य हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

जहां पर उसकी हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। वहीं, हादसे का शिकार हुआ ग्रामीण राजबीर तीन बच्चों का पिता बताया गया है, जिसमें दो लड़की व एक लड़का शामिल है। मृतक की एक लड़की की शादी हो चुकी है, जबकि एक पुत्र व पुत्री अविवाहित है। मृतक के बड़े भाई राजेश की करीब दस वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। हादसे से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# त्योहारों पर माहौल खराब करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** बुधवार को थाना प्रांगण में आगामी त्यौहार होली और माहे रमजान को लेकर शांति समिति और पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए व्यापार मंडल के अध्यक्ष ईश्वर दयाल कंसल ने कहा कि कस्बे और क्षेत्र का इतिहास रहा है कि कस्बे और क्षेत्र में दोनों समुदाय के लोग त्योहारों को आपसी भाईचारे और प्यार के साथ मनाते हैं और एक दूसरे के सुख-दुख में शामिल होते है। एडवोकेट नावेद जंग ने बैठक में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांधला कस्बा हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल है। कस्बे में मंदिर और मस्जिद की दीवार एक है। मंदिर में भजन होता है तो दूसरी और मस्जिद में अजान होती है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह ने बैठक में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि होली के त्योहार पर बिना किसी की सहमति के रंग में लगाए। शांति और भाईचारे के साथ त्योहार मनाए। अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी प्रकार की घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें। अपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस का सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि त्योहारों पर माहौल खराब करने वाले असामा. जिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। माहौल खराब करने वाले लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान बैठक में एस एस आई सुभाष सिंह, रणवीर सिंह, प्रधान संगठन के अध्यक्ष संदीप पवांर, अफजाल सभासद, बाबा ब्रह्मपाल नाला, इकबाल मंसूरी, उमर नवाज खान, गुलशन खन्ना, रिजवान अंसारी, पंकज मलिक प्रधान सहित दोनों समुदाय के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# पशु कल्याण जागरूकता-बांझपन शिविर में किया पशुओं का इलाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** बुधवार को खेडी खुशनाम मे पशु विभाग द्वारा एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य चिकित्सा व बांझपन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पशुपालन पदाधिकारी प्रभारी ऊन डा0 मौ इमरान अंसारी ने किया। शिविर डा0 इमरान अंसारी ने कहा कि पशुओं में बांझपन सबसे बड़ी समस्या है। इस शिविर में जो भी किसान व पशुपालक अपने पशु के इलाज को आया उनके नि:शुल्क दवा के साथ पशुओं की समस्याओं पर सलाह दी गई । जागरूकता कार्यक्रम में बताया कि गाय अथवा भैंस निश्चित तौर पर दुबारा गर्भवती होगी और पशुपालकों को लाभ मिलेगा। इस दौरान सैक्डो पशुओं को दवा वितरित की गई।

डा. इमरान अंसारी ने शिविर में पशुपालकों बताया कि बांझ गाय, भैंस, बाछी व पारी को कैसे सही समय पर गर्भवती किया जाए। उन्होंने कहा कि दुधारु गाय, भैंस बच्चा देने के लिए छह से नौ माह तक तथा बाछी व पारी तीन से पांच साल तक गर्भवती नहीं होती उसे बांझ कहा जाता है। ऐसे पशुपालकों को निश्चित रूप से चिकित्सीय सलाह की आवश्यकता होती है। इस शिविर का उद्देश्य यही है कि उन गाय, भैंस, बाछी व पारी को दुधारु बनाकर पशुपालकों को लाभ पहुंचाना है तथा शंकर नस्ल के पशुओं के प्रति अभिरुचि जगाना है। बांझपन के कारण क्रास ब्रीड गाय पर से लोगों का विश्वास उठ रहा है। शिविर में दुधारु पशुओं का मुफ्त इलाज किया गया तथा दवा दी गई। शिविर में पशु मैत्री देवेन्द्र कुमार,राजबीर सिंह,भारत भूषण,सोनू विपिन,राजकुमार,रमेश, एंव क्षेत्र के सैक्डो पशुपालक व किसान मौजूद रहे।



खेडी खुशनाम में पशु विभाग के जागरूकता कार्यक्रम मे उपस्थित अधिकारी एवं ग्रामीण। छाया शाह टाइम्स

# मारपीट कर कानों के कुंडल और नकदी छीनने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** बागपत जनपद के गांव हलालपुर निवासी एक दंपति ने आधा दर्जन से अधिक युवकों पर क्षेत्र के गंगेरू मार्ग ईंट भट्टे के समीप मारपीट कर कानों के कुंडल एवं हजारों की नगदी छीन कर ले जाने और महिला ने उसके पति को जबरदस्ती दारू पिलाकर पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए आरोपियों को के विरुद्ध तहरीर दी दी है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

बुधवार को बागपत जनपद के छपरौली थाना क्षेत्र के गांव हलाल. पुर निवासी एक महिला ने बताया कि पीड़िता गत 16 फरवरी की शाम को मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने पति एवं 3 वर्ष के मासूम बच्चे को लेकर गंगेरू से होते हुए अपने गांव जा रहे थी। जैसे ही पीड़ित क्षेत्र के गंगेरू मार्ग ईंट भठे के समीप पहुंचे तो आधा दर्जन से अधिक युवकों ने उनकी बाइक को रोक लिया।

आरोपियो ने पीड़ित पति-पत्नी के साथ जमकर मारपीट की और उसके कानों के कुंडल निकाल लिए और पीड़ित कांधला से अपनी कमेटी के 82 हजार रूपए लेकर अपने गांव जा रहे थे वह भी आरो. पियों ने छीन लिए। आरोप है कि पीड़िता के साथ छेड़छाड़ की हरकत करते हुए उसके पति को जबरदस्ती दारू पिलाने का प्रयास किया और पीड़िता के कपड़े भी उतरने का प्रयास किया। और दोनों पति-पत्नी को आरोपियों ने अलग-अलग समुदाय का बताकर उनके साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया शौर शराबा होने पर आरोपी युवक मौके से फरार हो गए।

पीड़ित महिला का कहना है कि वह आरोपियों के डर परेशान होकर अब कस्बा कैराना में रह रहे हैं। पीड़ित महिला ने दो युवकों को नामजद करते हुए कई अज्ञात के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगाकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि एक महिला की तहरीर मिली है घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है पुलिस जांच कर रही है जांच का उचित कार्रवाई की जाएगी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद शामली ( जनपद-शामली )

पत्रांक: 21 दिनांक:- 19.2.25

**ई-टैण्डर अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद शामली 15वां वित्त (Untied Grant)/ 15वां वित्त (Tied Grant)/ राज्य वित्त आयोग मद के अन्तर्गत (26 निर्माण कार्य) दिनांक 3.3.25 समय 5:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर निविदाएं रजिस्टर्ड श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से शर्तों के आधार पर आमंत्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। अभिलेख दिनांक 21.3.25 से दिनांक 3.3.25 तक सांय 5:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। सभी निविदादाता दिनांक 3.3.25 की सांय 5:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते हैं। जो दिनांक 4.3.25 को समय: 11:00 बजे से खोले जाएंगे। निर्धारित निविदा शुल्क पालिका के निम्न खाता में जमा किया जा सकता है। जिसकी प्रप्ति निविदा के साथ अपलोड की जानी अनिवार्य होगी, अन्यथा की स्थिति में निविदा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

| | |
|---|---|
| बैंक का नाम | आईसीआईसीआई बैंक, शाखा शामली |
| खाता संख्या | 066801001515 |
| आई.एफ.एस.सी. कोड | ICIC0000668 |
| Tender Reference | 21/E-T/PWC/2024-25 |
| Publish and time for PEP | 21.2.25 UPTO 4:00 PM |
| Last Date and Time for Submission of Tender | 3.3.25 AT 5:00PM |
| Open E-Tender Date | 4.3.25 AT 11:00AM |
| Place of Opening of E-Tender | Nagar Palika Parishad Shamli Office |
| E-Tender Security | Net Amount of RTGS |
| E-Tender Document Precessing | 500+GST@18%=590(RTGS) for eatch work |

**अध्यक्ष**
**नगरपालिका परिषद शामली**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद शामली**

# निगम का शिकंजा: शुभम प्लाजा की 23 दुकानें सील



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर नगर निगम की राजस्व टीम ने आज बड़े बकायादारों पर शिकंजा कसते हुए अंबाला रोड स्थित शुभम प्लाजा की 23 दुकानों को सील कर दिया। जबकि घंटाघर स्थित एक होटल तथा कुछ दुकानों को सील करने की जैसे ही कार्यवाही शुरू की मौके पर ही भवन स्वामियों ने टैक्स जमा करा दिया। इस करवाई से बड़े बकायादारों में हड़कंप मचा है। कल बाजोरिया रोड स्थित पिंजौरा बादशाहपुर में भी बड़े बकायादारों पर भवन कुर्की एवं सील की कार्रवाई की जाएगी।

नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर नगर निगम की राजस्व टीम आज कर अधीक्षक सुधीर शर्मा के नेतृत्व में घंटाघर स्थित वेलकम होटल पहुंची और सील की कार्रवाई शुरू कर दी। सुधीर शर्मा ने बताया कि होटल पर 13 लाख 25 हजार 522 रुपए टैक्स बकाया था। जिसके लिए होटल स्वामी को इससे पूर्व कई बार नोटिस दिया जा चुका था लेकिन बकाया जमा न करने पर आज निगम के अधिकारी होटल सील करने पहुंचे तो हड़कंप मच गया। जिस पर होटल स्वामी ने दो लाख रुपए मौके पर ही जमा कराए और 10 मार्च तक शेष बकाया टैक्स जमा करने का लिखितआश्वासन दिया है। इसके बाद निगम अधिकारी अंबा. ला रोड स्थित शुभम प्लाजा पहुंचे और तीस दुकानों को सील करने की करवाई शुरू कर दी, जिससे दुकानदारों में खलबली मच गई। कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया की शुभम प्लाजा की 41 दुकानों पर 7 लाख 53 हजार 396 रुपए का टैक्स बकाया था। दुकान स्वामियों को नोटिस भेजे जाने पर 11 दुकानदारों ने पहले ही एक लाख 60 हजार रुपए जमा करा दिए थे। आज जैसे ही बाकि तीस दुकानों को सील करने की कार्यवाही शुरू की गई तो सात दुकानदारों ने मौके पर ही एक लाख 20 हजार रुपए जमा करा दिए। शेष 23 दुकानों को सील कर दिया गया है। कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि बड़े बकायादारों पर कुर्की एवं सील करने की कार्रवाई जारी रहेगी।

कल बाजोरिया रोड स्थित पिंजौरा बादशाहपुर में भवनसील एवं कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्रवाई के दौरान कर अधीक्षक सुधीर शर्मा के अतिरिक्त निगम के संपत्ति सुरक्षा अधिकारी हरि प्रकाश कसाना, प्रवर्तन दल के प्यार सिंह तथा राजस्व टीम में अंशुल व रामशरण आदि शामिल रहे।

# अम्बेहटा में बेकाबू कार का कहर



**अंबेहटा।** बुधवार को अनियंत्रित स्कार्पियो ने हवा में उड़कर तीन शटरो को उखाड़ दिया और दो बाइको अपनी चपेट मे ले लिया। जिसमे छह से साथ लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

कस्बे के मोहल्ला गाडान निवासी आस मोहम्मद पुत्र मुनीर की बारात जनपद के ही सोहलपूर पडली गई हुई थी। बुधवार साढ़े चार से पांच बजे बीच बारात वापस आ रही थी। वापस आते समय स्कॉर्पियो गाड़ी अंबेहटा सहारनपुर रोड विशाल गार्डन से आगे निकलने के बाद स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित हो गई और नवाब पेस्टिसाइड की दुकान में टकराकर हवा में उछल गयी और दो बाइको सहित तीन दुकानों के शटर उखाड़ दिए। घटना में छह से साथ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

दुकान स्वामी के अनुसार गाड़ी की गति इतनी तेज थी कि गाड़ी अनियंत्रित होकर उछल कर दुकान के 12 फीट ऊपर छज्जे पर जा लगी है। गाड़ी के टायरों के निशान दुकान के छज्जे पर बन गये। उसके बाद गाड़ी जमीन पर धाडाम से गिर गई जिसके नीचे दुकान पर खड़ी एक स्प्लेंडर बाइक गाड़ी के निचे दब गई व एक इलेक्ट्रिक स्कूटर क्षतिग्रस्त हो गई गाड़ी बहुत तीव्र गति पर होने के कारण ड्राइवर पर नियंत्रण नहीं हो पाई जिसके कारण यह घटना घटी है। घायल युवक अंबेहटा के मोहल्ला गाड़ान निवासी व एक युवक इस्लामनगर निवासी बताया जा रहा है।

# आपदा में बचाव का दिया प्रशिक्षण




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एनडीआरएफ की टीम ने एनसीसी कैडेटस को आपदा में बचाव के तरीकों का प्रशिक्षण दिया।

अंबाला रोड स्थित गुरू नानक इंटर कालेज में कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य मोहन सिंह चौहान एवं आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ पंकज कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जीवन को बचाने के लिए विभिन्न आपदाओं में किस प्रकार का रिस्पांस देना चाहिए डेमोंसट्रेशन के माध्यम से बताया गया। सीपीआर कैसे दी जाती है कैसे आग में अपने आप को बचाया जाता है, बाढ़ में राहत कार्य कैसे किया जा सकता है, भूकंप में किस प्रकार बचाव किया जा सकता है। इस प्रकार के विभिन्न आपदाओं की जानकारी दी तथा उससे बचाव के तरीके भी बताएं। कार्यक्रम में एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट सुबेग सिंह, बीडी बाजोरिया इंटर कॉलेज के लेफ्टिनेंट सुधीर कुमार, प्रवक्ता जगजीत सिंह, सहायक अध्यापक राजेंद्र शर्मा एवं नरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने भगवान राम के बारे में अभद्र टिप्पणी कर हिंदू समाज के लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

उपनिरीक्षक यमुना प्रसाद ने थाना कुतुबशेर में लिखित तहरीर देकर बताया था कि आरोपी संजय पुत्र अतर सिंह निवासी हबीबगढ़ रोड ग्राम लहियागढ़ थाना कुतुबशेर ने भगवान श्रीराम के बारे में अभद्र टिप्पणी कर हिंदू समाज के लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी थी। मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित आरोपी संजय पुत्र अतर सिंह निवासी हबीबगढ़ रोड ग्राम लहियागढ़ थाना कुतुबशेर को गिरफ्तार कर लिया।

# सीनियर जूडो प्रतियोगिता में मेरठ बना विजेता



**सहारनपुर।** तीन दिवसीय पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रदेश स्तरीय सीनियर जूडो प्रतियोगिता में मेरठ को विजेता बनने का गौरव हासिल हुआ, जबकि लखनऊ उप विजेता व सहारनपुर द्वितीय उपविजेता रहा।

स्टेडियम में प्रतियोगिता के समापन पर एडीएमएफ रजनीश कुमार मिश्र ने खिलाडियों मेडल प्रदान किये। क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी डा.अतुल सिन्हा व प्रतियोगिता निदेशक दीपक गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग के 73 किग्रा में मेरठ के प्रिंस ने प्रथम, बरेली के गौरव ने द्वितीय, 81 किग्रा में मेरठ के अमित ने प्रथम, गोरखपुर के विवेक ने द्वितीय, 90 किग्रा में मेरठ के बिरम सिंह राठी ने प्रथम, लखनऊ के माधव ने द्वितीय, 100 किग्रा भार वर्ग में लखनऊ के विधान ने प्रथम, अभिषेक ने द्वितीय, 55 किग्रा में मेरठ के अभिषेक ने प्रथम, अयोध्या के शादान ने द्वितीय, 60 किग्रा में बरेली के अनमोल ने प्रथम, मुरादाबाद के आदित्य ने द्वितीय, 66 किग्रा में सहारनपुर के कार्तिक ने प्रथम, लखनऊ के विशाल ने द्वितीय तथा महिला वर्ग के 44 किग्रा में सहारनपुर की शगुन ने प्रथम, मुरादाबाद की आकृति ने द्वितीय, 48 किग्रा में मेरठ की अंजलि ने प्रथम, सहारनपुर की दाक्षी ने द्वितीय, 52 किग्रा में लखनऊ की मानसी ने प्रथम, मेरठ की सृष्टि ने द्वितीय, 57 किग्रा में लखनऊ की टीना ने प्रथम, प्रयागराज की अमृता ने द्वितीय, 63 किग्रा में लखनऊ की सुमन ने प्रथम, मुरादाबाद की चंचल ने द्वितीय , 70 किग्रा में मुरादाबाद की डोली ने प्रथम, गोरखपुर की खुशी ने द्वितीय, 78 किग्रा में मेरठ की नित्या ने प्रथम, लखनऊ की आकांक्षा ने द्वितीय, 78 किग्रा प्लस में सहारनपुर की शैली ने प्रथम, प्रयागराज की इशिता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की मनाई जयंती



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने आज हिंदू समाज के सिरमौर छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनायी और उनके आदर्श और सिद्धांतों को अपनाते हुए हिंदू समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। इस दौरान हिंदुत्व की रक्षा का शपथ भी ली गयी।

हकीकत नगर स्थित रामलीला मैदान पर हिंदू युवा वाहिनी के संजय वर्मा के नेतृत्व में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सभी लोगों ने छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संजय वर्मा ने कहा कि छत्रपति शिवा. जी महाराज ने हिंदुत्व की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। हमें उनके आदशों और सिद्धांतों को अपनाकर हिंदुत्व की रक्षा और समाज को एकजुट किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को शास्त्र शस्त्र की शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि वह आने वाली चुनौतियों का मुकाबला कर सकें। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने बच्चों को हिंदुत्व की रक्षा करने का महत्व समझाएं। संजय वर्मा ने कहा कि छत्रपात शिवाजी महाराज ने 1674 ई० में पश्चिमी भारत में मराठा साम्राज्य की नींव रखी। इसके लिए उन्होंने मुगल साम्राज्य के शासक औरंगजेब से संघर्ष करते हुए हिन्दुत्व की रक्षा की। इस अवसर पर हिन्दू वीरों ने शपथ ग्रहण करते हुए कहा कि जब तक हमारे तन में रक्त की एक-एक बूंद है, हम हिन्दुत्व की रक्षार्थ लड़ते रहेंगे। अपनी बहन-बेटियों की लव जेहाद एवं गौ माता की रक्षा के लिए गौ हत्यारों से संघर्ष करते रहेंगे। हिन्दु युवा वाहिनी के महानगर अध्यक्ष रोहित कटारिया ने आह्वान किया कि जाति बंधन तोडकर हम सब सनातनी बन जाएं तभी हम राष्ट्र और धर्म की रक्षा कर पायेंगे। कार्यक्रम को राहुत आत्रे, कुलदीप राणा, पंकज शर्मा, आशा सब्बरवाल, सतीश भगत जी, राज. कुमारी जैसवाल, अन्नु शर्मा, विशाखा शर्मा, राकेश कोरी, अमित शर्मा, विकास सैनी, रमन वर्मा, गगन नागपाल, शिवा कटारिया ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर कृष्णा, वैभव पण्डित, प्रिन्स बुम्बक, विकास सैनी, अमरेश धीमान, अंशुल वाल्मिीकी, श्याम गौतम, टिन्कू सोनकर, जबर सिंह नाथ, सतीश चौहान, सुन्दर गुर्जर, सचिन सैनी, मुकेश कौरी, जौनी कटारिया, मंगल सिंह कोरी आदि उपस्थित रहे।

## भिड़ंत में दो घायल

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में सवारी ऑटो व बाईक की भिंड़त में बाईक सवार युवक व उसकी दो वर्षीय पुत्री गम्भीर रूप से घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय युवक कलीम पुत्र मकबूल निवासी कस्बा अंबेहटा पीर थाना नकुड़ अपनी पत्नी नगमा, पुत्री नायरा (2 वर्ष ) व इसरा ( 06 माह ) के साथ अपनी बाईक पर सवार होकर पठेड़ गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहा था। जैसे ही वह चिलकाना गंदेवड़ रोड पर सीएचसी सुल्तानपुर के निकट पहुंचे तभी सामने की ओर से तेज गति से आ रहे एक सवारी ऑटो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाईक सवार दम्पत्ति दूर जाकर गिर पड़े। हादसे में बाईक क्षतिग्रस्त होने के साथ ही बाईक चालक कलीम व उसकी 2 वर्षीय पुत्री नायरा गम्भीर रूप से घायल हो गए।

# नमोकार महामंत्र का कराया पाठ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** जैन जगत के सर्वश्रेष्ठ मुनि संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर महामु. निराज का प्रथम समाधि दिवस आयोजित विनयांजलि सभा में नमो. कार महामंत्र पाठ के साथ मनाया गया।

कस्बे में स्थित त्यागी भवन में जैन समाज की ओर से विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें बताया गया कि जैन समाज के सर्वोच्च जैनाचार्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का जन्म आज से 79 वर्ष पूर्व कर्नाटक राज्य के सदलगा ग्राम में शरद पूर्णिमा के दिन बालक विद्याधर के रुप में हुआ था। उन्होंने अपने जीवन में ऐसी साधना की जो वर्तमान समय में कर पाना असम्भव है। उन्होंने देश व समाज के कल्याण के लिए हथकरघा, पूर्ण आयु, प्रतिभा स्थली, पूरी मैत्री, गोशाला आदि अनेकों योजनाएं चलाई जो आज भी अनेकों लोगों की आजीविका का साधन बनी हुई है। प्रात: मंदिर में श्री जी का अभिषेक कर पूजन प्रक्षाल और शांतिधारा की गई। इसके बाद आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की पूजा की गई। शाम को जैन त्यागी आचार्य श्री जी की आरती कर महामंत्र का पाठ किया गया। आचार्य श्री जन जन के ह्रदय में सदा विराजमान रहेंगे। जैन समाज ही नहीं अन्य समाज भी आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को भगवान् मानती है। उनका संयम रूपी जीवन समाज के लिए एक आदर्श रुप में सदा के स्थापित हो गया।

कार्यक्रम का आयोजन आचार्य श्री धर्मभूषण जी युवा टीम द्वारा किया गया।इस दौरान जैन समाज के प्रधान मनोज जैन, महामंत्री निपुण जैन, शशांक जैन, अतुल जैन, अमित जैन,आर्जव जैन, विपुल जैन, अंशुल जैन, सुधीर जैन, विजय जैन, भूपेंद्र जैन, प्रदीप जैन, अभिषेक जैन, सहित समाज के सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे।

## पौधे रोपित कर मनाया जन्मदिन

**गंगोह।** जय हिंद सामाजिक संस्था की पूर्व कोषाध्यक्ष ने अपनी पुत्री के जन्मदिन पर फलदार व छायादार वृक्ष लगाएं। वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण व पौधों के पेड़ बनने तक सुरक्षा का संकल्प लिया।

संस्था द्वारा नामदेव पब्लिक स्कूल में पूर्व कोषाध्यक्ष मोनिका सरदाना ने अपनी पुत्री सान्वी सरदाना के जन्मदिन पर फलदार व छायादार वृक्ष लगाएं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी राजपूत ने बच्चो को जन्मदिन पर पेड़ लगाने व उनकी देखभाल का संकल्प दिलाया। पूर्व कोषाध्यक्ष ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतु आवश्यक है। सचिव अंजली गर्ग ने कहा कि इन आपदाओं को कम करने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** वैदिक इंटर कालेज मुजफ्फराबाद का वार्षिकोत्सव बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए धूमधाम से मनाया गया है।

इस अवसर पर छात्र छात्राओं के द्वारा नई शिक्षा नीति के कार्यक्रम में बच्चों ने प्रार्थना, सांस्कृतिक कार्यक्रम, व संगीत एवं मौसम की वनस्पति आदि के ऊपर कार्यक्रम कर अपनी प्रतिभा दिखाई कार्यक्रम में प्रतिभावान बच्चों को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित भी किया गया।

इस मौके पर भाजपा के प्रदेश मंत्री विजेंद्र कश्यप ने मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि यह नन्हे बच्चे ही देश का भविष्य होते हैं इसलिए इन बच्चों की सही देखरेख कर सही दिशा -निर्देश की शिक्षा अध्यापकों को देनी होगी तथा अध्यापकों के बाद बच्चों के माता-पिता को उनकी देखरेख करनी होगी कि हमारा बच्चा अच्छी शिक्षा ले रहा है या नहीं स्कूल समय के बाद कहां जाता है क्या करता है छोटी-छोटी बातें हो पर विशेष ध्यान रखना चाहिए क्योंकि किसी मकान बनाने के लिए मकान का टिकाऊपन उसकी नीव पर ही निर्भर रहता है, बीडीओ मुजफ्फराबाद अब्दुल वहाब ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इन नन्हे छोटे बच्चों को पोस्टिक खाना तथा मौसमी फल एवं वातावरण अनुसार देखरेख कर इनका पालन पोषण करना होगा, तभी देश का भविष्य सुरक्षित रहेगा।कार्यक्रम को बाल विकास अधिकारी संयोगिता यादव एवं खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र शर्मा ने भी संबोधित करते हुए कहा की सभी अध्यापक नई शिक्षा नीति को धरातल पर उतारने के लिए मेहनत करें और नई पीढ़ी के बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करें कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीआरसी बरौली से

विक्रम सैनी, यशपाल सिंह डाबर, मास्टर नागेंद्र सैनी, वैदिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ऋषिपाल, नूतन वर्मा, अंकित कुमार, नदीम, अनीश, पंकज कुमार, गुरदीप, अजय पांडे, सारा रिजवी गणमान्य मौजूद रहे हैं।

**Shakumbhari Degree College**
Sultanpur, Chilkana, Saharanpur (UP)
(Affiliated to Maa Shakumbhari University Saharanpur)
**Required**
**Assistant Professor (Programms)**
1. B.A. (Bachelor of Arts)
Subject (Hindi, English, History, Political Science, Sociology, Education, Economics.
2. B.Com (Bachelor of Commerce)
(Qualification Required: As per UGC and MSU Norms Preferably NET/Ph.D.)
Note: Experienced Candidates will be preferred.
Candidates can apply within 7 days by Email, Post with their latest Self attested resume at in to.
Email: Shakumbharigroup@gmail.com
**Mobile No.: 9759922268, 7037476736**

### शोक सन्देश



बडे दु:ख के साथ सूचित करना पड रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री रतिराम शास्त्री, लोकतन्त्र सेनानी, का स्वर्गवास दिनांक 18.2.2025 को हो गया है, ईश्वर की ऐसी ही इच्छा थी।

शोक सभा / रस्म पगडी दिनांक 21-02-025 दोपहर 2:00 बजे निज निवास ग्राम-पो० अम्बौली, सहारनपुर में होगी।

**शोकाकुल परिवार**

अनिल कुमार (पुत्र) संजय कुमार (पुत्र) विनय कुमार (पुत्र) ब्रह्मपाल सिंह (भाई) सुशील कुमार (भतीजा) सुबोध कुमार (भतीजा)

विभोर निर्दोश, आदित्य, अन्वित अभिनव, सुयश, (पौत्र) आयु कुमार (प्रपौत्र)

# भाषण प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर



**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के मदरसा सुल्तानुल उलूम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मदरसा की अलग अलग कक्षाओं के छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरुआत कारी तैय्यब जमाल ने कुरान की तिलावत से की।

बुधवार को मदरसा सुल्तानुल उलूम सुल्तानपुर में मदरसा छात्रों ने मां बाप के हक हुकूक, दहेज, साहबा की अजमत, कुरआन की फजीलत, नमाज, रोजा, हुजूर की सीरत, मदरसे की हकीकत, शिर्क ओ बिदआत, अदल ओ इंसाफ सहित अलग अलग विषयों पर अपने बयानात पेश किये। प्रतियोगिता में मोहम्मद आजाद प्रथम, मोहम्मद जैद द्वितीय व असरार उल हक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान प्रतियोगिता के इन तीनो मेधावी छात्रों सहित निसार अहमद, मो. अजहर, मो. शाहबाज, मो. फहीम, मो. मासूम, मो. अफ्फान, मो. दिलजान, मो. शोएब, मो. अरमान आदि छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह व किताबें देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने सभी लोगो से अपने बच्चों को दीनी तालीम के साथ साथ दुनियावी तालीम हासिल कराने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुफ्ती जाबिर अहमद देवबंदी ने की। इस अवसर पर मदरसा प्रबंधक मो. इस्माईल मजाहिरी, मौलाना मासूम रशीद, कारी अफजाल, कारी इफ्तकार, कारी इरफान, कारी कुर्बान, हाफिज वसीम, अख्तर, हाजी हुसैन, कारी रियासत, यूसुफ कुरैशी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे!

# लव जिहाद में फंसाने का आरोप

**नकुड़।** क्षेत्र के एक गांव की युवती पिछले 15 दिनों से गायब परिजनों ने गांव के ही एक दूसरे समुदाय के युवक पर लव जिहाद मे फसाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

युवती के पिता ने कोतवाली पुलिस में तहरीर देते हुए बताया कि गत 4 फरवरी को जब वह घर खाना खाने आया तो देखा कि उसकी बेटी घर पर नहीं है। उसकी पत्नी ने बताया लड़की को उसने पुरे मौहल्ले में तलाश किया परन्तु उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। युवती के पिता ने बताया कि उसी रात लड़की का फोन आया कि वह गांव के ही एक दूसरे समुदाय के युवक के साथ है, तथा उसे कही ढूंढना मत तथा युवक के खिलाफ कोई कार्यवाही भी नहीं करना।युवती के पिता का कहना है कि लड़के ने उसकी बेटी को अपने जाल मे फसाने वाले युवक ने ही फोन कराया है। क्योंकि लड़की डरी सहमी आवाज मे बोल रही थी।

युवती के पिता का कहना था कि उसकी बेटी को ले जाने वाला गांव का युवक असामाजिक युवक है। वह उसकी लड़की को लव जिहाद के तहत फंसाकर ले गया है। उसने शक जाहिर करते हुए कहा कि उक्त युवक उसकी बेटी को कहीं बेच भी सकता है। या कोई अनहोनी घटना को अंजाम दे सकता है। पीड़ित का आरोप है कि उसने अम्बेहटा चौकी प्रभारी को भी कई दिनों पूर्व जानकारी दी थी। लेकीन अभी तक भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़ित ने बजरंगदल नेताओं के साथ कोतवाली प्रभारी से मिलकर युवती को बरामद करने की मांग की है। इस सबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अविनाश गौतम का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है। फिर भी पुलिस को तहरीर मिली है जिसकी जांच कर उचित कार्यवाही की जायेगी।

# ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ंत में बस में लगी आग



**बिहारीगढ़।** सुन्दरपुर शाकुम्भरी मार्ग स्थित ग्राम ताल्हापुर में एक स्कूली बस और ट्रैक्टर ट्रॉली की आमने सामने की जोरदार भिड़ंत के बाद बस मे आग लग गई। आग लग जाने से बस में बडा नुकसान है, इस दौरान बस चालक के पैर में चोट लग गई और हालत गंभीर है, आस-पास के ग्रामीणों ने पानी छिड़ककर पहले आग बुझाई उसके बाद बस चालक को अस्पताल में भर्ती कराया है।

बताया जा रहा है कि सुन्दरपुर-शाकुम्भरी मार्ग पर ताल्हापुर गांव स्थित गन्ना चर्खियों के पास दोपहर करीब दो बजे किसी स्कूल की बस बच्चों को उनके घर छोड़कर वापस स्कूल में लौट रही थी, उसी वक्त सामने से ट्रैक्टर ट्राली आ रहा था, दोनों की अचानक भिड़ंत हो गई, और इसी दौरान स्कूल बस में आग लग गई, बस में केवल ड्राइवर ही था वरना बड़ा हादसा भी हो सकता था। बस में लगी आग पर ग्रामीणों ने पानी छिड़ककर काफी देर में काबू पा लिया, तथा घायल बस चालक को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया है।

# गंदगी से अटी पड़ी हैं गलियां, चौसाना के लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना गांव की गलियां गंदगी और कीचड़ से भरी पड़ी हैं, जिससे ग्रामीणों का जीवन दूभर हो गया है। जगह-जगह बहते गंदे पानी और सड़कों पर जमी कीचड़ ने गांव के लोगों को नरकीय हालात में रहने पर मजबूर कर दिया है। यह हाल गांव के बिजलीघर के पीछे स्थित साबिर के घर के पास का है, लेकिन केवल यही जगह नहीं, बल्कि चौसाना की लगभग सभी गलियां इसी बदहाली की शिकार हैं।

**चार साल से सफाई के नाम पर सिर्फ झूठे वादे**

गांव के निवासियों का कहना है कि पिछले चार साल से प्रधान और सचिव की आपसी लड़ाई के कारण सफाई व्यवस्था ठप पड़ी है। ग्रामीणों सत्तार, इकराम, शौकत, रिफाकत, भूरा, अकरम, अयूब, रहिश, साकिब, असशान, दिलशाद, नौशाद, इमरान आदि का आरोप है



**चौसाना। गंदगी से अटी पड़ी गली।** **छाया शाह टाइम्स**

कि इस अवधि में गांव की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। गांव में तैनात सफाईकर्मी कभी नजर नहीं आते, और न ही सफाई का कोई ठोस इंतजाम किया गया है। जब भी सफाई को लेकर शिकायत की जाती है, तो केवल आश्वासन ही मिलता है, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं।

**नया सचिव भी नहीं कर रहा काम**

**चौसाना।** ग्रामीणों को उम्मीद थी कि नए सचिव के आने के बाद स्थिति में सुधार होगा, लेकिन उनकी उम्मीदों पर भी पानी फिरता नजर आ रहा है।

गांव में गंदगी और जलभराव की स्थिति पहले जैसी बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि सफाई को लेकर कई बार सचिव से गुहार लगाई गई, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

..................................

सचिव राहुल कुमार से बात की गई तो उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि उन्हें इस समस्या की जानकारी नहीं थी। जल्द ही गांव में सफाई अभियान चलाया जाएगा और स्थिति को बेहतर किया जाएगा।

# ऊन तहसील में भ्रष्टाचार को लेकर बजरंग दल ने कलेक्ट्रेट में की नारेबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कलक्ट्रेट में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होने ऊन तहसील में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए डीएम को संबोधित एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन को सौंपा।

बुधवार को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि ग्राम पंचायत हरसाना व हथछोया के कार्य को लेकर तहसील स्तर से कराने के लिए सभी ग्राम वासियो को परेशानी का सामना करना पडता है। जिसमे तहसील स्तर के हल्का लेखपाल के द्वारा किसी भी प्रकार के कागजात तैयार कराने के लिए घूस मांगी जाती है। अन्य कमी बताकर समस्त ग्रामीणों को परेशान किया जाता है। कहा कि ग्राम हसाना में तालाब भूमि पर हल्का लेखपाल से साज को लेकर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा करा दिया है। आरोप है कि



शिकायत के बावजूद भी हल्का लेखपाल कार्यकताओं के साथ अभद्र व्यवहार व अपनी हटधर्मी पर कायम है। उन्होने तहसील ऊन मे ईडब्लूएस व आय प्रमाण पत्रो में लेखपालो के द्वारा अवैध धन वसूल कर अपात्रो के ईडब्ल्यूएस व आय प्रमाण पत्र बनाने का आरोप लगाते हुए मामले में जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मिथुन सिरोनी, देवीचंद, सौरभ, सुरेन्द्र, शौर्य गिरी, रजत निर्वाल, सतीश कुमार, दीपक, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में छत्रपति शिवा. जी व गोलवलकर की जयंती मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में छत्रपति शिवाजी जयन्ती एवं माधव राव सदाशिव राव गोलवलकर जयन्ती का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्रधानाचार्य मलूक चन्द ने की तथा संचालन बृजेश कुमार ने किया। उप प्रधानाचार्य मलूक चन्द ने गुरुजी के जीवनवृत पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरुजी बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के धनी थे। गुरूजी ने अखण्ड भारत का स्वप्न देखा था इसलिए वे सन् 1948 में तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के आग्रह पर कश्मीर को भारत में विलय कराने के लिए स्वयं राजा हरिसिंह के पास गए और उन्होंने राष्ट्रहित के लिए राजा हरिसिंह को इसके लिए मना लिया।इस अवसर पर नीटू कुमार, अरविन्द कुमार, अशोक कुमार, सागर कुमार, सुखदेव कुमार, कविन्द्र कुमार,

# चौसाना में सालाना जलसा सम्पन्न, 11 हाफिज की दस्तारबंदी

**बड़ा मदरसा इस्लामिया अरबिया इमदादुल उलूम चौसाना में हुआ जलसा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना स्थित बड़ा मदरसा इस्लामिया अरबिया इमदादुल उलूम में भव्य सालाना जलसे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 11 होनहार छात्रों ने कुरआन पाक हिफ्ज करने की सफलता प्राप्त की, जिनकी दस्तारबंदी द्धसम्मान समारोहऋ पूरे अदब और एहतिराम के साथ की गई। जलसे में नामी इस्लामी विद्वानों और उलमा-ए-किराम ने शिरकत की और अपने प्रेरणादायक तकरीरों से माहौल को रोशन किया।

जलसे की अध्यक्षता और विद्वानों का मार्गदर्शन

इस महत्वपूर्ण जलसे की अध्यक्षता हजरत मौलाना अतहर हसन साहब, हजरत मौलाना मरगूब उर रहमान साहब, मौलाना शौकत साहब, मुफ्ती इमरान कासमी साहब, मुफ्ती अकमल साहब, काजी



**चौसाना। जलसे में खिताब करते मौलाना। छाया शाह टाइम्स**

आफताब साहब और मुफ्ती आमिर साहब ने की।मौलाना मरगूब उर रहमान साहब ने कहा, ष्कुरआन एक पाक किताब है, और इसे याद करना दुनिया और आखिरत दोनों में सफलता की कुंजी है।ष इसी तरह, मुफ्ती इमरान कासमी साहब ने छात्रों को कुरआन के साथ-साथ दीन-ए-इस्लाम की अन्य शिक्षाओं को भी अपनाने की सलाह दी।

इन सभी विद्वानों ने जलसे में शिरकत कर इस्लामी तालीम की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने हाफिज बनने वाले छात्रों को मुबारक. बाद पेश की और उन्हें बताया कि कुरआन को याद करना एक बहुत बड़ी नेमत है, जिसे अमल में लाना और दूसरों तक पहुंचाना हर मुसलमान की जिम्मेदारी है।

**इस जलसे में उन 11 छात्रों की दस्तारबंदी की गई**

मोहम्मद अनस, मोहम्मद जुबैर, मोहम्मद उजैर, मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद अश्यम, अब्दुल वारिस, अब्दुल खालिक, अब्दुल मालिक, अब्दुल रहीम, मोहम्मद सादान, इन सभी छात्रों को मदरसे की तरफ से विशेष सम्मान, दस्तार (पगड़ी) और डिग्री प्रदान की गई। इस दौरान, उनके परिवारजन और मदरसे के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### प्रोपर्टी डीलर पर तालाब की भूमि में प्लाट बेचकर रुपये ठगने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के रामसागर निवासी एक व्यक्ति ने डीएम को शिकायती पत्र देकर प्रोपर्टी डीलर पर तालाब की भूमि में प्लाट बेचकर रूपये ठगने का आरोप लगाया। पीडित ने मामले में जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। शहर के मौहल्ला रामसागर निवासी अंकुर पुत्र महावीर सिंह ने डीएम कार्यालय में शिकायती पत्र देकर बताया कि गत दिसम्बर 2024 में मौहल्ला रामसागर शामली में 60.45 गत का एक प्लाट संजय कुमार से 7,95,000 रूपये में तय किया था। जिसमें पीडित द्वारा ब्याने के तौर पर 2,33000 रूपये दे दिए थे। बाकी रकम बैनामें के समय अदा करनी थी। जानकारी की तो पता चला कि उक्त प्लाट तालाब की भूमि में है। उसमें पहले भी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रूपये आए थे जो वापस हो गए थे। जब मैने इस बारे में संजय कुमार को कहा कि तुमने मेरे साथ ऐसा धोखा क्यों किया हैं तो कहता है कि ए तो स्वयं देखना था। पीडित ने बताया कि संजय कुमार द्वारा धोखाधड़ी करते हुए मेरे से 2,33000 रूपये हडप लिए है। पीडित ने मामले में जांच कराकर रूपये वापस कराने की मांग की है।

### 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में आगामी 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है, जिसमें जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग शामली में विचाराधीन वादों को सुलहनामें के आधार पर निस्तारित किया जाना है। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग शामली में विचाराधीन वादों को पक्षकार निस्तारण कराए जानें हेतु आयोजित उपभोक्ता लोक अदालत में सूचीबद्ध करा सकते हैं।

### उलेमा ने तेलंगाना सरकार के निर्णय का किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** तेलंगाना सरकार के माह ए रमजान में अपने मुस्लिम कर्मचारियों को एक घंटे पहले छुट्टी देने के निर्णय का मजलिस इत्तेहाद ए मिल्लत के अध्यक्ष मौलाना तारिक कासमी एवं जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने स्वागत किया है। मजलिस इत्तेहाद ए मिल्लत के अध्यक्ष मौलाना तारिक कासमी ने तेलंगाना सरकार के इस कदम की सरहाना करते हुए कहा की माह ए रमजान मुसलमानों के लिए विषेश महिना है जिसमें मुसलमाना रोजा रखने के साथ ही इबादत करते है। प्रसिद्ध आलिम-ए-दीन मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने इस कदम की सराहना करते हुए तेलंगाना सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह फैसला रमजान के महीने में रोजेदारों के लिए सहूलियत देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। गोरा ने कहा कि रमजान मुसलमानों के लिए एक पवित्र और खास महीना है, जिसमें रोजा रखना, इबादत करना, और परहेजगारी अपनाना बहुत अहम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत के अन्य राज्यों की सरकारें भी इसी प्रकार के फैसले लेगी, ताकि रोजेदारों को अपने धार्मिक कर्तव्यों को निभाने में सहूलियत मिले।

# दंगल में दूसरे राज्यों से आए पहलवानों ने दिखाया दमखम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे में आयोजित दंगल में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान के साथ साथ उत्तराखंड के पहलवान आकर अखाड़े में कुस्ती के दांव पेंच दिखाकर सभी को अचंभित कर रहे हैं। पहलवानों से उनके दिल की बात जानी कि वह पहलवानी में किस से प्रेरित होकर आए हैं तथा आगे चलकर देश के लिए क्या करने का जज्बा रखते हैं।

बुद्धवार को कस्बे में आए बागपत दाह के पहलवान मयंक ने बताया की वह 5 साल से पहलवानी कर रहा है। वह अपने पहलवान बाबा प्रकाश से प्रेरित होकर रेसलिंग में आए है तथा उसका सपना ओलंपिक में गोल्ड मेडल लाना है। जनपद शामली के गांव लांख निवासी रवित मालिक पहलवान ने बताया कि वह



**झिंझाना। दंगल में कुश्ती लड़ते पहलवान।** **छाया शाह टाइम्स**

आठ वर्ष से कुस्ती लड़ रहा है। उसने नेशनल खेलते हुए पुणे में ब्राउन मेडल 2017 तथा रांची में सिल्वर मेडल 2018 में हासिल किया है। अक्षय राना निवासी निरपडा बागपत भी अपने पिता से प्रेरित होकर पहलवानी में कदम रखा। अक्षय नेशनल खेलते हुए उधम सिंह नगर उत्तराखंड में गत वर्ष सिल्वर मेडल जीता था। इसका भी सपना ओलंपिक खेलना है।

पियूष तथा प्रिंस निवासी हरियाणा के मंगलोरा भी करीब 6 वर्ष से रेसलिंग में जोर आजमाइश कर रहा है। उसने बताया कि इंटर नेशनल ओलंपिक मेडल विजेता सुशील कुमार से प्रेरित होकर पहलवानी में कदम रखा। इन्होंने नेपाल में अयिलो. जित इंडोनेशिया यूथ गेम में गोल्ड मेडल हासिल किया। सभी रेसलर के सपने अपने देश के लिए ओलंपिक खेलकर सोना लाने के हैं। अधिकतर पहलवानों की डाइट घी, दूध, बादाम, आंवला, गाजर का मुरब्बा तथा शरीर निरंतर तेल की मालिश करना और सबसे महत्वपूर्ण ब्रह्मचर्य है।

## मजलिस-ए-शूरा की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

# मुफ्ती खलील शूरा के बने सदस्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विश्व विख्यात शिक्षण संस्था दारुल उलूम की सुप्रीम पावर मजलिस-ए-शूरा की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से कई महत्तवपूर्ण निर्णय लिए गए। पंजाब के मलेरकोटला निवासी मुफ्ती खलील को शूरा का सदस्य बनाये जाने के साथ ही कई पदों पर नियुक्तियां की गई तथा कासमी कब्रिस्तान को बढ़ाने के लिए दारुल उलूम ने जमीन देने के प्रस्ताव को हरी झंड़ी दी। दारुल उलूम के अतिथिगृह में आयोजित तीन दिवसीय मजलिस-ए-शूरा की बुधवार को महत्वपूर्ण निर्णयों के साथ संपन्न हुई। इसमें रिक्त शूरा सदस्य के पद पर शूरा सदस्यों ने कई नामों पर चर्चा



करने के उपरांत पंजाब के मुफ्ती खलील के नाम पर मुहर लगाई। इसके अलावा बैठक में कासमी कब्रिस्तान में जगह की किल्लत को देखते हुए शूरा ने संस्था की ओर से कब्रिस्तान को बढ़ाने के लिए भूमि देने का प्रस्ताव को हरी झंडी गई। दारुल उलूम के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने बताया कि सभी विभागों के विभागाध्यक्षों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट पेश की। जिन पर सदस्यों ने संतुष्टि जताई। एकाउंट विभाग सहित कुछ नए पदों पर नियुक्तियां की गई और साक्षात्कार को अंतिम रूप दिया गया। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों की तरक्की भी की गई है। बैठक में सदर मुदर्रिस मौलाना अरशद मदनी, मौलाना महमूद मदनी, पूर्व सांसद मौलाना बदरुद्दीन अजमल, मौलाना रहमतउल्लाह कश्मीरी, मौलाना महमूद राजस्थान, मौलाना हबीबुर्रहमान, मौलाना अनवार्रुहमान बिजनौर, मौलाना अंजर हुसैन मियां देवबंदी, मौलाना शफीक बैंगलुरु आदि शुरा सदस्य शामिल रहे।

## एडुलीडर्स ग्रुप के वार्षिक कैलेंडर भेंट किए

**नजीबाबाद।** न्याय पंचायत पर्वतपुर की मासिक संकुल बैठक कंपोजिट विद्यालय कमालपुर जगनवाला में आयोजित की गई। कार्यशाला के एजेंडे के अनुसार सभी बिंदुओं जैसी डीबीटी पेंडेंसी, हॉलिस्टिक फीडिंग, अपार आईडी पेंडेंसी, शिक्षक संकुल दिलशाद के द्वारा विस्तृत चर्चा की गई। राज्य क्लब की रूपरेखा व इसे क्रियाशील रखने के बारे में सभी का मार्गदर्शन किया। मंचासीन राज्य पुरुस्कार प्राप्त सुधीर राणा द्वारा आमिर अली (शिक्षक संकुल), दिलशाद एवं कार्यशाला आयोजक विशाल अहमद एवं वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती सुधा रानी को राज्य स्तरीय एडुलीडर्स ग्रुप के वार्षिक कैलेंडर भेंट किए गए। कार्यशाला का संचालन दिलशाद शिक्षक संकुल द्वारा किया गया।

## सीएम उद्यमी विकास योजना को लेकर डीएम ने ली बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना को लेकर जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज उनके कैंप कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में प्रगति की समीक्षा करते हुए संतोषजनक प्रगति न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रगति के निर्देश दिए। बैठक में उपयुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 1000 लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 400 आवेदन पत्र भरे गए हैं जो संबंधित बैंक को ऋण हेतु प्रेषित किए गए हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने बैंक वार समीक्षा करते हुए जिन बैंकों की प्रगति संतोषजनक नहीं मिली उनको कड़ी फटकार लगाते हुए भेजे गए ऋण आवेदनों में कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही अत्यंत खराब प्रगति वाले बैंकों एचडीएफसी बैंक शामली, पंजाब नेशनल बैंक ऊन, एसबीआई थानाभवन, झिंझाना,व ऊन को कठोर चेतावनी देते हुए एक दिन का समय दिया गया यदि प्रगति नहीं होती है तो अगले दिन आफआईआर दर्ज कराई जाएगी। बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संबंधित बैंकों से समन्वय करते हुए योजना में प्रगति लाई जाए इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में उपायुक्त उधोग शामली जैस्मिन, सहायक आयुक्त उद्योग इशिता मित्तल, अपर सांख्यिकी अधिकारी राजेंद्र कुमार, लीड बैंक मैनेजर सहित सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक आदि मौजूद रहे।

## चोर-चोर का शोर मचा कर बुजुर्ग को बेरहमी से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** पुराने जमीनी विवाद को लेकर तीन सगे भाइयों सहित एक अन्य युवक ने रात्रि के समय घर के बाहर खड़े एक बुजुर्ग को चोर चोर कहते हुए उस पर लाठी डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे बजुर्ग गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के ले जाया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम नूरपुर छिबरी निवासी आकृतिक कुमार पुत्र रूपचंद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनकी गांव के ही करन सिंह के परिवार से पुराना जमीनी विवाद है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसके पिता रात्रि लगभग 11 बजे घर के बाहर खड़े थे। तभी ग्राम के ही लखीराम, विनोद, सतीश पुत्रगण करन व हिमांशु पुत्र कुंदन सिंह ने प्लानिंग के तहत चोर चोर का शोर मचाकर उसके पिता पर लाठी डंडों व धारधार हथियार से हमला कर दिया। शोर सुनकर जब वे व परिवार के अन्य सदस्य घर से बाहर आये तो आरोपी उन्हें बेहरमी से पीट रहे थे। जो कि उन्हें देखकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित का कहना है कि मरणासन्न स्थिति में वे अपने पिता को निजी अस्पताल लेकर गए। जहां उनका उपचार चल रहा है। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि की है।

### रफीपुर मोहन में प्रधान पद के लिए हुआ मतदान

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम रफीपुर मोहन में रिक्त हुए प्रधान पद के लिए उप चुनाव में मतदान हुआ। नजीबाबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत रफीपुर मोहन के ग्राम प्रधान मेहर सिंह की बीते वर्ष 23 दिसम्बर को मृत्यु हो गई, जिसके बाद ग्राम प्रधान का पद रिक्त चल रहा था। शासनादेश के बाद बुधवार को ग्राम प्रधान पद के उप चुनाव के लिए ग्राम में ग्रामीणों ने अपने मत का प्रयोग किया। रफीपुर मोहन में दो प्रत्याशी अवनीश पुत्र रमेश व ऋतिक पुत्र स्व. मेहर सिंह आमने-सामने है।

# सेवानिवृत्त अध्यापकों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** धारूवाला गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन कर शिक्षण सत्र 2024-25 में अपनी सेवा पूर्ण कर चुके अध्यापकों और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सेवानिवृत होने वाले अध्यापक अरुण त्यागी, कुंवर सिंह, मोहम्मद वजाहत शाह और मोहम्मद सरवर को शाल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही एआरपी का कार्यकाल पूर्ण कर चुके योगेंद्र मलिक, शिवकुमार, प्रभात यादव, इस्लामउर्रहमान, डा. संजय उपाध्याय के अलावा विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकों डा. सुधीर, तौसीफ अहमद, शेषनाथ, अखिलेश कुमार राय, शाह फैसल मसूदी, खुर्शीद अहमद, अहसान अहमद, शाहनवाज, असजद अली, उजमा परवीन, मुकेश त्यागी, नीतू कुमारी, रोमा परवीन



आदि का भी अभिनंदन किया गया। इस मौके पर डा. सुधीर, डा. संजय उपध्याय, शाह फैसल मसूदी, अहसान अहमद, शादाब खान व तौसीफ अहमद कुरैशी आदि अध्यापक शामिल रहे।

## विद्यार्थियों को अंतरिक्ष की गतिविधियों की दी जानकारी






**देवबन्द।** विद्यार्थियों को अंतरिक्ष में होने वाली गति विधियों तथा सूर्य से दूरी दिन-रात की गणना उनके भार आदि के विषय में जानकारी दी गई।

सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल प्रांगण में प्रार्थना सभा में छात्र छात्राओं को सौर मंडल के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई ताकि छात्र छात्राओं का ज्ञान वर्धन हो सके। विद्यालयय के प्रधानाचार्य रूपेश कुमार सैनी ने कहा कि भुगोल जैसे गुख्य विषय को क्रियाक्लाप के माध्यम से समझना आवश्यक है क्योकिं यह विषय छात्रो में दूरदर्शिता व वस्तुओं को देखने की समझ विकसित करता है और भविष्य में आने वाली हर प्रकार की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है। उन्होनें कहा की भुगोल विषय में भी भविष्य की सन्दर्भित संभावनाएं है। इस अवसर पर अनिता सैनी, शिवकुमार सैनी, वन्दना ध्रुव, सुनिता चौधरी, राजीव शर्मा, निवेन्द्र कुमार, देवेन्द्र कुमार आदि छात्र छात्राएं व स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### दिल्ली कैपिटल्स ने जीता टॉस, पहले बल्लेबाजी करेगी

**वड़ोदरा, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार को टॉस जीतकर वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के छठे मुकाबले में यूपी वॉरियर्ज के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यहां दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैलनग ने कहा कि टीम के यहां रिकॉर्ड को देखते हुए उन्होंने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि टीम मे एक बदलाव है राधा यादव की जगह निकी प्रसाद की टीम में वापसी हुई हैं। वहीं यूपी वॉरियर्ज की कप्तान दीप्ति शर्मा ने कहा कि वे पहले गें. दबाजी करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि टीम मे दो बदलाव है अलाना लकग और साइमा ठाकोर की जगह चिनले हेनरी और राज. ेश्वरी गायकवाड़ को टीम में जगह दी गयी है।

### मुंबई के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता मिलिंद रेगे का निधन

**मुम्बई, वार्ता।** मुंबई के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता मिलिंद रेगे को बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। रेगे को कुछ दिन पहले ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां और आज सुबह छह बजे उनका निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 1966 से 1977-78 तक कुल 52 मैच खेलते हुए 126 विकेट लिए। कुल 23.56 की और औसत से 1532 रन भी बनाए। मुंबई के पूर्व कप्तान ने 1960 और 70 के दशक में एक दशक से अधिक समय तक प्रथम श्रेणी क्रिकेट में राज्य का प्रतिनिधित्व किया। अपने खेल करियर के बाद रेगे मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) में विभिन्न पदों पर जुड़े रहे। उनके अलग-अलग कार्यकाल में चयनकर्ता और मुख्य चयनकर्ता के रूप में भी कार्य किया। 1988 में जब युवा तेंदुलकर को रणजी ट्रॉफी टीम में शामिल किया।



# विल यंग-लेथम के शतक से न्यूजीलैंड तीन सौ पार पहुंची



**न्यूजीलैंड ने उद्घाटन मुकाबले में पाकिस्तान को जीत के लिए 321 रनों का लक्ष्य दिया**

**कराची, वार्ता।** टॉम लेथम (नाबाद 118), विल यंग (107) की शतकीय और ग्लेन फिलिप्स (61) रनों की अर्धशतकीय पारियों की मदद से न्यूजीलैंड ने बुधवार को चैंपियंस ट्रॉफी के उद्घाटन मुकाबले में पाकिस्तान को जीत के लिए 321 रनों का लक्ष्य दिया।

कराची के नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने एक समय 16.2 ओवर में 73 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। डेवन कॉन्वे (10), केन विलियमसन (एक) और डैरिल मिचेल (10) रन बनाकर आउट हुए। हालांकि इस दौरान विल यंग एक छोर थामे हुए लगातार रन बनाते रहे। 38वें ओवर में नसीम शाह ने विल यंग को आउटकर पाकिस्तान को बड़ी सफलता दिलाई। विल यंग ने 113 गेंदों में 12 चौके और एक छक्का लगाते हुए (107) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ग्लेन फिलिप्स ने टॉम लेथम के साथ पारी को सहारा दिया। टॉम लेथम ने 104 गेंदों में 10 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 118) रनों की पारी खेली। 50वें ओवर में हारिस रउफ ने ग्लेन फिलिप्स को आउट किया। फिलिप्स ने 39 गेंदों में तीन चौका और चार छक्के लगाते हुए (61) रन बनाए। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 320 रनों का स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान की ओर से नसीम शाह और हारिस रउफ ने दो-दो विकेट लिये। अबरार अहमद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



शुभमन गिल



महीश तीक्षणा

# यश की फिफ्टी, विदर्भ को 260 रनों की बढ़त

**■ रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में विदर्भ के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया**

**नागपुर, वार्ता।** विदर्भ ने यश राठौड़ (नाबाद 59) और कप्तान अक्षय वड़कर (नाबाद 31) की पारियों के दम पर रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में बुधवार को मुम्बई के खिलाफ 260 रनों की बढ़त बना ली हैं। यहां इससे पहले विदर्भ के पार्थ रेखड़े सहित अन्य गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुम्बई की पहली पारी को 270 के स्कोर पर समेट दिया था। पहली पारी के आधार पर 113 रनों की बढ़त के साथ दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी विदर्भ की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 56 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिए थे। इसके बाद यश राठौड़ और अक्षय वड़कर ने पारी को संभाला और पांचवें विकेट के लिए 91 रन जोड़ लिए है। दिन का खेल समाप्त होने के समय विदर्भ ने चार विकेट पर 147 रन बना लिए और उसकी बढ़त 260 रनों की हो गई है। स्टंप के समय यश राठौड़ (नाबाद 59) और कप्तान अक्षय वड़कर (नाबाद 31) क्रीज पर मौजूद थे। मुम्बई की ओर से शम्स मुलानी ने दो विकेट लिए। शार्दुल ठाकुर और तनुष कोटियान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। मुम्बई ने कल के सात विकेट पर 188 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में आकाश आनंद और तनुष कोटियान की जोड़ी ने जूझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए टीम को स्कोर को आगे बढ़ाया। इस दौरान 247 के स्कोर पर पार्थ रेखड़े ने तनुष कोटियान को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। तनुष कोटियान ने 75 गेंदों में चार चौक और एक छक्का लगाते हुए (33) रन बनाए। मुम्बई नौवां विकेट आकाश आनंद के रूप में गिरा। उन्हें नचिकेत भूटे ने आउट किया। आकाश आनंद ने 256 गेंदों में 11 चौकों की मदद से (106) रनों की पारी खेली। हर्ष दुबे ने मोहित अवस्थी (10) को बोल्ड कर मुम्बई की पहली पारी का 270 के स्कोर पर अंत कर दिया। इसी के साथ विदर्भ को पहली पारी के आधार 113 रनों की बढ़ हासिल हो गई।

### आकाश का शतक, पार्थ ने मुंबई को 270 पर समेटा

**नागपुर, वार्ता।** रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में बुधवार को आकाश आनंद (106) की शतकीय पारी के बीच विदर्भ के पार्थ रेखड़े सहित अन्य गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुम्बई की पहली पारी को 270 के स्कोर पर समेट दिया। मुम्बई ने कल के सात विकेट पर 188 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में आकाश आनंद और तनुष कोटियान की जोड़ी ने जूझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए टीम को स्कोर को आगे बढ़ाया। इस दौरान 247 के स्कोर पर पार्थ रेखड़े ने तनुष कोटियान को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। तनुष कोटियान ने 75 गेंदों में चार चौक और एक छक्का लगाते हुए (33) रन बनाए। मुम्बई नौवां विकेट आकाश आनंद के रूप में गिरा। उन्हें नचिकेत भूटे ने आउट किया। आकाश आनंद ने 256 गेंदों में 11 चौकों की मदद से (106) रनों की पारी खेली। हर्ष दुबे ने मोहित अवस्थी (10) को बोल्ड कर मुम्बई की पहली पारी का 270 के स्कोर पर अंत कर दिया।

# गिल-तीक्षणा वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर

**● एक दिवसीय में शीर्ष-10 बल्लेबाजों में भारत के चार खिलाड़ी है, रोहित, कोहली और अय्यर शामिल**

**दुबई, वार्ता।** भारत के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल 796 रेटिंग अंक के साथ पाकिस्तान के बाबर आजम को पछाड़ कर दुनिया के नंबर वन एकदिवसीय बल्लेबाज बन गए हैं।

वहीं श्रीलंका के महीश तीक्षणा ने 11 अंकों की छलांग लगाकर गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये है। यहां जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार एकदिवसीय में शीर्ष 10 बल्लेबाजों में भारत के चार खिलाड़ी हैं। इसमें गिल के अलावा रोहित शर्मा 761 अंके के साथ तीसरे स्थान पर, विराट कोहली 727 अंक के साथ छठे स्थान पर और श्रेयस अय्यर 679 अंक के साथ नौवें स्थान पर मौजूद हैं। श्रेयस को भी एक स्थान का फायदा हुआ है। गिल के रेटिंग अंक 796 हैं, जबकि बाबर का रेटिंग अंक 773 हैं। रोहित के रेटिंग अंक 761 हैं। दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन 756 रेटिंग अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल 740 रेटिंग अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया और भारत ने यह श्रृंखला 3-0 से जीती थी, जिसमें गिल ने 87, 60 और 112 रन बनाए। वह सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे उन्होंने 86-33 की औसत और 103-60 की स्ट्राइक रेट से 259 रन बनाए। अगले सर्वोच्च स्कोरर श्रेयस अय्यर 181 रन बनाकर गिल से 78 रन पीछे रहे। इंग्लैंड के खिलाफ दो एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के बाद, श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलांका आठ स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। आयरलैंड के हैरी टेक्टर 713 अंकों के साथ सातवें स्थान पर और वेस्टइंडीज के शाई होप 672 अंक के साथ दसवें स्थान पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में श्रीलंका के महीश तीक्षणा 680 अंकों के साथ टॉप पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अफगानिस्तान के राशिद खान को पीछे छोड़ दिया है। राशिद खान के रेटिंग अंक 679 है। गेंदबाजी रैंकिंग में टॉप-10 में दो भारतीय कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज हैं। कुलदीप को एक स्थान का फायदा हुआ है। वह 652 अंके साथ चौथे स्थान पर तथा मोहम्मद सिराज 624 अंके साथ 10वें स्थान पर बने हुए है। नाम. ीबिया के बर्नार्ड शोल्ज 662 अंके साथ तीसरे, पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी 646 अंके साथ पांचवें, दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज 642 अंके साथ छठे, न्यूजीलैंड के मिशेल सेंटनर 639 अंक के साथ सातवें, न्यूजीलैंड मैट हेनरी 632 अंके साथ आठवें और वेस्टइंडीज के गुडाकेश मोती 632 रेटिंग अंक के साथ नौवें स्थान पर मौजूद हैं।

### शार्दुल ठाकुर काउंटी चैम्पियनशिप में एसेक्स के लिए खेलेंगे

**नागपुर, वार्ता।** भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर काउंटी चैम्पियनशिप के शुरुआती चरण में एसेक्स के लिए खेलेंगे। शार्दुल ने काउंटी में खेलने के लिए एसेक्स के साथ अनुबंध किया है। शार्दुल ठाकुर अप्रैल और मई के दौरान सात मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। वह पहली बार काउंटी किकेट में खेलेंगे। उन्होंने भारत के लिए तीनों प्रारूपों में 100 से अधिक विकेट लिए हैं और आखिरी बार 2023-24 के दक्षिण अफीका दौरे पर खेले थे। घरेलू क्रिकेट में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। मौजूदा रणजी ट्रॉफी में मुंबई को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका रही है। उन्होंने 21-67 की औसत से 34 विकेट लेने के साथ-साथ 400 से अधिक रन बनाए हैं। एसेक्स की टीम के साथ हुए अनुबंध पर ठाकुर ने कहा कि मैं इस गर्मी में एसेक्स से जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। व्यक्तिगत रूप से यह मेरे लिए नए अवसर और चुनौतियां लेकर आएगा, जिससे मैं अपनी प्रतिभा और कौशल को प्रदर्शित कर सकूं। काउंटी क्रिकेट खेलने की मेरी हमेशा से इच्छा थी और मैं खुश हूं कि मैं इस टीम का प्रतिनिधित्व करने जा रहा हूं। एसेक्स के क्रिकेट निदेशक क्रिस सिल्वरवुड ने कहा, ‍हम शार्दुल ठाकुर के साथ करार करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

### एफआईएच हॉकी प्रो लीग में जर्मनी ने भारत को 4-1 से हराया

**भुवनेश्वर, वार्ता।** मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी ने पुरुष एफआईएच हॉकी प्रो लीग के रोमांचक मुकाबले में भारत को 4-1 से हरा दिया। यहां भुवनेश्वर के प्रतिष्ठित कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में जर्मनी के लिए फ्लोरियन स्पर्लिंग ने (सातवें) मिनट, थिएस प्रिंज ने (14वें) मिनट, मिशेल स्टुथॉफ ने (48वें) मिनट और राफेल हार्टकोफ ने (55वें) मिनट में गोल किए। वहीं भारत की ओर से एकमात्र गोल गुरजंत सिंह ने (13वें )मिनट में किया। पहले क्वार्टर में जर्मनी की ओर से फ्लो. रियन स्पर्लिंग ने सातवें मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई।

# प्रियांक के नाबाद शतक से गुजरात की ठोस शुरुआत



**■ प्रियांक पांचाल ने नाबाद 117 रन और आर्य देसाई ने 73 रनों की शानदार पारी खेली**

**अहमदाबाद, वार्ता।** प्रियांक पांचाल (नाबाद 117) की शतकीय और आर्य देसाई (73) की अर्द्धशकीय पारियों की मदद से गुजरात ने रणजी ट्रॉफी के पहले समीफाइनल मुकाबले के तीसरे दिन बुधवार को केरल के खिलाफ ठोस शुरुआत की। इससे पहले आज मोहम्मद अजहरुद्दीन (नाबाद 177) की शतकीय की बदौलत केरल ने 457 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात के लिए प्रियांक पांचाल और आर्य देसाई की सलीम जोड़ी ने टीम को शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 113 रन जोड़े। एनपी बासिल ने शतक की ओर बढ़ रहे आर्य देसाई को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। आर्य देसाई ने 118 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का लगाते हुए (78) रन बनाए। दिन का खेल समाप्त होने के समय गुजरात ने एक विकेट पर 222 रन बना लिए थे। स्टंप के समय प्रियांक पांचाल (नाबाद 117) और मनन हिंगराजिया (नाबाद 30) क्रीज पर मौजूद थे। केरल की ओर से एनपी बासिल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। केरल ने कल के सात विकेट पर 418 रन आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र की शुरुआत में चिंतन गजा ने आदित्य सरवटे (11) को बोल्ड कर केरल को आठवां झटका दिया। इसके बाद एम डी निधीष (पांच) रनआउट हुए। हालांकि इस दौरान मोहम्मद जहरुद्दीन एक छोर थामे खड़े रहे। चिंता गजा ने एनपी बासिल (एक) को आर्य देसाई के हाथों कैच आउट कराकर केरल की पहली पारी का अंत कर दिया। आज केरल ने 39 रन जोड़ कर अपने तीन विकेट गवां दिए। केरल ने अपनी पहली पारी में 187 ओवर में 457 रन बनाए। गुजरात की ओर से अरजान नागवासवाला ने तीन विकेट लिए। चिंतन गजा को दो विकेट मिले।

# बेन कर्रन का शतक, जिम्बाब्वे ने आयरलैंड को नौ विकेट से हराया

**बेन कर्रन ने नाबाद 118 रनों की शतकीय पारी खेलकर टीम को जिताया**

**हरारे, वार्ता।** बेन कर्रन (नाबाद 118) की शतकीय और कप्तान क्रेग एर्विन (नाबाद 69) की अर्द्धशकीय पारियों की बदौलत जिम्बाब्वे ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में 63 गेंदे शेष रहते आयरलैंड को नौ विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ जिम्बाब्वे ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। 241 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे के लिए ब्रायन बेनेट और बेन कर्रन की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 124 रन जोड़े। 20वें ओवर में ग्रेम ह्यूम ने ब्रायन बेनेट (48) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान क्रेग एर्विन ने बेन कर्रन के पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। बेन कर्रन ने 130 गेंदों में 14 चौकों की मदद से (नाबाद 118) रनों की पारी खेली। वही क्रेग एर्विन ने 59 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 69)रन बनाए। जिम्बाब्वे ने 39-3ओवर में 246 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। इससे पहले आज यहां जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही उसने 42 के स्कोर तक अपने दो विकेट गवां दिए। कप्तान पॉल स्टर्लिंग (नौ) और कर्टिस कैमफर (11) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये हैरी टेक्टर ने एंडी बैलबर्नी के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 86 रनों की साझेदारी हुई। 33वें ओवर में वेलिंग्टन मसाकाट्जा एंडी बैलबर्नी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। एंडी बैलबर्नी ने 99 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए (64) रनों की पारी खेली। इसके बाद 39वें ओवर में रिचर्ड एन्गरावा ने हैरी टेक्टर (51) को आउट कर पवेलियन भेज दिया।

# स्पेन की महिला टीम ने भारत को 4-3 से रौंदा



**■ भारतीय टीम की ओर से बलजीत कौर, साक्षी राणा और रुताजा ने दागे गोल**

**भुवनेश्वर, वार्ता।** स्पेन की महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग में भारत को 4-3 से हराया। यहां भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम की ओर से बलजीत कौर ने (19वें) मिनट में, साक्षी राणा ने (38वें) मिनट और रुताजा दादासो पिसल ने (45वें) मिनट में गोल किए। स्पेन की ओर से एस्टेल पेटचैम ने (25वें और 49वें) मिनट, सोफिया रोगोस्की ने (21वें) और कैप्टन लूसिया जिम. ेनेज ने (52वें) मिनट में गोल दागे। पहला क्वार्टर कड़े मुकाबले के बीच गोल राहित रहा। दूसरे क्वार्टर में मैच की शुरुआत हुई, जिसमें छह मिनट के अंतराल में तीन गोल हुए। 21वें मिनट में दीपिका ने बाईं ओर से रिवर्स हिट मारा, जिसे बिना निशान वाले बलजीत ने गोल में पहुंचा कर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय गोल किया। इसके दो मिनट बाद स्पेन ने रोगोस्की के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर लिया। इसके बाद स्पेन की एस्टेल पेटचैम ने 25वें मिनट में गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर के 38वें मिनट में साक्षा राणा ने गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। चौथे क्वार्टर में भारत ने एक और स्पेन ने दो गोल किए। बराबरी का गोल करने की बेताबी में भारत ने मैच के आखिरी चार मिनट तक अपने गोलकीपर के बिना खेला।

### वाटिका बनाम सुदेवा मुकाबला रहा ड्रा



**नई दिल्ली, वार्ता।** डीएसए प्रीमियर लीग में आज यहाँ नेहरू स्टेडियम परिसर में खेले गए रोमांचक मुकाबले में वाटिका एफसी ने सुदेवा एफसी को 1-1 की बराबरी पर रोक कर महत्वपूर्ण अंक झटक लिए। सुदेवा के लिए गोल संखिल डरपोल ने और वाटिका की ओर से जवाबी गोल कुशाग्र कक्कर ने जमाया। दिन के पहले मुकाबले में अंक तालिका में टॉप पर चल रहे सीआई एस एफ ने फिसढी यूनाइटेड भारत एफसी को बमुश्किल 2-1 से हराया। वाटिका के गोल कीपर यश कुलकर्णी औघ सी आई एस एफ के मोहम्मद खालिद को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। सी आई एस एफ के गोल मोहम्मद खालिद और शक्तिनाथ ने किए। पराजित यूनाइटेड भारत का गोल जहां ने किया। वाटिका और सुदेवा के बीच खेला गए मैच में लक्ष्यविहीन खेल ज्यादा हुआ। शुरुआत में दोनों टीमों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा, लेकिन अंतिम तीस मिनट में कुछ बेहतरीन मूव बने, जिन पर दो गोल पड़े। वाटिका के गोली यश की गलती का फायदा उठाते हुए संखिल डरपोल ने 68 वें मिनट में सुदेवा को बढ़त दिलाई।

# मुंबई ने गुजरात को पांच विकेट से दी मात



**वड़ोदरा, वार्ता।** नेट सायबर ब्रंट (दो विकेट/ 57रन) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत मुंबई इंडियंस ने वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पांचवें मुकाबले में 23 गेंदे शेष रहते गुजरात जायंट्स को पांच विकेट से हरा दिया।

गुजरात जायंट्स के 120 के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 22 के स्कोर पर अपना पहला विकेट गवां दिया। हेली मैथ्यूज (17) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद सातवें ओवर में प्रिया मिश्रा ने यास्तिका भाटिया (आठ) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर (चार) रन बनाकर आउट हुई। एमेलिया केर (19) रन बनाकर आउट हुई। नेट सायबर ब्रंट ने 39 गें. दों में 11 चौके लगाते हुए (57) रनों की पारी खेली। संजीवन सजना (10) रन बनाकर नाबाद रही। मुम्बई इंडियंस ने 16-1 ओवर में 122 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। गुजरात की ओर से काश्वी गौतम और प्रिया मिश्रा ने दो- दो विकेट लिए। तनुजा कंवर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने एक के बाद एक अपने चार विकेट 28 के स्कोर पर गवां दिए। बेथ मूनी (एक), लॉरा वुलफार्ट (चार), दयालन हेमलता (नौ) और कप्तान एश्ली गार्डनर (10) रन बनाकर आउट हुई। हरलीन देओल और काश्वी गौतम ने पारी संभालने का प्रयास किया। 12वें ओवर में हैली मैथ्यूज ने काश्वी गौतम (20) को आउटकर मुंबई को पांचवी सफलता दिलाई। डिएंड्रा डॉटिन (सात) रन बनाकर आउट हुई। सिमरन (तीन), तनुजा (13) रन बनाकर आउट हुई।


# 24 फरवरी से 90 परीक्षा केंद्रों पर होंगी बोर्ड परीक्षाएं

## परीक्षा की शुचिता, पवित्रता एवं गरिमा को बनाए रखते हुए नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढ़ंग से संपन्न कराएं: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने परीक्षा की सुरक्षा, पारदर्शिता और नकलविहीन संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

जिलाधिकारी श्री बंसल आज जनमंच सभागार में यूपी बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के संबंध में समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 24 फरवरी से 12 मार्च तक जिले के 90 परीक्षा केंद्रों पर होंगी बोर्ड परीक्षाएं इस वर्ष हाईस्कूल में 37,286 औरज इंटरमीडिएट में 35,287 परीक्षार्थी समेत कुल 72,573 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। नकल रो. कने के लिए कड़े नियम लागू, गड़बड़ी करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई जिलाधिकारी मनीष बंसल ने स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक, 2024 के तहत नकल या



किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने पर कड़ी कार्रवाई होगी। दोषियों पर 1 करोड़ तक का जुर्माना और आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। स्ट्रांग रूम 24 घंटे सीसीटीवी की निगरानी में रहेगा स्टेटिक मजिस्ट्रेट को जिम्मेदारीपूर्ण ढंग से कार्य करने के निर्देश जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों का नियमित निरीक्षण करेंगे छात्राओं की तलाशी महिला शिक्षकों द्वारा ही ली जाएगी।

एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सब-इंस्पेक्टर, आरक्षी एवं महिला आरक्षी की तैनाती की गई है। पुलिस अधिकारी नामित मजिस्ट्रेट्स के साथ लगातार निगरानी रखेंगे।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. अर्चना द्विवेदी, एसपी सिटी व्योम बिंदल, एसपी देहात सागर जैन, डीआईओएस रेखा सुमन सहित सभी जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

# मदरसा तजवीदुल कुरआन में 59 बच्चों की दस्तारबंदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मदरसा तजवीदुल कुरआन के सालाना दस्तार ए फजीलत में 59 बच्चों की दस्तारबंदी की गई।

मौहल्ला काजी स्थित मदरसे में शहर काजी नदीम अख्तर की अध्यक्षता में आयोजित जलसे में हजरत बुढ़िया वाले हाफिज हुसैन मेहमान ए खुसूसी रहे। उन्होंने कहा कि सभी मुसलमान अपने बच्चों को इस्लामी तालीम जरूर दिलाए। शहर काजी नदीम अख्तर ने अपने खिताब में मदरसे की 125 साला तारीख पर रोशनी डाली। मुफ्ती बशीर ने अपने बयान में कुरआन की रोशनी में इंसा. नियत का पैगाम दिया। कारी अम्मार साहब ने सभी बच्चों को कुरआन का आखिरी सबक पढ़ा कर कलाम पाक पूरा कराया।

अंत में हजरत बुढ़िया वालो ने दुआ करा कर जलसे का इख्तेताम



किया। इस मौके पर मास्टर नईम, मास्टर जिया, कारी नफीस, सैयद उसामा, काजी साद, हाफिज नजम और कारी सईद मौजूद रहे।

# उपभोक्ताओं को थमाए बकाया बिल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रदेश सरकार के द्वारा बिजली चोरी रोकने को लेकर चलाए जा रहे वन टाइम सेटलमेंट अभियान के तहत निर्यात निगम विद्युत उपखंड के अवर अभियंता तेजपाल सिंह ने बकायादार विद्युत उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर बकाया बिल सौंप ने के साथ ही जल्दी से जल्दी ओटीएस योजना के अंतर्गत अपने बिल जमा कराने की अपील की।

उन्होंने बिजली चोरी रोकने तथा बकाया विद्युत बिल जमा कराने के लिए अपने उपखंड क्षेत्र से जुड़े कर्मचारियों की अलग-अलग टीमें भी विद्युत उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए भेजी है विदित हो कि प्रदेश सरकार विद्युत उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए ही वन टाइम सेटलमेंट योजना चला रही है ओटीएस योजना 28 फरवरी तक लागू रहेगी इस अवधि से पहले अपने बकाया बिलों का भुगतान ना करने वाले बकायादार विद्युत उपभोक्ताओं के खिलाफ पुलिस रिपोर्ट करने के साथ ही विद्युत कनेक्शन काटने जैसी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## कलेक्ट्रेट में बिना हैलमेट नहीं हो सका दुपहिया वाहनों का प्रवेश

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आदेश जारी किया गया है कि किसी भी सरकारी विभाग के कार्यालय में हेलमेट व गाड़ी में सीट बेल्ट लगाए बिना प्रवेश नहीं किया जा सकेगा।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यह आदेश जारी किए गए हैं। सहारनपुर ट्रैफिक पुलिस के द्वारा आदेशों का पालन करते हुए कलेक्ट्रेट गेट एवं अन्य सरकारी कार्यालयों के मुख्य द्वारों पर सघन चौकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाए किसी को भी प्रवेश नहीं करने दिया गया। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि शासन के आदेश अनुसार दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यह अभियान चलाया गया है।

# मुकम्मल तौर पर हासिल करें इस्लामी तालीम: मौलाना अब्दुस्समी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मौलाना मुफ्ती अब्दुस्समी कासमी ने कहा कि हमें मुकम्मल तौर पर इस्लामी तालीमात अख्तियार करने की जरूरत है।

रसूलपुर कला स्थित मदरसा तालीमुल कुरआन में आयोजित जलसे को सम्बोधित करते हुए मौलाना कासमी ने यह उदगार व्यक्त किये। जामिया मजाहिर उलूम मौलाना मुफ्ती जावेद राना मजाहिरी ने हमारी माओ और बहनों को अपना जीवन बदलने की जरूरत है और हजरत फातिमा जेहरा रजि. की सीरत को अपनाने की जरूरत है। इस मौके पर मौलाना मुफ्ती कौसर सुब्हानी, मौलाना साजिद काशिफी, जामा मस्जिद प्रबन्धक मौलाना फरीद मजा. हिरी, मुफ्ती नासिरूद्दीन, मुफ्ती मेहरबान, मदरसा अनवारूल कुरआन के नाजिम ए तालीमात मौलाना



अतहर, मौलाना अखलाक, मौलाना अब्दुस्सुबहान, कारी मौ. इलियास, मौलना मौ. शकिर अनवर मजाहिरी, कारी बदीउज्जमा असअदी, कारी मौहम्मद अहमद आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व मौलाना कौसर सुब्हानी ने हुफ्फाज की दस्तारबंदी की। मोहत. मिम मौलाना हुसैन अहमद, नाजिम ए तालिमात मुफ्ती सादान कासमी ने सभी मेहमानों का स्वागत किया। संचालन मौलाना अब्दुल मन्नान कासमी ने किया।

# पार्षद अहमद ने बांटा पुष्टाहार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पार्षद अहमद मलिक ने वार्ड 51 के आंगनबाडी केंद्रों पर महिलाओं को पुष्टाहार के पैकेट वितरित कराये।

रायवाला निसार रोड छतरी वाली गली में पार्षद एवं सपा जिला कार्यकारिणी सदस्य अहमद मलिक द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रो पर स्वयं खड़े होकर प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाएं और नवजात शिशु को पुष्टाहार के पैकेट वितरण कराए। उन्होंने बताया कि सरकारी योजना के तहत सभी जरूरतमंद महिलाओं को चने की दाल दलिया तेल व अन्य सामग्री दी गई। इस मौके पर फिरोज खान, शोएब मलिक, फैयाज अंसारी, मुस्तकीम अल्वी मेहरबान गाड़ा, सरफराज मौजूद रहे।

# यूनिक किड्स में बच्चों को दिखाए जादुई करतब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** यूनिक किडस स्कूल में जादूगर सम्राट एन.के.शर्मा ने बच्चो को जादुई करतब दिखाकर उन्हें अंधविश्वास के प्रति जागरुक किया।

भारतीय रेडकास सोसाइटी द्वारा सामाजिक जागरूकता व गरीबों की सहायता एवं अंधविश्वास दूर करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत गोपाल नगर स्थित यूनिक किडस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक एवं स्कूल के संस्थापक व सुरेन्द्र चौहान, प्रधानाचार्या हरसिमरत कौर चौहान, डायरेक्टर मनु चौहान, जादूगर सम्राट एन के शर्मा एवं नन्हे बालक अंगद चौहान ने संयुक्त रूप से किया। तत्पश्चात जादूगर सम्राट एन के शर्मा



ने बताया कि जादू एक मैजिक ट्रिक है, अंधविश्वास के प्रति जागरुकता का माध्यम है। उन्होने कहा कि किसी भी अंधविश्वास पर विश्वास नही करना चाहिए।

स्कूल के संस्थापक सुरेन्द्र चौहान ने कहा कि हमे अंधविश्वास से दूर रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि जैसे रुपये डबल करने की बात करना हमारा भ्रम है जो केवल हाथ की सफाई के अलावा कुछ भी नहीं है। उन्होंने बच्चों से स्वयं जागरूक रहने के साथ अपने अभिभावकों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। सोनीपत से आए जादूगर सम्राट एन.के. शर्मा ने छड़ी से फूल बनाना, रुमाल से फूल बनाना, हाथ से कोई भी वस्तु गायब करना, न्यूज पेपर के अन्दर से अनेक वस्तु गिलास, नोट, फूल आदि निकालना, कागज जलाकर उसकी छड़ी बना देना, गेंद गायव कर तिरंगा बनाने के करतब दिखाए। बच्चों ने खूब लुत्फ उठाया एवं हर जादू पर जमकर तालियां बजाईं।

इस दौरान चेतना भूटानी, आकांक्षा गेरा, दीपिका बजाज, पलक रहेजा, रीना देवी, कनिका टुटेजा, रितिका पाहुजा आदि सहित बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

# अब्दुल गफूर को अपने साथ प्लेन में लेकर गए अखिलेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव अपने साथ वरिष्ठ नेता चौधरी अब्दुल गफूर को प्राइवेट जेट में अपने साथ लखनऊ ले गये। जिससे सियासी चर्चाएं शुरू हो गई।

विगत दिवस मंगलवार को सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव नगर में चौ. रूद्रसेन की बेटी के शादी समारोह में शिरकत करने पहुंचे थे। शादी समारोह के बाद वह यहां के नेताओं से भी मिले और उसके बाद लखनऊ जाते समय वरिष्ठ सपा नेता व देहात विधान सभा सीट से वर्षो से प्रत्याशी बनाये जाने की मांग कर रहे चौ. अब्दुल गफूर को प्राइवेट जेट में अपने साथ ले गये। जिसके कई सियासी मतलब निकाले जा रहे है।

# संगीतमयी सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री बालाजी धाम के 17 वे वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष में संगीतमाय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

श्री बालाजी धाम के संस्थापक अतुल जोशी महाराज के सानिध्य में विश्वविख्यात पंडित अजय याज्ञनिक ने सुंदरकांड पाठ का गायन किया। सुंदरकांड से पूर्व प्रात: काल में श्री बालाजी धाम में श्री बालाजी महाराज के स्वरूप के सामने सहस्रचारन किया गया। सहस्रच. रन आचार्य अमित भारद्वाज, आचार्य मो. हित, आचार्य शुभम, मंत्री आचार्य शुभम कौशिक, अचार्य सार्थक जोशी, आचार्य शांतनु जोशी ने संपन्न कराया। सहस्रचारन विशेष रूप से अतुल जोशी महाराज के सानिध्य में पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, कमल प्रकाश शर्मा, अनसूया जोशी, पवन राठौड़, उमेश जोशी, रमेश जोशी द्वारा किया गया।

सायं कालीन सत्र में पंडित अजय याज्ञनिक के श्रीमुख से सुंदरकांड पाठ में भजन का श्रवण भक्तों द्वारा किया गया।

## चोरी का लगाया आरोप

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर निवासी एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ दीवार फांदकर घर में घुसकर चोरी करने व आग लगाने का कथित आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

धर्मेंद्र पुत्र श्रीराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि वह फोटोग्राफी के लिए बाहर गया हुआ था। पत्नी अपने मायके गई हुई थी। गत रात किसी समय दीवार फांदकर घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने वहाँ रखी अलमारी से करीब एक लाख रुपए के जेवरात व पांच हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली। चोरो ने उसके घर में आग लगा दी जिससे इनवर्टर, बैटरा, बेड व कपड़े आदि जलकर राख हो गए हैं। जब सुबह वह घर आया तो उसे घटना का पता चला। पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर थानाध्यक्ष ज्ञानेश्वर बौद्ध ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत होता है।

# संगठन को मजबूती दें कार्यकर्ता: राहुल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन बेदी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल बेदी ने नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने पर जोर दिया।

आज कोर्ट रोड स्थित एक रेस्तरां में राहुल बेदी ने कहा कि बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर और मान्यवर कांशीराम की विचारधारा और उनके मिशन को आगे बढाने के लिये सौरभ मिश्रा को राष्ट्रीय अध्यक्ष एससीएसटी प्रकोष्ठ बनाया गया है। इसके अलावा विशाल सिंह शक्करवाल को राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया गया। उन्होंने कहा कि सौरभ और विशाल संगठन को पहले से अधिक मजबूती प्रदान करेंगे।

इस दौरान राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राव इम्तियाज उर्फ पप्पू पुंडीर, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि जैद गौर, राहुल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष रियाज राणा, जिलाध्यक्ष अंकुर बर्मन, मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष संसार चौधरी, भानू राणा, संजय, दाताराम चौहान, कार्तिक, अनुज शर्मा, सलमान साबरी, मोहसिन,



मुजाहिर, माधोराम तोमर, सुनीता, गीता व रूबी आदि मौजूद रहे।

# एथेलेटिक्स की 15 सदस्यीय जिला टीम का चयन

**सहारनपुर।** राज्य एथलेटिक्स प्रतियोगिता हेतु 5 बालिकाओं सहित 15 सदस्यीय जिला टीम का चयन किया गया।

गौरतलब है कि 20वीं उत्तर प्रदेश राज्य यूथ एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 1 व 2 मार्च को उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के तत्वाधान मे लखनऊ के गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज मे किया जाएगा। इस राज्य प्रतियोगिता मे भाग लेने हेतु जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वाधान मे आज स्पोर्ट्स स्टेडियम पर जिला एथलेटिक्स प्रशिक्षक लाल धर्मेंद्र प्रताप के निर्देशन में जिला एथलेटिक्स टीम चयन हेतु बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों में चयनित खिलाड़ियों में बालिका वर्ग में रिया चौधरी 100 मीटर, बाधा दौड़ और ऊंची खुद, वंशिका कश्यप एक हजार मीटर, विशु चौधरी एक हजार मीटर, दिव्या सैनी लंबी कूद, कनक देवी भाला फेंक में चयनित की गई। इसके अलावा बालक वर्ग में आकाश व भानू 110 मीटर बाधा दौड़, जेनिथ 100 और 200 मीटर, अर्णव शर्मा 100 मीटर, लैविश सैनी 200 और 400 मीटर, सतनाम शेरवाल 400 मीटर, शोएब इरशाद व अंशुल कुमार एक हजार मीटर, विशेष कुमार चक्का फेंक, बादल गोला फेंक चयनित किए गए। चयनित खिलाड़ियों को ओलंपिक संघ अध्यक्ष पूर्व राज्य मंत्री संजय गर्ग, जिला एथलेटिक्स संघ अध्यक्ष सुषमा बजाज, प्रोफेसर संदीप गुप्ता, जूली पुंडीर, मुस्तकीम अंसारी, भूपेंद्र सिंह , गौरव चौहान, पोपिन कुमार, मनोज कश्यप, फरमान अली, अनिल भाटी , अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, ब्रजेश कुमार, सुप्रिया रानी आदि ने भदाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।

# बच्चों को दें तालीम का तोहफा: मौलाना हबीबुल्लाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** शेखुल हदीस हजरत मौलाना हबीबुल्लाह कासमी ने कहा कि बच्चों को अच्छी देने से बढ़कर उनके लिए कोई तोहफा नहीं हो सकता।क्योंकि तालीम उनके मुस्तकबिल को बनाती है।

ईदगाह रोड स्थित मदरसा असदिया में मुसाबका चहल हदीस का आयोजन किया गया।जिसमें विभिन्न मदरसों के बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।उलेमा ए दीन की टीम ने बच्चों को योग्यता के आधार पर नम्बर दिए।मुसाबका में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र, मैडल व नकद पुरुस्कार दिया गया।

शेखुल हदीस हजरत मौलाना हबीबुल्लाह कासमी ने कहा कि माँ बाप को अपने बच्चों को सबसे कीमती तोहफे के तौर अच्छी से



अच्छी तालीम दिलानी चाहिए।क्योंकि तालीम बच्चे की जिंदगी संवारती है।मौलाना असलम काशफी,मौलाना असलम काशफी, मौलाना अमीर अहमद नदवी, मौलाना शमशीर कासमी ने कहा कि ने इस तरह के प्रोग्राम से बच्चों में आगे बढ़ने का हौसला पैदा होता है।उन्होंने कहा कि अहादीस को याद करना और उन पर अमल करना चाहिए।आबिद हसन ने कहा कि प्रतियोगिताओं से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है।

हजरत मौलाना आसिफ नदवी व मदरसा प्रबंधक नासिक नजमी ने कहा कि हम समय समय पर ऐसे प्रोग्राम कराए जाते हैं ताकि बच्चों को शैक्षिक व सामाजिक विकास हो।कार्यक्रम में हिफ्ज करने वाले बच्चों की दस्तारबंदी की गई।कार्यक्रम का संचालन मौलाना आसिफ नदवी ने किया।

इस दौरान मौलाना असद मियाँ, मौलाना सरफराज मजा. हिरी,कारी सलमान, हाफिज मुजम्मिल, शाहिद राव,अब्दुल कादिर राणा, नसीम आजाद, आफताब लाला,काजी अब्दुल बासित, शहजाद सलमानी, मलिक परवाना, नसीर अहमद,शहजाद सलमानी, हाफिज शादाब, हाफिज मुजम्मिल, आरिफ तन्हा,हाजी अनीस राय, कारी मुर्तजा,हाफिज जमशेद, हाफिज इनाम, मौलाना कमर,मौलाना असद नदवी,डॉ जफर सादिक, आस मोहम्मद सैफी आदि काफी लोग मौजूद रहे।

# बहन के ससुरालियों पर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव नगली महनाज निवासी एक युवक ने अपनी बहन के ससुरालीजनों पर घर आकर उसकी बहन के साथ मारपीट करने का कथित आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है ।

मिली जानकारी के मुताबिक रसबिन पुत्र राकेश ने पुलिस को बताया कि गत वर्ष फरवरी माह में उसने अपनी बहन प्रीति की शादी रुड़की के थाना गंगनहर के कृष्णा नगर निवासी अक्षय के साथ की थी। शादी के कुछ समय बाद उसकी बहन का पति नशे की लत के चलते एवं उसके ससुरालीजन दहेज कम लाने को लेकर आए दिन बिना किसी कारण के उसके साथ मारपीट करते थे। गत 12 जनवरी को उसकी बहन के साथ मारपीट करके घर से निकाल दिया था और तभी से वह मायके में रह रही थी। गत 17 फरवरी को मेरी बहन ने थाना गंगनहर रूडकी में अपने ससुरालीजनों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की थी। बुधवार सुबह तहरीर देने से नाराज उसका जीजा, बहन का ननदोई तथा एक अन्य अज्ञात व्यक्ति उसके घर आकर उसकी बहन से बच्ची को छिनते हुए मारपीट करने लगे। शोर शराबा होने पर मोहल्ले वालों को आता देख वह तीनों उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेश्वर बौद्ध ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

गुरुवार, 20 फरवरी 2025

## सीईओ बनाम सीजेआई

केंद्र सरकार और विपक्ष खास तौर पर कांग्रेस के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर जारी राजनीतिक रस्साकसी के बीच सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई स्थगित कर दी है, जिसमें चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया था। हालांकि नवनियुक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डा.विवेक जोशी ने बुधवार को यहां अपना कार्यभार संभाल लिया है। बताते चलें कि सरकार दिसम्बर 2023 के अपने उस कानून द्वारा तय प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ी है, जो अभी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती का सामना कर रहा है। पिछले हफ्ते, शीर्ष अदालत ने सुनवाई 19 फरवरी तक टालते हुए टिप्पणी की थी कि अगर इस अंतराल में कुछ घटित होता है, तो वह अधिनियम की वैधता पर बाद में आने वाले निर्णय के परिणामों का सामना करेगा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अनुरोध की अनदेखी करते हुए, पैनल ने ज्ञानेश कुमार को बतौर सीईसी पदोन्नत किया और विवेक जोशी को तीसरे सदस्य के रूप में शामिल किया। सीईसी राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति के बाद यह कदम उठाया गया। सवाल है कि क्या 2023 का अधिनियम साल 2022 के संविधान पीठ के उस निर्णय के खिलाफ जाता है, जिसने भारत के चुनाव आयोग का नेतृत्व करने वाले व्यक्तियों के चयन के लिए एक कमेटी बनायी थी, जिसमें प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) शामिल थे। हालांकि, अधिनियम कमेटी में सीजेआई की जगह एक केंद्रीय मंत्री को शामिल करता है। सरकार की दलील है कि सुप्रीम कोर्ट का पैनल संविधान की जरूरत के मुताबिक संसद द्वारा अपना कानून बनाए जाने तक केवल एक तदर्थ उपाय था। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि 2022 के फैसले का सार यह है कि नियुक्ति प्रक्रिया को कार्यपालिकीय दखलअंदाजी से बेअसर रहना चाहिए, ताकि उसका कामकाज सही मायनों में स्वतंत्र रहे। क्या सीजेआई को चयन कमेटी का हिस्सा होना चाहिए, यह बहस का विषय हो सकता है, लेकिन, इसमें कोई संदेह नहीं कि कार्यपालिका में निहित 2-1 का बहुमत किसी भी चयन को आसानी से इस आलोचना की जद में ले आता है कि इस ढंग से चुने गए लोगों को स्वतंत्र नहीं समझा जाएगा। भाजपा की अगुवाई वाली सरकार अदालती सुनवाई चलने के दरम्यान नियुक्तियां करती रही है। सुप्रीम कोर्ट समय रहते दखल देने से इन्कार करता रहा है, जिससे ऐसी नियुक्तियां एक संपन्न-हो-चुका कार्य बन रही हैं। सरकार ने साल 2022 में, संविधान पीठ की सुनवाई के दरम्यान, अरुण गोयल को बतौर चुनाव आयुक्त (ईसी) नियुक्त किया था। और, आम चुनाव से पहले मार्च 2024 में, उसने दो ईसी नियुक्त किए थे, इस्तीफा देने वाले गोयल और सेवानिवृत्त हुए एक अन्य ईसी की जगह लेने के लिए। शायद ही कोई इससे असहमत होगा कि एक निर्भीक और पूर्ण स्वतंत्र संस्था के रूप में ईसीआई को लेकर लोक धारणा में गिरावट आती जा रही है, अगर चाहते हैं कि चुनावों को केवल विजेताओं के समर्थक नहीं, बल्कि समस्त मतदाता स्वतंत्र और निष्पक्ष मानें, तो सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में अब और देर नहीं करनी चाहिए। उसे इस सवाल पर निर्णय देना होगा कि क्या उपरोक्त कानून द्वारा तय प्रक्रिया ईसीआई के सदस्यों के लिए संविधान पीठ के फैसले में परिकल्पित स्वतंत्रता का स्तर सुनिश्चित करने में विफल है।

## ट्रम्प का फरमान जीएसटी के लिए भी चुनौती



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नई कर नीति देश की संप्रभुता के लिए खतनाक है, यह जीएसटी के लिए भी चुनौती बन गई है, इसलिए सरकार को जल्द इससे निपटने के उपाय करने चाहिए, डोनाल्ड ट्रम्प की पारस्परिक शुल्क लगाने की बात बहुत चिंताजनक है और उनका यह फरमान जीएसटी की अवधारणा को भी चुनौती देने के साथ ही यह हमारी राष्ट्रीय संप्रभुता पर भी सवाल उठाता है, कांग्रेस लंबे समय से जीएसटी 2-0 की मांग कर रही है, जो जीएसटी को वास्तव में एक अच्छा और सरल टैक्स बनाएगा, जैसा कि इसे मूल रूप से बनाया गया था, कांग्रेस ने न्यूनतम दरों और व्यापक रूप से संशोधित अनुपालन नियमों की मांग की है, अब राष्ट्रपति ट्रम्प जीएसटी के अस्तित्व पर ही खतरा पैदा कर रहे हैं।

**जयराम रमेश**
**प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

## स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एक मजबूत विपक्ष जरूरी



**प्रियंका सौरभ**

इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि विपक्ष एक आवश्यक प्रहरी है जो एक समृद्ध लोकतंत्र में सरकार की शक्ति पर नियंत्रण और संतुलन सुनिश्चित करता है। यह विभिन्न दृष्टिकोणों को व्यक्त करने, समाज के विभिन्न पहलुओं का प्रतिनिधित्व करने तथा सरकार को उसके कार्यों के लिए जवाबदेह बनाने के लिए आवश्यक है। सहिष्णुता, वास्तविक राजनीतिक विरोध, तथा विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने की नागरिकों की क्षमता में विश्वास, ये सभी लोकतंत्र के लिए पूर्वापेक्षाएं हैं। एक कमजोर और बिखरा हुआ विपक्ष चुपचाप खड़ा रह सकता है और बहुमत वाली पार्टी की तानाशाही और मनमर्जी को तानाशाही स्थापित करने की इजाजत दे सकता है।

यद्यपि सरकार के सुचारू संचालन के लिए एक स्वस्थ विपक्ष आवश्यक है, ताकि कभी-कभार होने वाली ज्यादतियों का प्रतिकार किया जा सके और अवरोधों को रोका जा सके, किन्तु विपक्ष की अनुपस्थिति समग्र रूप से लोगों की स्वतंत्रता और जीवन को खतरे में डाल देगी तथा कानून के शासन को भी ख़तरा पहुंचाएगी। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर रचनात्मक रूप से काम करना होगा। लेकिन भारत में संसदीय बहसों में बढ़ते ध्रुवीकरण, बार-बार व्यवधान तथा गहन चर्चाओं पर बयानबाजी के प्रभुत्व के कारण विधायी विचार-विमर्श की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है। अपर्याप्त नीतिगत चर्चा सरकार और विपक्ष के बीच वास्तविक बातचीत में बाधा डालती है। पक्षपातपूर्ण मुद्दों का उपयोग अक्सर उन महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के लिए किया जाता है, जिनके लिए व्यापक राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता होती है, जैसे विदेश नीति और तकनीकी विकास।

संसदीय चर्चाओं की प्रभावशीलता तब कम हो जाती है जब राजनीतिक दुश्मनी के कारण चर्चा के बजाय अशांति पैदा होती है। सरकार का विधायी एजेंडा और विपक्ष के साथ सार्थक तरीके से बातचीत करने की अनिच्छा यह दर्शाती है कि वह अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। संसदीय प्रक्रियाओं द्वारा चर्चा और नीति सुधार को सुगम बनाया जाना चाहिए, लेकिन बढ़ती पक्षपातपूर्णता ने इन प्रक्रियाओं को कमजोर कर दिया है। महत्त्वपूर्ण नीतियों पर पूर्व-विधान परामर्श और चर्चाएं अधिक प्रयास से नहीं हो पा रही हैं। सरकार को नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए एक मजबूत विपक्ष की आवश्यकता है। इस बात को समझते हुए, अमेरिकी संस्थापकों ने सरकार के कई स्तर स्थापित किए। वे बड़ी सरकार को लेकर बहुत सतर्क थे, यही कारण है कि उन्हें लगता था कि इसे चलाना कठिन और जटिल है। वे अन्य सदस्यों द्वारा कानून पारित होने से रोकने के लिए वैध लेकिन अनैतिक साधनों के प्रयोग से अनभिज्ञ थे। 'विधेयक पर बात-चीत करते हुए उसे समाप्त कर देना' या 'विधेयक पर बात न करना' का तात्पर्य अनावश्यक भाषणबाजी और समय की बर्बादी से है जिसका उद्देश्य किसी सार्थक विधेयक या कानून को वास्तव में पारित होने से रोकना होता है। विपक्ष सरकार में तोड़फोड़ कर सकता है और कानूनों को पारित होने से रोक सकता है, जिससे वे अप्रभावी हो जाएंगे। मजबूत विपक्ष के अभाव में वर्तमान सरकार निरंकुश और गैर-जवाबदेह हो जाती है और वह ऐसे कानून बना सकती है जो कुछ लोगों या किसी विशिष्ट जनजाति या समूह को लाभ पहुंचाते हैं। जैसा कि कहा गया है, 'सत्ता भ्रष्ट करती है' और खेद की बात है कि ऐसा होता भी है। अतीत के कथित 'परोपकारी' राजा वास्तव में अधिकार के पदों पर नहीं थे। 1960 के दशक में पहली बार नाइजीरियाई सैन्य अधिग्रहण से पहले, देश में मजबूत विपक्ष था। हालांकि, फूट डालो और राज करो की रणनीति, तथा देशद्रोह के आरोप में नेता को जेल में डालकर इसे कुचलने में सफल रहे। परिणामस्वरूप, लोगों ने उन सभी लोगों को मार डाला जिन्हें वे भ्रष्ट मानते थे, क्योंकि उन्हें लगा कि उनकी शिकायतों पर सुनवाई नहीं हो रही है और सरकार गैर-जवाबदेह और भ्रष्ट हो गई है। इसके परिणामस्वरूप तख्तापलट हुआ। मुख्यत: एक विशिष्ट जनजाति से सम्बंधित राजनेताओं की हत्या के बाद गृहयुद्ध छिड़ गया। भले ही नेता को यह विश्वास हो कि वह लोगों के सर्वोत्तम हित में कार्य कर रहा है, लेकिन यदि मामले में उनकी कोई बात नहीं सुनी जाएगी तो लोग उत्पीड़ित महसूस करेंगे। किसी वर्तमान या भूतपूर्व नेता द्वारा जनता के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करने तथा अपने कार्यों के लिए उत्तरदाई ठहराए जाने की क्षमता अद्भुत है। सभी तानाशाह प्रेस में किसी भी प्रकार की असहमति को दबाने से शुरुआत करते हैं, जो एक अन्य महत्त्वपूर्ण तत्व है। इसके बाद उन्हें गैर-सरकारी संगठनों पर हमला करने का अवसर मिलता है। राजनीतिक बयानबाजी के बजाय नीति पर जोर देना संसदीय कार्यप्रणाली में सुधार का एक तरीका है। संसदीय चर्चाओं में पुराने जमाने के दोषारा.पण या चुनाव प्रचार की तुलना में शासन सम्बंधी मुद्दों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

> **लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर रचनात्मक रूप से काम करना होगा लेकिन भारत में संसदीय बहसों में बढ़ते ध्रुवीकरण, बार-बार व्यवधान तथा गहन चर्चाओं पर बयानबाजी के प्रभुत्व के कारण विधायी विचार-विमर्श की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है, अपर्याप्त नीतिगत चर्चा सरकार व विपक्ष के बीच वास्तविक बातचीत में बाधा डालती है**

विपक्ष और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच लगातार, संगठित संपर्क से मुद्दा-आधारित संवाद को बढ़ावा मिल सकता है और टकराव से बचने में मदद मिल सकती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि नीतिगत चर्चाएं फलदाई बनी रहें, संसदीय समितियों जैसे तंत्रों को मजबूत किया जाना चाहिए। तात्कालिक राष्ट्रीय मुद्दों पर नियमित चर्चा के माध्यम से सरकार की कार्यवाही को स्पष्ट करना कुछ ऐसा है जो प्रधानमंत्री और अन्य महत्त्वपूर्ण मंत्रियों को करना चाहिए। प्रश्नक.ाल और संगठित नीतिगत चर्चा जैसे मंचों को पुनर्जीवित करके जवाबदेही की गारंटी देना संभव है। राजनीतिक विभाजन पैदा करने के बजाय, विदेश नीति, विकास और आर्थिक परिवर्तन को दलीय मुद्दों के रूप में देखा जाना चाहिए, जिन पर दीर्घकालिक आम सहमति की आवश्यकता है। चर्चाओं के लिए अधिक कठोर नियम और नैतिक मानदंड स्थापित करके संसदीय व्यवधानों को कम किया जाना चाहिए। शिष्टाचार बनाए रखने और न्यायसंगत भागीदारी की गारंटी देने में अध्यक्ष और संसदीय समितियों की भूमिका को बढ़ाना आवश्यक है। रचनात्मक आलोचना विपक्षी दल की भूमिका होनी चाहिए। विपक्ष के कारण मुद्दों और विधेयकों पर अधिक बहस और चर्चा होती है, अन्यथा, उन्हें बिना किसी चर्चा या दूसरों की जरूरतों पर विचार किए पारित कर दिया जाएगा, जो लोकतंत्र के लिए घातक होगा और इसे निरंकुशता में बदल सकता है। किसी महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर, विपक्षी पार्टी ही युद्ध के लिए उतरेगी। प्रभावी शासन के लिए सरकार और विपक्ष के बीच रचनात्मक सहयोग की आवश्यकता होती है। चूंकि सरकार ही मुख्य प्रभारी निकाय है, इसलिए यह उसका कर्तव्य है कि वह किसी समझौते पर पहुंचने के प्रयासों का नेतृत्व करे तथा यह सुनिश्चित करे कि संसद में चर्चा राजनीतिक दरार को बढ़ाने के बजाय भारत की समस्याओं के समाधान पर केंद्रित हो। किसी लोकतंत्र में विपक्ष की सक्रियता और ताकत अक्सर उसके स्वास्थ्य का सूचक होती है। भारत में विपक्ष को मजबूत करने के लिए सिर्फ़ राजनीतिक दलों को ही नहीं, बल्कि समग्र लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करना होगा।

## एवोकाडो को डाइट में करें शामिल कम होगा हार्ट डिजीज का खतरा

एवोकाडो को एक सुपरफूड माना जाता है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। एवोकाडो आपकी ओवर ऑल हेल्थ का ख्याल रखते हैं, तो यह आपकी सेहत को काफी फायदा पहुंचाता है। लेकिन दिल के लिए एवोकाडो काफी लाभकारी माना जाता है। एवोकाडो में गुड फैट और पोटेशियम से भरपूर होने के कारण यह कोलेस्ट्रॉल को मैनेज करने में सहायता करता है। इसके साथ ही इसमें विटामिन ई जैसे एंटी-ऑक्सीडेंट भी मौजूद होते हैं। जिससे यह सूजन से लड़ने और दिल को नुकसान से बचाने में सहायता करता है। आमतौर पर हम सभी एवोकाडो को स्प्रेड के रूप में टोस्ट पर लगाना पसंद करते हैं।

हालांकि इसको अन्य तरीकों से भी खाया जा सकता है। आप इसको सलाद या फिर स्मूदी के तौर पर भी खा सकते हैं। यह दिल का ख्याल रखने का अच्छा तरीका है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि एवोकाडो आपकी हार्ट हेल्थ का ख्याल किस तरह रखते हैं।

### कम होगा बैड कॉलेस्ट्रॉल...

**हार्ट** से जुड़ी कई बीमारियों की जड़ शरीर में मौजूद बैड कोलेस्ट्रॉल होता है। अगर आप इसको नेचुरली तरीके से कम करना चाहते हैं, तो आपको एवोकाडो को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना चाहिए। एवोकाडो मोनोअनसैचुरेटेड फैट से भरपूर होता है और शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने के साथ गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ाने में सहायता करते हैं। एवोकाडो खाने से बैड कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स को कम किया जा सकता है। इससे हार्ट डिजीज का रिस्क भी काफी कम होता है।

### पोटेशियम से भरपूर...

हार्ट हेल्थ के लिए एवोकाडो को इसलिए भी फायदेमंद माना गया है, क्योंकि इसमें पोटेशियम का भरपूर मात्रा में पाया जाता है। हालांकि इस बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है कि केले से ज्यादा पोटेशियम एवोकाडो में पाया जाता है। आपके शरीर से सोडियम के लेवल को बैलेंस करता है और जिससे ब्लड वेसल्स पर दबाव कम होता है। इससे हार्ट हेल्थ को भी फायदा मिलता है।

### फाइबर से भरपूर...

बता दें कि एवोकाडो में फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। फाइबर सिर्फ आपके पाचन तंत्र का ख्याल नहीं रखता है, बल्कि यह हार्ट हेल्थ भी काफी अच्छा माना जाता है। एक एवोकाडो में सिर्फ 10 ग्राम फाइबर पाया जाता है। जिससे ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल लेवल मैनेज होता है।

**हेल्थ टिप्स**

### ब्लड फ्लो होगा बेहतर...

अगर आप एवोकाडो को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं, तो इससे शरीर में ब्लड फ्लो पर बेहतर असर पड़ता है। दरअसल, एवोकाडो में हेल्दी फैट्स पाए जाते हैं, जो ब्लड वेसल्स को अधिक फ्लेक्सिबल बनाते हैं। साथ ही ब्लॉकेज के रिस्क को भी कम करते हैं और यह हार्ट हेल्थ के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है।



## बढ़ते तापमान से अदृश्य स्वास्थ्य संकट



2024 अब तक का सबसे गर्म वर्ष साबित हुआ, जिसमें वैश्विक तापमान औद्योगिक-पूर्व स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा पार कर चुका है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को अनदेखा करना मुश्किल हो गया है। इसमें लू लगने से मृत्यु जैसे तुरंत दिखने वाले प्रभावों का तो पता चल जाता है लेकिन दीर्घकालिक संचयी नुकसान पर कम ही ध्यान दिया जाता है। जलवायु में हो रहे तेजी से बदलाव को देखते हुए इस मुद्दे पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है।

**स्रोत फीसर्च**

लंबे समय तक ग्रीष्म लहर और सूखे के प्रभाव से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। बार-बार डीहाइड्रेशन (निर्जलन) और इलेक्ट्रोलाइट असंत.ुलन से किडनी की जीर्ण बीमारियां हो सकती है। लगातार गर्म रातों के कारण नींद की कमी से मान.सिक क्षमता घटती है, रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजा.ेर होती है और शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। यह खतरा गर्भ में पल रहे बच्चों को भी हो सकता है। गर्भावस्था के दौरान ग्रीष्म लहर जैसी पर्यावरणीय चुनौतियां गर्भस्थ शिशु के विकास को प्रभावित कर सकती हैं और लंबे समय के उनके स्वास्थ्य पर असर डाल सकती हैं। देखा जाए तो, जलवायु परिवर्तन के दबाव जीन अभिव्यक्ति तक को प्रभावित कर सकते हैं। शोध बताते हैं कि जो बच्चे गर्भ में गर्म और शुष्क परिस्थितियों के संपर्क में आते हैं, उनमें वयस्क होने पर उच्च रक्तचाप की संभावना अधिक होती है। कुल मिलाकर, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव गहरे और दूरगामी हो सकते हैं।

इन खतरों के बावजूद, वर्तमान जलवायु आकलन स्वास्थ्य पर पूरे प्रभाव को सही ढंग से मापने में असफल रहे हैं। वास्तव में वर्षों में विकसित होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को मापना मुश्किल होता है। असंगत स्वास्थ्य डैटा के कारण लंबे समय तक स्वास्थ्य जोखिमों को ट्रैक करना काफी जटिल कार्य है। उदाहरण के लिए, हम यह तो समझते हैं कि गर्मी शरीर को कैसे प्रभावित करती है, लेकिन यह अलग-अलग लोगों को दीर्घावधि में किस तरह प्रभावित करती है, इसे ट्रैक करना अब भी एक चुनौती बना हुआ है। इस अंतर को पाटने के लिए, शोधकर्ताओं और जन स्वास्थ्य अधिकारियों को जलवायु प्रभाव से जुड़े अध्ययनों का दायरा बढ़ाना होगा। उपलब्ध साक्ष्य बताते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली बीमारियों और मौतों का बोझ मौजूदा अंदाजों से कहीं अधिक है। इसलिए, बेहतर स्वास्थ्य डैटा और दीर्घकालिक प्रभावों का अध्ययन करना बेहद जरूरी है।

## महाकुंभ: आयोजन का श्रेय बनाम कुप्रबंधन की जिम्मेदारी





**निर्मल रानी**

भारतवर्ष में आयोजित होने वाले सबसे विशाल एवं विराट धार्मिक समागम को 'कुंभ मेला' के नाम से जाना जाता है। यह आयोजन प्रयाग व हरिद्वार में पवित्र गंगा नदी के तट पर, उज्जैन में शिप्रा नदी तथा नासिक में गोदावरी नदी के किनारे किया जाता है। देश दुनिया से आने वाले लाखों श्रद्धालु इन पवित्र नदियों में पौष पूर्णिमा व मकर संक्रान्ति जैसे पावन अवसरों पर स्नान करते हैं। यदि हम आयोजन स्थल की बात करें तो वार्षिक माघ मेला हो या 6 वर्षों के अंतराल में पड़ने वाले अर्ध कुंभ या फिर 12 वर्षों के अंतराल में आयोजित होने वाले पूर्ण कुंभ,सभी आयोजनों के लिए सबसे उपयुक्त, खुला व विशाल स्थान प्रयागराज ही है। यहां गंगा-यमुना तथा संगम के दोनों किनारों पर कई किलोमीटर लंबे खुले स्थान हैं जहां लाखों श्रद्धालु एक ही समय में सुगमता पूर्वक रुक सकते हैं स्नान कर सकते हैं। परन्तु इस बार सरकार द्वारा इस आयोजन को 'महाकुंभ' के रूप में प्रचारित किया गया तथा यह भी बताया गया कि यह 144 वर्षों बाद आयोजित होने वाला 'महाकुंभ' है। हालांकि इस दावे पर उंगलियां उठ रही हैं। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जैसे संत 144 वर्ष बाद के दावे पर यह कहते हुए सवाल उठा रहे हैं कि इससे पहले 2013 व 2001 के कुंभ को भी 144 वर्ष बाद पड़ने वाला महाकुंभ बताया गया था।

इसके अतिरिक्त इस बार का आयोजन जहां श्रद्धालुओं का करोड़ों की संख्या में मेले में आवागमन, विदेशी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में शिरकत, विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति, आधुनिकता, उच्चस्तरीय हाई टेक ठहरने की व्यवस्था जैसी अनेक बातों को लेकर चर्चा में रहा वहीं पहली बार यह देखा गया कि स्वयं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित देश के तमाम विशिष्ट जनों को महाकुंभ में आने का न्योता दिया गया। हालांकि मुख्यमंत्री द्वारा व्यक्तिगत तौर पर लोगों को निमंत्रण देने की कई जगह आलोचना भी हुई। कुछ लोगों का कहना था कि यह धार्मिक आयोजन है इस पर सभी का अधिकार है इसलिए आयोजक के रूप में न्योता देने का कोई अर्थ नहीं है। परन्तु राजनीति के वर्तमान दौर में जबकि बिना कुछ किए ही राजनेता श्रेय लेने को आतुर रहते हैं ऐसे में इतने बड़े आयोजन की भव्यता दिव्यता व सफलता का श्रेय डबल इंजन की सरकारें न लें यह आखिर कैसे हो सकता है।

इस महाकुंभ के व्यापक प्रचार प्रसार की गरज से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' के 117वें एपिसोड में 'महाकुंभ-2025' की विस्तृत चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में बताया था कि किस तरह संगम तट पर मेले की जोरदार तैयारियां चल रही हैं। साथ ही उन्होंने मेले से पूर्व हेलीकाप्टर से पूरा कुम्भ क्षेत्र देखने के अनुभव को सांझा करते हुए कहा कि 'इतना विशाल, इतना सुन्दर, इतनी भव्यता'। मोदी ने कहा कि अगर कम शब्दों में कहें तो 'महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश' और दूसरे तरीके से कहूंगा 'गंगा की अविरल धारा, न बंटे समाज हमारा'। और इसी अपील के साथ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल अपने देश बल्कि पूरे विश्व के श्रद्धालुओं को भी महाकुंभ में आमंत्रित किया। स्वयं मुख्यमंत्री योगी ने दिसम्बर माह में 4 बार महाकुंभ का निरीक्षण किया। इसमें भी कोई संदेह नहीं कि 2019 में आयोजित हुए कुंभ मेले की तुलना में इस बार पूरे महाकुंभ मेला क्षेत्र में लगभग प्रत्येक जनोपयोगी सुविधाओं में व्यापक विस्तार किया गया। जाहिर है भारतीय मीडिया भी काफी पहले से महाकुंभ आयोजन का दिन रात प्रचार कर रहा था। सरकार द्वारा टीवी, समाचारपत्र-पत्रकाओं सहित लगभग सभी प्रचार माधयमों में सैकड़ों करोड़ के विज्ञापन दिए गए थे। हद तो यह है कि बागेश्वर धाम के पंडित धीरेन्द्र शास्त्री सरीखे नाममात्र प्रवचन कर्ताओं द्वारा यह तक कह दिया गया था कि इस महाकुंभ में स्नान न करने वाला देशद्रोही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सरकार द्वारा हजारों की संख्या में विशेष रेलगाड़ियां, बसें, विमान आदि भी चलाए गए। इस तरह के व्यापक प्रचार प्रसार तथा धार्मिक आस्था के घालमेल में करोड़ों लोगों का प्रयागराज में इकट्ठा होना तो स्वभाविक था ही। परन्तु दुर्भाग्यवश इतना विशाल आयोजन प्रयागराज से लेकर दिल्ली तक कुप्रबंधन का शिकार रहा। मेला क्षेत्र में 30 दिन के अंदर अलग अलग क्षेत्रों में पांच बार तो आगजनी की घटनायें घटीं। जबकि पूरे मेला क्षेत्र में 350 से ज्यादा फायर ब्रिगेड, 2000 से अधिक प्रशिक्षित अग्निशामक, 50 अग्निशमन केंद्र और 20 फायर पोस्ट बनाए गए थे साथ ही अखाड़ों और टेंट में अग्नि सुरक्षा उपकरण भी लगाए गए थे। उसके बावजूद यह हादसे पेश आए? इसी तरह कुंभ मेला क्षेत्र में अनेक बार भगदड़ मची। जिसमें दर्जनों लोग अपनी जान से हाथ धो बैठे। अभी भी कई लोगों को अपने खोये परिजनों की तलाश है। पूरा शहर कई दिनों तक जाम की चपेट में रहा। यहां तक कि वी आई पी पास निरस्त करने पड़े और प्रयागराज को 'नो वेहिकिल जोन' तक घोषित करना पड़ा। और आखिरकार श्रद्धालुओं के इस सैलाब ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी भगदड़ का रूप ले लिया। यहां भी 14 महिलाओं व 4 पुरुषों की मौत हो गई।


> **इस बार सरकार द्वारा इस आयोजन को 'महाकुंभ' के रूप में प्रचारित किया गया तथा यह भी बताया कि यह 144 वर्षों बाद आयोजित होने वाला महाकुंभ है**




# योगी-अखिलेश आमने-सामने









# महाकुंभ सरकार का नहीं समाज का है आयोजनः योगी

**बुधवार को लखनऊ में योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र के दौरान अपने भाषण में जबरदस्त तरीके से अखिलेश यादव पर निशाना साधा, जबकि अखिलेश यादव भी कहां पीछे रहने वाले थे। अखिलेश ने भी सीएम योगी को आड़ेहाथों लेते हुए खरी-खोटी सुना डाली।**

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि हम लोग जब यहां पर चर्चा कर रहे हैं तो करोड़ों लोग महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। यह आयोजन किसी सरकार का नहीं है, समाज का है।

सरकार केवल सेवक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है। हमें अपनी जिम्मेदारियों का अहसास है। आयोजन के प्रति तमाम अफवाहों को दरकिनार करते हुए पूरी दुनिया ने इसमें सहभागिता दिखाई है। हमारी संवेदना उन लोगों के साथ है जिनकी भगदड़ में जान गई।

समाजवादी पार्टी पर हमला करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोविड में भी विपक्ष ने उपहास उठाया था। ये लोग वैक्सीन को बीजेपी की वैक्सीन कहा करते थे।

अब कुंभ का विरोध करना इनकी मजबूरी है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले यूपी के लोगों के सामने पहचान का संकट था, लेकिन पिछले 8 सालों में यूपी की छवि बदली है। अब यूपी के लोगों को सम्मान मिलता है। 5 हजार साल पहले भी कुंभ का जिक्र मिलता है पुराणों में।

### अगर यह अपराध है तो हम हैं अपराधीः योगी

यूपी विधानसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर फ्लोर लैंग्वेज विवाद पर बयान दिया। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि हिंदी इस सदन की भाषा है, उसे नहीं हटाया जा रहा है, ना ही किसी भाषा को थोंपा जा रहा है। आप लोग बस उर्दू-उर्दू कर रहे हैं। हमने फ्लोर लैंग्वेज में स्थानीय भाषाओं को ऐड किया है, ताकि ग्रामीण इलाकों से आने वालों को बोलने-समझने में आसानी हो।

### शायरी के साथ किया विपक्ष पर तंज

सीएम योगी ने विधानसभा में विपक्ष से कहा कि ध्यान देना यह उर्दू में नहीं है, यह शायरी हिंदी में है। वैसे भी सपा के संस्कार हैं, हर अच्छी चीज का विरोध करना।

इनका दोहरा चरित्र जग जाहिर है। सीएम ने शायरी पढ़ी-बड़ा हसीन है इनकी जुबान का जादू, लगा के आग बहारों की बात करते हैं। जिन्होंने रात को चुन-चुन के बस्तियों को लूटा वही अब बहारों की बात करते हैं।

सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी के सोशल मीडिया हैंडल की भाषा को लेकर आपत्ति जताई और कहा कि यह किसी सभ्य समाज की भाषा नहीं हो सकती। उन्होंने यह भी कहा कि सपा के नेता अकबर के किले को जानते थे, लेकिन अक्षयवट और सरस्वती कूप के महत्व से अनजान थे। यह इनका सामान्य ज्ञान है महाकुंभ और प्रयागराज को लेकर।

भतीजा गया, चच्चू नहीं जा पाए

सीएम ने तंज कसा कि महाकुंभ में भतीजा तो चला गया, नहा आया लेकिन चच्चू फिर नहीं जा पाए, अरे पाण्डेय जी (माता प्रसाद को) आप लेके जाइए चच्चू को, 2013 मे नहीं गए तो क्या हुआ, 2025 में जाइए। सनातन धर्म के आयोजन में कोई भूखा नहीं रहा, महाकुंभ में जो आया वो भूखा नहीं गया।

प्रयागराज काशी अयोध्या ने अतिथि देवो भवः का प्रमाण प्रस्तुत किया, जो लोग इस पर दुष्प्रचार कर रहे हैं, वो जनता देख रही है,जनता जनार्दन तमाम दुष्प्रचार के बाद मान नहीं रही है।

## योगी सरकार 8 लाख करोड़ रुपये का पेश कर सकती है बजट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार का आम बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए गुरुवार की सुबह विधानसभा में पेश किया जाएगा। इससे पहले इस बजट को अब कैबिनेट में अनुमोदित कराया जाएगा।

जिसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सुबह उनके आवास पर कैबिनेट की मीटिंग आयोजित की जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार इस बार करीब 8 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश करेगी। केंद्रीय बजट के अनुपात में बात की जाए, तो यह करीब 16 फीसदी होगा।

### यूपी से व्यापारी उद्यमी पलायन कर रहेः अखिलेश

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि व्यापारी और उद्यमी पलायन कर रहे हैं। गन्ना का मूल्य तो बढ़ाया नहीं गया। किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भी छुपाया जा रहा है। किसानों की फसल को एमएसपी दरों में खरीद पर चुप्पी साध ली गई है। बिजली महंगी है। बीजेपी की डबल इंजन सरकार की बेईमानी, झूठ और लूट की राजनीति ने प्रदेश को बहुत पीछे कर दिया है। यहां हर आदमी परेशान है। अखिलेश ने कहा कि राज्यपाल महोदय ने बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार पर एक शब्द नहीं कहा।

## जो एक-दो देश गए हों, उनका नजरिया कैसे बड़ा हो सकता हैः अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि दूसरों पर भाषागत प्रहार करके समाज में भेद उत्पन्न करने वालों में अगर क्षमता हो तो यूपी में ऐसे वर्ल्ड क्लास स्कूल विकसित करके दिखाएं कि लोग बच्चों को पढ़ने के लिए बाहर न भेजें, लेकिन इसके लिए विश्व दृष्टिकोण विकसित करना होगा। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आगे लिखा कि जो आज तक आसपास के एक-दो देश ही गए हों, उनका नजरिया कैसे इतना बड़ा हो सकता है कि वो इतना बड़ा काम कर पाएंगे।

**राज्यपाल के अभिभाषण पर भी जताई आपत्ति**

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने जारी एक बयान में राज्य विधान मंडल में राज्यपाल के अभिभाषण को सच्चाई से कोसों दूर बताया है। सपा मुखिया ने कहा कि यह नीरस और निराशाजनक है।

## जब सपा के षड्यंत्र से तंग आकर संसद में रोए थे योगी

### यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर लगाया था साजिश रचने का आरोप

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाकथ एक बार लोकसभा में यूपी पुलिस की बर्बरता का वर्णन करते हुए रो पड़े थे। प्रखर एवं उग्र हिंदुत्व के पोषक माने जाने वाले आक्रामक बीजेपी नेताओं में गिने जाने वाले योगी आदित्यनाथ लोकसभा में जोर-जोर से रोने लगे थे। वर्ष 2006 में लोकसभा में पुलिस की प्रताड़ना का जिक्र करते हुए योगी रोने लगे थे, तब मुलायम सिंह यादव यूपी के सीएम थे।

### वर्ष 2006 का है पूरा मामला

वर्ष 2006 में गोरखपुर से बीजेपी सांसद योगी आदित्यनाथ ने अपनी बात रखने के लिए लोकसभा अध्यक्ष से विशेष अनुमति ली थी। तब पूर्वांचल के कई कस्बों में सां. प्रदायिक हिंसा फैली थी। जब आदित्यनाथ अपनी बात रखने के लिए खड़े हुए तो फूट-फूट कर रोने लगे। कुछ देर तक वे कुछ बोल ही नहीं पाए और जब बोले तो कहा कि उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी की सरकार उनके खिलाफ षड्यंत्र कर रही है और उन्हें जान का खतरा है। योगी ने सपा के खिलाफ साजिश करने और उनके खिलाफ षड्यंत्र रचने के गंभीर आरोप लगाए थे।



## किसको क्या मिल सकता है



- 100 किलोमीटर लंबा यह लिंक एक्सप्रेसवे गंगा एक्सप्रेसवे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ने की घोषणा।
- प्रयागराज और वाराणसी को मिलाकर बनाया जाएगा धार्मिक क्षेत्र। इसमें सात जिलों को शामिल किया जाएगा।
- बौद्ध सर्किट के विकास को दी जाएगी रफ्तार।
- लखनऊ में मेट्रो रेल का विस्तार करने की है तैयारी। कुल 6 कॉरिडोर का होगा निर्माण।
- स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण में युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट देने के लिए बजट के प्रावधान की है तैयारी।
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) को मिलेगा बड़ा बजट।
- प्राइवेट ट्यूबवैल पर मुफ्त बिजली का वादा किया गया था। बजट में इसको मंजूरी मिल सकती है।
- यूपी में अनस्किल्ड श्रमिकों की संख्या करीब 3 करोड़ से ज्यादा है। इनकी और परिवार की मदद के लिए सरकार की ओर से किसी योजना का ऐलान किया जा सकता है।
- यूपी के दसवीं और इंटरमीडिएट स्कूलों में 5 हजार से ज्यादा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की आउटसोर्सिंग से करने का फैसला किया जा सकता है। महिलाओं को भी खास योजना का तोहफा मिल सकता है।










स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज

भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोल. कर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुख्सा।

फोन न0- 9756686426